# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in

बुधवार, 21 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 304

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**मौसम**


| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.9 | 20.9 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 19.0 |
| डालटनगंज | 33.0 | 16.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को **सुगम परिवहन सेवा**




**नि:शुल्क यात्रा**

- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक)
- छात्र/छात्रा
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी
- दिव्यांगजन (40% से अधिक)
- HIV संक्रमित

**योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान**

- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता
- लाभुकों को नये वाहन क्रय पर 5% वार्षिक ब्याज सब्सिडी 05 वर्षों तक
- पथकर - 100% विमुक्त
- परमिट शुल्क, नये वाहन हेतु निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन शुल्क - ₹1 (एक रुपया)
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक / वाहन स्वामी अपने जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं

## झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का

# शुभारम्भ


**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, झारखण्ड



दिनांक: 21 फरवरी, 2024
समय : 12:30 बजे अपराह्न
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## विपक्षी दलों के जनाधार वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं की तैयार हो रही लिस्ट


# झामुमो, कांग्रेस, राजद के विक्षुब्ध और हाशिए में पड़े नेताओं पर भाजपा डाल रही डोरे

सत्य शरण मिश्रा। रांची

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों की जमीन कमजोर कर अपनी जमीन मजबूत करने की रणनीति तैयार की है. इसके तहत भाजपा राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी झामुमो, कांग्रेस और राजद के विक्षुब्ध या हाशिए में पड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर डोरे डाल रही है और मौका देखते ही ऐसे नेताओं अपने पाले में करती जा रही है. इसी रणनीति के तहत पार्टी ने ज्वाइनिंग कमेटी बनाई है. झारखंड में पूर्व सांसद रवींद्र राय ज्वाइनिंग कमेटी के स्टेट संयोजक बनाये गये हैं. सभी जिलों में एक संयोजक और 2-2 सह संयोजक भी बनाए गए हैं. यह सभी पदाधिकारी लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में विपक्षी पार्टियों के जनाधार वाले नेताओं की लिस्ट तैयार कर रहे हैं और फिर संपर्क बढ़ाकर उन्हें भाजपा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है. अपने राजनीतिक करियर को बचाने के लिए ऐसे नेता भाजपा का आमंत्रण स्वीकार कर दल बदलने के लिए तैयार भी रहे हैं. पिछले एक हफ्ते में पूर्व सांसद घूरन राम, ईचागढ़ के पूर्व विधायक मलखान सिंह समेत झामुमो, कांग्रेस और राजद के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता भाजपा में शामिल कराये गये हैं.

### खास बातें

- ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य विपक्षी नेताओं के संपर्क में
- एक हफ्ते में घूरन व मलखान जैसे नेता भाजपा में शामिल हुए



### विपक्षियों की जमीन कमजोर कर अपना कुनबा बढ़ा रही भाजपा

#### हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. पंचायत से पार्लियामेंट स्तर तक के नेताओं को भाजपा में लाने की रणनीति है. चुनावों में जीतने वालों के साथ-साथ हारने वाले नेताओं के वोट बैंक को भी भाजपा अपने पाले में करने की तैयारी कर रही है. नेताओं के साथ-साथ महिला समितियों, सेल्फ हेल्फ ग्रुप, मठों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों और समाज में मजबूत पकड़ने रखने वाले लोगों और संस्थाओं से भाजपा के नेता-कार्यकर्ता संपर्क बढ़ा रहे हैं. भाजपा के गांव चलो अभियान के दौरान पार्टी के सांसद-विधायक और पदाधिकारियों ने गांवों में प्रवास कर रात बितायी थी. इस दौरान इन लोगों ने यह रूपरेखा तैयार की है कि किन लोगों को पार्टी में शामिल किया जा सकता है. उसी रूपरेखा के आधार पर अब पार्टी और लोगों को भाजपा में शामिल कराएगी.

#### बाबूलाल, अमर बाउरी समेत कई नेता टटोल रहे विपक्षी दलों के नेताओं का मन

विपक्षी दलों का बूथ स्तर पर बस्ता उठाने वाला भी कोई न बचे इसी रणनीति के तहत भाजपा आगे बढ़ रही है. कुनबा बढ़ाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी समेत पार्टी के कई नेता दूसरे दलों के नेताओं का मन टटोल रहे हैं. मार्च से झारखंड में सियासी खेल शुरू हो जाएगा. झारखंड में कई और बड़े नेता भाजपा में शामिल कराये जाएंगे. प्रदेश से विधानसभा स्तर तक मिलन समारोह का आयोजन कर नेताओं को भाजपा की सद्स्यता दिलाने की योजना है.

### ब्रीफ खबरें

#### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ कंप्लेंट केस



**रांची।** मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायत वाद (कंप्लेंट केस) दर्ज करवाई है. यह शिकायत वाद रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीजेएम की अदालत में दर्ज कराया गया है. शिकायतवाद में कहा गया है कि ईडी के द्वारा लगातार समन देने के बाद भी हेमंत सोरेन ने उस आदेश का अनुपालन नहीं किया. ईडी ने 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज कराई थी. इसके साथ पीएमएलए एक्ट के तहत केस भी शिकायतवाद में दर्ज करवाया है.

#### कैबिनेट बैठक कल, कई एजेंडे को मिलेगी मंजूरी

**रांची।** चंपाई सरकार की कैबिनेट की बैठक गुरुवार 23 फरवरी को होगी. इसमें एक दर्जन से अधिक एजेंडों को मंजूरी मिल सकती है. इससे पहले चंपाई सरकार की दो कैबिनेट की बैठक हो चुकी है. पहली बैठक में तीन और दूसरी बैठक में 25 एजेंडों को स्वीकृति मिली थी. यह तीसरी बैठक होगी. बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी. यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है.

#### राजेश डुंगडुंग आईओएल में किए गए प्रतिनियुक्त

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर राजेश डुंगडुंग को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड में प्रतिनियुक्त किया गया है. कार्मिक ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है अंचल पदाधिकारी, गोइलकेरा, पश्चिम सिंहभूम राजेश डुंगडुंग को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड हजारीबाग- रांची एनजी पाइपलाइन परियोजना के सक्षम प्राधिकार के पद पर नियुक्त व पदस्थापित किया है.

## जेबीवीएनएल का एक्सीलेंट परफॉरमेंस

# कर्मचारी और प्रशासनिक खर्च में 11.06 करोड़ रुपये की कमी

रवि भारती। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम दिन ब दिन अपनी व्यवस्थाओं में सुधार कर रहा है. कर्मचारी खर्च में निगम को दक्षता के साथ कार्यशील बनाया जा रहा है. इसके लिए दक्षता विकास कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं. निगम के अनुसार दक्षता विकास कार्यक्रम के दूरगामी परिणाम भी आने वाले वर्षों में दिखने की बात कही जा रही है. निगम ने यह भी माना है कि कर्मियों और अफसरों के रिटायमेंट के कारण भी कर्मचारियों पर होने वाले खर्च में कमी आई है. वहीं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम और अधिक से अधिक आइटी के प्रयोग के कारण प्रशासनिक और सामान्य खर्च में कमी आई है. वितरण निगम में कर्मचारी और प्रशासनिक खर्च में कुल 11.06 करोड़ रुपये की कमी आई है.


#### कर्मचारी पर 2.93 और प्रशासनिक खर्च पर 8.13 करोड़ की कमी

बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों पर 2.93 करोड़ रुपये की कमी आई है. जबकि प्रशासनिक व सामान्य खर्च पर 8.13 करोड़ रुपये की कमी आई है. साल भर पहले कर्मचारियों पर सालाना 271.57 करोड़ रुपए खर्च था, जो अब घट कर 268.64 करोड़ रुपए हो गया है. इसी तरह प्रशासनिक और सामान्य खर्च साल भर पहले 103.54 करोड़ रुपये था, जो घटकर 95.41 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं लंबी अवधि लोन पर ब्याज की देय राशि में भी 90.23 करोड़ की कमी आई है. इसमें पहले 528.02 करोड़ रुपये ब्याज दिया जाता था, जो अब घटकर 437.79 करोड़ हो गया है.

**लंबी अवधि के लोन पर देय ब्याज पर 90.23 करोड़ रुपये की आयी कमी**

**कर्ज से भी उबर गया है झारखंड बिजली वितरण निगम**

**केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय भी वितरण निगम को दे चुका है पास मार्क्स**



**आईटी के उपयोग से खर्च काफी हद तक कम हुआ है**

#### बिजली खरीद में 280.88 करोड़ की वृद्धि

बिजली वितरण निगम द्वारा विभिन्न पावर कंपनियों के खरीदी जाने वाली बिजली में 280 .88 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है. साल भर पहले 6330 .31 करोड़ रुपये की बिजली खरीदी जाती थी, जो अब बढ़कर 6611 .19 करोड़ रुपए हो गई है. वहीं रिपेयर और मेनटेनेंस खर्च में 57 .43 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है. पहले रिपेयर और मेनटेनेंस कॉस्ट 278 .29 करोड़ था जो अब बढ़कर 335 .72 करोड़ रुपये हो गया है. दूसरों के ट्रांसमिशन लाइन से बिजली लेने के एवज में 42 .08 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है. पहले ट्रांसमिशन चार्ज 218 .41 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 260 .49 करोड़ रुपये हो गया है.

#### वितरण निगम को मिल चुका है 100 में 69 नंबर

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को 100 में 69 अंक दे चुका है. मंत्रालय ने 100 नंबर में 60 नंबर पासिंग मार्क्स रखा था. इस मामले में बिहार को 100 में 52 और पंजाब को 100 में 48 नंबर ही मिला था. इसके परफॉरमेंस के आधार पर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत 2000 करोड़ रुपए भी मिलेंगे.

#### कर्ज से भी उबर चुका है वितरण निगम

राज्य गठन के बाद पहली बार झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम कर्ज से उबर गया है. वितरण निगम ने सभी पावर कंपनियों का बकाया चुकता कर दिया है. एनटीपीसी, डीवीसी, टीवीएनएल सहित अन्य निजी कंपनियों का भी बकाया दे दिया है. सिर्फ हर महीने के करेंट बिल का ही पेमेंट किया जा रहा है. हालांकि डिस्प्यूट मैटर नहीं सुलझने के कारण लगभग 200 करोड़ का बकाया है. यह मामला साल 2014 से चला आ रहा है.

#### एक नजर उपभोक्ता, लोड और बिजली की खपत पर

| कटोगरी | उपभोक्ता की संख्या | लोड (किलोवाट में) | खपत ( मिलियन यूनिट में) |
|---|---|---|---|
| घरेलू | 5385557 | 5920034 | 6360 |
| कॉमर्शियल | 349646 | 711556 | 1001 |
| पब्लिक लाइटिंग | 596 | 19723 | 97 |
| सिंचाई | 82884 | 72774 | 197 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 20826 | 387444 | 255 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 2122 | 1030556 | 2057 |
| रेलवे/एमइएस | 13 | 38938 | 77 .55 |

बिजली वितरण निगम के जीएम कॉमर्शियल ऋषि नंदन के अनुसार दक्षता विकास कार्यक्रम से प्रशासनिक खर्च में कमी आई है. वहीं कई अफसरों और कर्मियों को रिटायरमेंट के कारण खर्च में कमी आई है. आइटी के उपयोग ने भी काफी हद तक खर्च को कम किया है.

# क्या रामगढ़ में बड़े पैमाने पर हो रही कोयले की चोरी?



सौरभ सिंह। रांची/रामगढ़

रामगढ़ जिले के घाटों में कोयला तस्करों द्वारा डीआईजी की क्यूआरटी पर हुए हमले ने कई बड़े सवालों को जन्म दिया है. सवाल ये है कि क्या रामगढ़ में जिला पुलिस की जानकारी में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी हो रही है. जिसे रोकने के लिए डीआईजी को अपनी टीम से रेड करवानी पड़ी? जो खबर आ रही है, रामगढ़ जिला के कुज्जू, रजरप्पा, गोला, भुरकुंडा, घाटो थाना क्षेत्र से कोयले का अवैध कारोबार शुरू हो चुका है.

**कोयला की तस्करी का बदल गया सिस्टम :** कोयला के अवैध कारोबार का मुख्य केंद्र रामगढ़ जिला का घाटों थाना क्षेत्र बन गया है. पहले यहां से कोयला डेहरी और बनारस की मंडी जाती थी, लेकिन बदलते समय के साथ यह सिस्टम बदल गया है, अब चोरी का कोयला मंडी नहीं जाकर कुज्जू ओपी क्षेत्र एक स्थित स्पंज प्लांट में भेजा जा रहा है और वहां अवैध कोयले का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है.

#### रोजाना 10 से 20 हाइवा अवैध कोयला फैक्ट्री में गिराया जा रहा

सूत्रों की मानें तो बोकारो जिला के महुआटांड़ थाना क्षेत्र और रामगढ़ के घाटों थाना क्षेत्र में अवैध कोयला रामगढ़ जिला के कुज्जू ओपी क्षेत्र में स्थित स्पंज फैक्ट्री में गिराया जा रहा है. रोजाना 10 से 20 हाइवा अवैध कोयला फैक्ट्री में गिराया जा रहा है. बीते 17 जनवरी को रामगढ़ के कुज्जू ओपी क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला लदे दो 18 चक्का ट्रेलर (एनएल 01के1534 और जेएच 02एएल8770) पकड़ा गया था, जिसे थाने में रखा गया है.

#### अवैध कोयले का कारोबार रोकने की जिम्मेदारी इनकी

**पुलिस :** संबंधित इलाके के थाना प्रभारी, संबंधित जिले के एसपी और संबंधित क्षेत्र के डीएसपी.

**प्रशासन :** संबंधित जिला के उपायुक्त, संबंधित अनुमंडल के एसडीओ, संबंधित जिला के माइनिंग अफसर और संबंधित इलाके के डीएफओ.

# टीपीसी कमांडर बिनोद गंझू की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची।** टेरर फंडिंग केस के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जामनत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया. जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में सुनवाई हुई. बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के ऊपर चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 7 दर्ज की गई थी, जिसे टेकओवर कर एनआईए ने जांच की. विनोद गंझू पर एनआईए ने आईपीसी की धारा 147, 148,149, 307, 427, 3, 4 आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत चार्जशीट दाखिल की है. अब अदालत 21 फरवरी को बिनोद गंझू की बेल पर सुनवाई करेगा.

## बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने की उच्चस्तरीय बैठक

# अधिकरियों को मिले निर्देश : सवालों का विभाग समय पर, सही और सटीक जवाब दें

प्रमुख संवाददाता। रांची

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने मंगलवार को 23 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने अफसरों को कई दिशा-निर्देश भी दिए. कहा कि अफसर अपने विभागों से समय पर सटीक और सही सवालों का जवाब दें. साथ ही लंबित सवालों का जवाब भी सदन में उपलब्ध कराया जाए. विभाग के सेक्रेटरी को निर्देश देते हुए कहा कि सदन में लाए गए कई सवालों का जवाब अब तक नहीं मिला है, इस वजह से सदस्य संतुष्ट नहीं हैं. इस कारण लंबित सवालों के जवाब भी सदन में उपलब्ध कराया जाए. मीडिया से बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सवालों का जवाब लंबित होने के पीछे की वजह यह है कि विभाग के अधिकारी विधानसभा के सवाल को गंभीरता से नहीं लेते हैं. ऐसे में उनको जिम्मेदारी समझनी होगी. विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र को लेकर विधि व्यवस्था व प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की. बताते चलें कि 23 फरवरी से दो मार्च तक बजट सत्र चलेगा. 27 फरवरी को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करेंगे. बैठक में चीफ सेक्रेटरी एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह के अलावे कई विभागों के सेक्रेटरी मौजूद थे.

### सदन में उपलब्ध कराए जाएं लंबित सवालों के जवाब



#### बजट सत्र में ऐसे चलेगी सदन की कार्यवाही

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा. यह सत्र दो मार्च तक चलेगा. 27 फरवरी को सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा. 23 फरवरी को शोक प्रकाश और शपथ होगा. 24 और 25 फरवरी को क्रमश: शनिवार और रविवार होने के कारण सदन की कार्यवाही नहीं होगी. 26 फरवरी को प्रश्नकाल होगा. जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर वाद विवाद होगा. 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश किया जाएगा. 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट पर वाद विवाद होगा. 29 फरवरी को प्रश्नकाल, एक मार्च को प्रश्नकाल व अनुदान मांगों पर वाद विवाद और दो मार्च को विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लिए जाएंगे.

#### विधायक दल के नेता की बैठक कल

**रांची।** बजट सत्र को लेकर गुरुवार 22 फरवरी को विधायक दल की बैठक विधानसभा में होगी, जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित विभिन्न दलों के नेता शामिल होंगे. स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण संचालित करने पर विचार किया जाएगा.

CLASSIFIED
























# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | बुधवार, 21 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 304 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## सीएम चंपाई ने गिरिडीह में 3 जिलों के लाभुकों के बीच अबुआ आवास की स्वीकृति पत्र का वितरण किया

# मई तक राज्य के 9 लाख परिवारों को देंगे अबुआ आवास : मुख्यमंत्री



शुभम संदेश टीम। रांची/गिरिडीह

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गिरिडीह में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया. इस मौके पर सीएम ने कहा कि गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के 35 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है. सीएम ने घोषणा किया कि सरकार अगले तीन महीने में राज्य के 9 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देगी. इसकी तैयारी की जा रही है. कहा कि यह झारखंड वासियों के लिए विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन कर रहा है, लेकिन इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी कच्चे मकान या झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति और रहन-सहन को समझने का प्रयास किया है. हमारी हेमंत सोरेन की सोच और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इन सभी वर्ग-समुदायों के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है. मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल पत्रलेख भी मौजूद थे.

### हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य

चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य के साथ काम करना शुरू किया है. संथाल, कोल्हान और पलामू प्रमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन के जरिये किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है. किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हमारी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. डैमों एवं बराजों के माध्यम से सिंचाई के लिए पाइपलाइन बिछाकर खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है.

### गिरिडीह, बोकारो और धनबाद के 35 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को मिलेगा अबुआ आवास

#### बड़ी संख्या में जगह-जगह बनाएंगे सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल

चंपाई ने कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बेहतर कार्य किए गए हैं. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने का कार्य किया है. हमारी सरकार ने सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की है, जबकि भाजपा की सरकार ने राज्य में संचालित 5 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का काम किया था. हम लोगों की सोच है कि यहां के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें. कहा कि आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा.

#### सर्वजन पेंशन योजना लाभकारी साबित हुई, बहनों को मिलेगा लाभ

चंपाई ने कहा हमारी सरकार ने झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना लागू की. इस योजना के लागू होने से पात्र महिला-पुरुष, विधवा माताएं-बहने और दिव्यांग जनों को सामाजिक सुरक्षा से आच्छादित किया जा सका है. वर्तमान समय में लगभग सभी पात्र लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है. सर्वजन पेंशन योजना झारखंड वासियों के लिए लाभकारी योजना बना. अब हमारी सरकार पेंशन की महत्ता को देखते हुए एसटी, एससी समुदाय के महिलाओं सहित सभी समुदाय की महिलाओं को 50 वर्ष के उम्र से ही पेंशन का लाभ देगी.

#### कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 15000 किमी सड़क का निर्माण

सीएम ने कहा कि राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी बढ़ने पर तेजी से काम हो रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में सड़कों का का जाल बिछाने का कार्य किया है. हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को जोड़ने के लिए 15000 किलोमीटर सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण का कार्य कर रही है. ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अच्छी सड़कों का होना बहुत जरूरी है. हमारी सरकार सड़क निर्माण का कार्य निरंतर कर रही है और आगे भी करती रहेगी.

---

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### सपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि यूपी में सीट बंटवारे को लेकर सपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है. किसी भी समय समाधान निकलेगा. पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह टिप्पणी तब की,जब खबरें आईं कि सपा-कांग्रेस के बीच वार्ता पटरी से उतर गई है. वेणुने कहा, बातचीत अंतिम दौर में है, जल्द अंतिम रूप दिया जा सकता है. चर्चा हो रही है. कुछ समय इंतजार करिए.

#### महाराष्ट्र में मराठों को 10% आरक्षण मिलेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं नौकरियों में मराठा को 10% आरक्षण प्रदान करने वाला बिल मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया. सीएम एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विशेष सत्र के दौरान महाराष्ट्र सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बिल व 2024 पेश किया. बिल को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया.

#### कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है: अमित शाह

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी बताया तथा कहा कि वह देश का विकास नहीं कर सकती. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पूरक हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी.

#### शेयर बाजार में छठे दिन भी रही भारी तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया. वहीं निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. बैंक और चुनिंदा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई.

---

## दर्जनों आदिम परिवारों के अस्तित्व पर संकट




प्रवीण कुमार। रांची/हजाराबीग

अवैध खनन ने कई बिरहोरों की जिंदगी छीन ली है. मामला हजारीबाग का है. वहां बड़कागांव और केरेडारी में एनटीपीसी के आउटसोर्सिंग एमडीओ कंपनियों की मनमानी थमने का नाम नही ले रही. प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए है. पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना में जहां दुमुहानी नदी को नष्ट कर तालाबों को भर दिया गया था. अब एनटीपीसी की चट्टी बरियातू परियोजना के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर ने आदिम जनजाति बिरहोर कॉलोनी के दर्जनों परिवारों को बिना बसाए उनकी जान को खतरे में डाल दिया है. महज 50 फीट की दूरी पर खनन शुरू कर दिया है. कंपनी ने छोटकी नदी के एक किलोमोटर लंबाई क्षेत्र में ओबी डंप कर दिया है.

**दर्जनों बिरहोर परिवारों के अस्तित्व पर संकट :** एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर परियोजना अंतर्गत बिरहोर कॉलोनी के महज पचास मीटर की परिधि में खनन कर रहा है. कॉलोनी में करीब 50 घर हैं. जिसमें डेढ़ सौ की आबादी निवास करती है. सरकार के द्वारा उनके लिए प्राथमिक स्कूल से लेकर पेयजल की सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं. जिसमें वो दशकों से वहां रह रहे हैं. प्रशासन और एनटीपीसी नियमों-निर्देशों का उल्लंघन कर आदिम जनजाति के वनवासियो को उनके अनुकूल बिना बसाए खनन कार्य चालू कर दिया है. खनन स्थल पर विस्फोट और प्रदूषण से गंभीर घटना और गंभीर बीमारियों के होने का खतरा बन चुका है. चट्टी बरियातू कोल माइंस में हैवी ब्लास्टिंग से आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के लोगों को जीवन यापन करना दुश्वार हो गया है!

### छोटकी नदी की एक किलोमीटर लंबाई में ओबी भर दिया



### वंश वृद्धि पर भी सवाल, ब्लास्टिंग से बढ़ रही दिल की धड़कन

कोयला खनन कार्य के लिए किए जा रहे हेवी ब्लास्टिंग से बिरहोर परिवार के वंश वृद्धि पर संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है! मामला कुछ ऐसा है कि उपरोक्त कोल माइंस में कोयला खनन कार्य कर रही एमडीओ आउट सोर्सिंग कंपनी ऋत्विक एमआर के द्वारा कोयला के परत को निकालने के लिए भारी हैवी क्षमता के इंप्लोसिव डिवाइस यानी की उच्च क्षमता के बारूद का उपयोग कर रही है. हैवी ब्लास्टिंग के कारण माइंस क्षेत्र से लगभग पचास मीटर दूर बसे बिरहोर कॉलोनी जहां लगभग एक सौ परिवारों को सरकार द्वारा आवास बना कर दशकों पूर्व बसाया गया है! बिरोहर कॉलोनी में रह रहे वयस्क लोग तो हैवी ब्लास्टिंग की क्षमता के आवाज और कंपन को जिदंगी जोखिम में डाल कर झेलने को विवश हैं, लेकिन नवजात शिशु से लेकर पांच वर्ष के बच्चों को दिल की धड़कन की गति बढ़ जा रही है. यहीं नहीं हैवी ब्लास्टिंग के प्रकोप से नवजात से लेकर पांच वर्ष के बच्चे अपने बिस्तर से नीचे गिर जा रहे हैं. जानकारों की मानें तो ऐसी हैवी ब्लास्टिंग के दुष्प्रभाव से माइंस क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों में दिल की धड़कन की गति बढ़ने से हार्ट अटैक, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं. जिला प्रशासन और सरकार को एतियातन बिरहोर परिवार समेत माइंस क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों को जल्द से जल्द विस्थापित कर के अन्यत्र बसाना चाहिए. इस बाबत दाना बिरहोर ने कहा कि ब्लास्ट से घरों में दरार पड़ रहा है. कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. बच्चे बेड से ब्लास्टिंग के कारण गिर जाते हैं.

### छोटकी नदी के एक किलोमीटर क्षेत्र में भर दिया ओबी डंप

परियोजना अंतर्गत कई गांवों से होकर गुजरने वाली छोटकी नदी में एनटीपीसी के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर के द्वारा करीब एक किलोमीटर लंबी एरिया में ओबी डंप कर उसके प्रवाह क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. छोटकी नदी चट्टी बरियातू और पडरा गांव को सीमा क्षेत्र से होकर काबेद, पगार,बाले देवरी, लोचर से होकर बड़कागांव प्रखण्ड के सीमा क्षेत्र में प्रवेश करती है. जिससे हजारों किसानों की कृषि,जानवरों, वन्य जीव-जंतुओं की निर्भरता थी. बताया जाता है की नदी कहीं पचास फीट,कहीं तीस फीट तो कहीं 25 फीट चौड़ी थी. उसके लगभग एक किलोमीटर लंबी एरिया में ओबी डंप कर दिया गया है. जलस्रोतों को नष्ट करने को लेकर ऋत्विक कंपनी के रवि सिन्हा से पक्ष लेने प्रयास किया गया. मैसेज भी किया गया. लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. जवाब आने पर उनका पक्ष प्रकाशित किया जाएगा.

#### क्या कहते हैं एनपीएस के शिक्षक

उपरोक्त समस्या पर नव सृजित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ब्लास्टिंग से स्कूल की छत गिर रही है. कुएं का पानी कोयले के गर्द से काला हो कर प्रदूषित हो गया है. एनटीपीसी चट्टी बरियातू के अधिकारियों को जानकारी दी गई है. जिसपर एनटीपीसी के अधिकारी आए और पानी का पंप खराब होने की बात कह कर चले गए.

---

### चंडीगढ़ मेयर पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## पुराने मतपत्रों से बना 'आप' का मेयर

एजेंसियां। नयी दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के परिणाम को पलटते हुए आम आदमी पार्टी (आप) -कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया महापौर घोषित किया. कोर्ट ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद, निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता हैं, के खिलाफ कदाचार के लिए केस चलाने का भी आदेश दिया.

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है, जिसके कारण कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मत अमान्य हो गए थे. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मसीह ने जानबूझ कर आठ मतपत्रों को विरूपित करने का प्रयास किया. पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे. आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया. बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए. इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं. लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है. पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है. बेंच ने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पहले तो महापौर चुनाव की प्रक्रिया में गैरकानूनी तरीके से तब्दीली की. इसके बाद उन्होंने 19 फरवरी को इस अदालत के समक्ष झूठ कहा. चंडीगढ़ के मेयर बने कुलदीप कुमार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह चंडीगढ़ के लोगों और भारत गठबंधन की जीत है. इससे पता चलता है कि भाजपा अपराजेय नहीं है और अगर हम एकजुट रहें तो हम उन्हें हरा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही आम आदमी और कांग्रेस कार्यकर्ताऔओं जश्न मनाना शुरू कर दिया.

#### किसने क्या कहा

चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं. पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया... लोकतंत्र की इस महान जीत पर चंडीगढ़वासियों को बहुत-बहुत बधाई. **- भगवंत मान, सीएम पंजाब**

इस मुश्किल समय में लोकतंत्र को बचाने के लिए थैंक्यू सुप्रीम कोर्ट. अगर इंडिया गठबंधन एकजुट रहे और रणनीतिक रूप से काम करे, तो भाजपा को हराया जा सकता है. देश की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली बीजेपी देश की सबसे युवा पार्टी से चुनाव जीतने के क्या-क्या कर रही है. **-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को निरंकुश बीजेपी के जबड़ों से बचाया है, जो गंदे चुनावी हेरफेर का सहारा लेती थी. चंडीगढ़ मेयर चुनाव में संस्थागत तोड़फोड़ मोदी-शाह की लोकतंत्र को कुचलने की कुटिल साजिश का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है. कभी न भूलें. 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारा लोकतंत्र चौराहे पर होगा. **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की हत्या की भाजपाई साजिश में मसीह सिर्फ मोहरा है, पीछे मोदी का चेहरा है. चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन में संस्थागत तोड़फोड़ मोदी-शाह की लोकतंत्र को रौंदने की कुटिल साजिश का एक छोटा सा नमूना मात्र है. **- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

---

#### सिख फॉर जस्टिस की नापाक हरकत

### माओवादियों से रांची का टेस्ट मैच रोकने का किया आह्वान

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से होनेवाले टेस्ट मैच से पहले सिख फॉर जस्टिस संगठन ने मैच रद्द करने और इंग्लैंड की टीम को वापस जाने की धमकी दी है. धुर्वा थाने में इसकी प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है. खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने माओवादियों से कहा कि आदिवासियों की जमीन पर क्रिकेट नहीं होने देना है. धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस संगठन के गुरुपबंत सिंह पन्नू जो फिलहाल अमेरिका में रहता है, उसने यूट्यूब के माध्यम से सीपीआई (माओवादी) से यह आह्वान किया है कि रांची में होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए झारखंड और पंजाब में बवंडर पैदा किया जाए. इसके साथ ही उसने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टॉक को मैच नहीं खेलने देने की धमकी दी है. गुरुपबंत सिंह पन्नू ने माओवादियों से यह कहा है कि आदिवासियों की जमीन पर क्रिकेट नहीं होने देना है.

---

#### किसान शंभू बॉर्डर पर तोड़ेंगे सीमेंट की दीवार

## दिल्ली कूच के लिए तैयार



कुमार माधवन

किसान संगठनों ने गुरुवार को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया है. किसान नेता सरवन सिंह पढेर का कहना है कि दिल्ली कूच करने जा रहे हैं. सरकार से आगे कोई मीटिंग नहीं होगी. लेकिन हम वार्ता के लिए हमेशा तैयार हैं. दिल्ली कूच को लेकर किसान तैयारियां कर रहे हैं. वहीं, किसान नेता डल्लेवाल ने कहा कि हमारी सरकार से अपील है की या तो मांगें मानी जाए या फिर शांति से हमें दिल्ली में बैठने की मंजूरी दी जाए. हमारी सभी किसान भाइयों से अपील है कि वे हिंसा नहीं करें. इस बीच, शंभू बॉर्डर पर बनाई गई सीमेंट की दीवारों को तोड़ने के लिए किसान एक खास हथियार पोकलेन ले आए हैं. पोकलेन मशीन की मदद से प्रशासन द्वारा बॉर्डर पर लगी सीमेंट की दीवारों को किसान हटाएंगे. किसानों ने कहा, सरकार की नीयत में खोट है. सरकार हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है.

#### कांग्रेस बोली- सरकार की नीयत साफ नहीं

कांग्रेस ने सरकार के प्रस्ताव को किसान संगठनों द्वारा खारिज किए जाने के बाद दावा किया कि सरकार की नीयत साफ नहीं है, इसलिए झूठे प्रस्ताव को ठुकराया गया है. पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलने से देश का किसान बजट पर बोझ नहीं, बल्कि जीडीपी की वृद्धि का सूत्रधार बनेगा. यह झूठ बोला जा रहा कि बजट के मद्देनजर एमएसपी की कानूनी गारंटी दे पाना संभव नहीं है. राहुल का यह बयान दिल्ली चलो आंदोलन में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा 5 साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज करने के एक दिन बाद आया है. किसान नेताओं ने कहा था कि केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है.

---

**ईडी का पहरा** धुर्वा में बादल पत्रलेख के पुराने आवास एफ-28 की मरम्मत करके की जा रही है तैयारी

# अब कैंप जेल भेजे जा सकते हैं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन

कौशल आनंद। रांची

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को होटवार जेल से शिफ्ट करने की तैयारी करीब - करीब पूरी हो चुकी है. धुर्वा स्थित मंत्री बादल पत्रलेख के पुराने आवास एफ-28 का रेनोवेशन करके उसे तैयार किया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार बहुत जल्द हेमंत सोरेन को कैंप जेल भेजने का काम ईडी करेगी. ईडी ने रांची डीसी को पत्र लिख कर जल्द से जल्द एक कैंप जेल तैयार करके सूचित करने को कहा था. इसके बाद रांची जिला प्रशासन ने विधायक के तौर पर बादल पत्रलेख को एलॉट किये गये आवास एफ-28 को चिन्हित किया. इसके बाद आवास के अंदर आवश्यक जरूरी रेनोवेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है. जल्द ही आवास रेनोवशन का काम पूरा करके ईडी को सौंप दिया जाएगा.



### हेमंत पर शिकंजा बढ़ाने की तैयारी



ईडी को होटवार जेल से इनपुट मिला है कि वह जेल में ही रह कर सरकार चला रहे हैं, सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं. इसलिए ईडी हेमंत सोरेन को होटवार जेल से दूसरी जगह शिफ्ट करना चाहती है. ताकि हेमंत पर ईडी का शिकंजा बढ़ाया जाए. होटवार जेल में ईडी चाह कर भी केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती नहीं कर सकती है. मगर कैंप जेल में जरूरी हुआ, तो केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती करायी जा सकेगी. मालूम हो कि ईडी ने हेमंत सोरेन को बड़गाईं में 8.46 एकड़ जमीन मामले में गिरफ्त में ले चुकी है. ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी कोर्ट ने उसे होटवार जेल भेज दिया है. ईडी को आशंका है कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस की सरकार है, इसलिए होटवार जेल से वे सरकार चलाने में अहम रोल अदा कर रहे हैं. इसे देखते हुए ईडी ने रांची डीसी को एक कैंप जेल तैयार करने का निर्देश दिया. इसके बाद जिला प्रशासन ये मंत्री बादल के पुराने आवास को ही कैंप जेल में रूप में चिन्हित करने का निर्णय लिया. जानकारी के अनुसार आवास का रैनोवेशन का काम करीब पूरा हो चुका है. इसी सप्ताह रांची जिला प्रशासन ईडी को कैंप जेल सौंप सकता है.

### हेमंत ने कोर्ट से मांगी बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति

23 फरवरी को झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है. बजट सत्र में हेमंत सोरेन के शामिल होने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है. कोर्ट से यह आग्रह किया गया है कि 23 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र में हेमंत सोरेन की विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाए. वहीं इस अनुमति के लिए अदालत में हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किए गए कई आदेश पेश किए. अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा. हेमंत सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है.

# टेंडर अवधि खत्म होने के बाद भी चल रहा वाहन पड़ाव

संवाददाता। धनबाद

भारतीय रेलवे में धनबाद रेल मंडल भले ही राजस्व के मामले में नंबर वन है, लेकिन यहां के अधिकारी इतने गैर जिम्मेदार हैं कि धनबाद स्टेशन के वाहन स्टैंड की टेंडर अवधि खत्म होने के बावजूद ठेकेदार अपने कर्मियों के माध्यम से स्टैंड में वाहन लगाने वाले लोगों से पार्किंग चार्ज वसूल रहे हैं, लेकिन इस पर रोक लगाने में विफल हैं.

रेलवे सूत्रों के अनुसार वाहन स्टैंड में 24 घंटे के लिए गाड़ी खड़ी करने पर बाइक से रोजाना 40 रुपये और ऑटो-कार से 60 रुपये पार्किंग चार्ज वसूल रहे हैं. ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी रेलवे अधिकारियों को नहीं है. इसके बावजूद धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर भवन के सामने एक एकड़ की जमीन पर बेतरतीब ढंग से वाहनों को लगाते हैं. जैसे-तैसे गाड़ियों के लगे रहने से स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है. यात्री अगर विरोध करते हैं, तो वाहन स्टैंड के कर्मी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं. जानकारों का कहना है कि पूर्व में वाहन खड़ी करने को लेकर मारपीट की घटनाएं हो चुकी है. फिर रेलवे के अधिकारी व आरपीएफ इसपर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं.

जानकारों का कहना है कि टेंडर अवधि खत्म से वाहन पड़ाव अवैध हो चुका है. इसके बावजूद रोजाना लगभग एक हजार गाड़ियां लग रही हैं. जिससे रोजाना 20 हजार और महीने में 6 लाख की अवैध वसूली हो रही है. हर गाड़ी में ठेकेदार के कर्मी टिकट लगाकर 6 घंटे का 10 रुपये और 24 घंटे का 40 रुपये वसूली रहे हैं. धनबाद के कई लोग हैं, जो ट्रेन से आसनसोल, गोमो, गया, दुर्गापुर, कोलकाता तक आना-जाना करते हैं. ट्रेन से आनेजाने वाले सरकारी कर्मी, प्राइवेट कंपनी के कर्मी और जरूरी काम से जाने वाले लोग होते हैं. 50 फीसदी बाइक लगाने वाले ऐसे लोग होते हैं, जो 15 से 30 दिन बाद आते हैं और पूरे महीने भर का पार्किंग चार्ज देते हैं.



### स्टैंड की गाड़ियों से पेट्रोल की भी होती है चोरी

लोगों का कहना है कि वाहन स्टैंड में खड़ी गाड़ियों से पेट्रोल भी चोरी होती है. स्टैंड के कर्मी ही टंकी से जुड़ी नीचे लगी पाइप खोलकर बोतल में पेट्रोल निकाल लेते हैं और उसे जरूरतमंद लोगों को 150 रुपये लीटर में बेच देते हैं. गाड़ी लगाने के कुछ दिनों बाद स्टैंड से गाड़ी वापस ले जाते समय चालकों को तेल की कमी होने के अहसास होता है तो वे स्टैंड के कर्मी से पूछताछ करते हैं, लेकिन कर्मी सीधे कह देते हैं कि यहां से कोई चोरी नहीं कर सकता है. काफी दिन गाड़ियां खड़ी रहने से तेल थोड़ी-बहुत कम हो जाती है.

# श्याम मंदिर से निकाली गई भव्य निशान शोभायात्रा



संवाददाता। धनबाद

माघ माह के जया एकादशी (शुक्ल पक्ष) के अवसर पर मंगलवार को झरिया श्री श्याम मंदिर प्रांगण से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा झरिया शहर का भ्रमण कर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची और बाबा श्याम के चरणों मे 131 निशान अर्पण कर आशीर्वाद लिया. इस निशान यात्रा में काफी संख्या में झरिया व धनबाद के श्याम भक्त महिला, पुरुष एवं बच्चों ने झूमते-गाते बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई. पूरा माहौल जय जय श्री श्याम जय श्री श्याम हारे का सहारा बाबा श्याम है हमारा के नारों से गूंज उठा. इस मौके पर रघुवीर गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### डीएसपी ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़े

**महुदा।** बाघमारा डीएसपी महेश प्रजापति ने सोमवार की रात तेलमच्चो मोड़ के समीप छापामारी कर अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टरों को पकड़ा. डीएसपी ने चालकों से बालू का चालान मांगा, लेकिन वे नहीं दिखा पाए. इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को पुलिस ने जब्त कर तेलमच्चो चेकपोस्ट ले गई और महुदा थाना पुलिस को सौंप दिया. महुदा थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी खनन विभाग को दे दी गई है. खनन विभाग की जांच-पड़ताल के बाद ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी.

### टुंडी विधानसभा में खिलेगा कमलः सिन्हा

**तेतुलमारी।** भाजपा धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा के चार साल पूरा होने एवं प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने पर तेतुलमारी शक्ति चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव स्वागत किया. इस दौरान ज्ञानरंजन सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा एवं टुंडी विधानसभा में कमल खिलेगा. केंद्र का भाजपा सरकार गरीब, असहाय एवं युवाओं की सरकार है. आज से ही सभी कार्यकर्ता कमल खिलाने में लग जाएं. मौके पर प्रदीप वर्मा, सुरेश महतो, रमेश महतो, मौजूद थे.

### कुपोषण उपचार केंद्र में होगा बच्चों का इलाज

**धनबाद।** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन किया. मौके पर विधायक के साथ सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे. कहा कि सदर अस्पताल में कुपोषित बच्चों का अब कुपोषण उपचार केंद्र में इलाज होगा. कुपोषण उपचार केंद्र में 10 बेड है, जहां कुपोषित बच्चों का इलाज कराया जाएगा. साथ ही पोष्टिक पोषाहार मिलेगा, ताकि बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास हो सके. विधायक ने कहा कि लंबे समय से धनबाद में कुपोषित बच्चों का इलाज नहीं हो पा रहा था.

### बरवाअड्डा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में नाबालिग ने गिरिडीह जिले के खुखरा थाना अंतर्गत गोबररांधा के 20 वर्षीय नाजीर अंसारी पर आरोप लगाई है कि 14 फरवरी शाम को 7 बजे वह शौच के लिए गई थी. शौच कर घर लौटते वक्त घात गए बैठे नाजीर ने उसे जबरन पकड़ लिया और दुष्कर्म किया. दुष्कर्म के बाद नाबालिग डरी सहमी अपने घर पहुंची. नाबालिग ने बताया कि नाजीर ने धमकी दी है की अगर किसी को बताएगी तो जान से मारकर फेंक देंगे.

### नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में मंगलवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने तोपचांची थाना क्षेत्र के आमटांड़ निवासी दिनेश कर्मकार को दोषी करार दिया. अदालत ने सुनवाई की तारीख 21 फरवरी निर्धारित की है. उक्त प्राथमिकी पीड़िता की मां ने तोपचांची थाना में 16 दिसंबर 2022 को दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 14 दिसंबर 2022 को 9 बजे दिन में उसकी बेटी अपने घर से सामान लाने बाजार गई थी.

### स्टेशन रोड से 208 दुकानों व रेलवे क्वार्टरों को ध्वस्त किया जाएगा

# 487 करोड़ से वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनेगा धनबाद

संवाददाता। धनबाद

धनबाद स्टेशन रोड से 208 दुकान और रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी के सभी क्वार्टरों को ध्वस्त करने के बाद 487 करोड़ की लागत से धनबाद स्टेशन को विश्स्तरीय बनाया जाएगा. दुकानदारों को रेलवे की ओर से नोटिस भेज दिया गया है. स्टेशन रोड होकर गुजरनेवाली गाड़ियां डीआरएम आवास स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक के रास्ते पूजा टॉकीज के सामने राजू चौक होकर श्रमिक चौक रांगाटांड़ होते हुए आना-जाना करेगी. धनबाद स्टेशन का क्षेत्र पुराना बाजार रेलवे फाटक से डीआरएम आवास तक हो जाएगा. हनुमान मंदिर स्टेशन परिसर में होगा. वाहन स्टैंड रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी में बनेगा.

स्टेशन रोड का अस्तित्व पूरी तरह से खत्म हो जाएगा. स्टेशन रोड के दुकानदारों को दूसरे जगह पर दुकान बनाकर दी जाएगी. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की तैयारी चल रही है. नया रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट के तर्ज पर विकसित होगा, जिसका डिजाइन तैयार कर लिया गया है. स्टेशन के नए भवन और पहुंच पथ को धनबाद होकर गुजरने वाली डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. फ्रेट कॉरिडोर की पटरियां बिछाने के लिए मौजूदा स्टेशन भवन को तोड़ा जाएगा. वहीं जी प्लस 7 का नया स्टेशन भवन बनकर तैयार होगा.



### 50 साल तक की कार्य योजना के तहत पुनर्विकास की योजना

रेलवे अधिकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और विश्वस्तरीय सुविधाओं को विकसित करने के लिए पूर्व मध्य रेलवे के जीएम निरीक्षण भी कर चुके हैं. डीआरएम समेत अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वर्तमान स्टेशन के दोनों छोर का निरीक्षण कर नक्शा देखा और उसमें कई तरह के संशोधन का निर्देश दिए हैं. पहले प्रस्तावित योजना में उत्तरी और दक्षिणी छोर को जोड़ने के लिए सबवे शामिल नहीं था. अब इसमें सबवे को भी शामिल करने को कहा गया है. महाप्रबंधक ने अधिकारियों से कहा है कि स्टेशन का पुनर्विकास अगले 50 साल तक की कार्ययोजना के तहत किया गया है. दक्षिणी छोर की सूरत भी पूरी तरह बदल जाएगी. मौजूदा प्लेटफार्म के विस्तार के साथ साथ स्टेशन भवन का दायरा भी बढ़ाया जाएगा. दक्षिणी छोर पर भी यात्रियों से जुड़ी टिकट बुकिंग, रिटायरिंग रूम, प्रतीक्षालय, कैफे समेत अन्य सभी सुविधाएं विकसित होंगी. बैंकमोड़ से दक्षिणी छोर तक पहुंचने के लिए बनी सड़क और चौड़ी होगी

### दूसरी मंजिल पर होगा टिकट घर और आरक्षण कार्यालय

जानकारी के अनुसार रेलवे टिकट घर, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल, आरक्षण कार्यालय के साथ-साथ अन्य सभी यात्रियों से जुड़ी सुविधाएं स्टेशन के प्रथम तल पर शिफ्ट हो जाएंगी. स्टेशन तक पहुंचने के लिए एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण होगा. एलिवेटेड ब्रिज से होकर गाड़ियां सीधे स्टेशन के प्रवेश द्वार तक पहुंच सकेंगी और उसके बाद रांगाटांड़ की ओर निकल जाएंगी. इतना ही नहीं, धनबाद स्टेशन के उत्तरी और दक्षिणी छोर तक आवाजाही के लिए सबवे भी बनेगा. सबवे के लिए भी स्थल चयन कर लिया गया है. दक्षिणी छोर पर बने सबवे के पास से ही उत्तरी छोर को कनेक्ट करने के लिए सबवे बनकर तैयार होगा. इससे बैंक मोड़ ओवरब्रिज होकर स्टेशन तक आने-जाने की समस्या खत्म हो जाएगी.

# चिकित्सक के आने से ग्रामीण खुश

संवाददाता। निरसा

पिछले 15 वर्षों से चिकित्सक विहीन सालुकचपड़ा स्वास्थ्य केंद्र मे डाक्टर इशिता विश्वास के योगदान देने पर गांव में खुशी का माहौल है. ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधांशु शेखर झा का आभार किया, जिनके अथक प्रयास से इस केंद्र में चिकित्सक की नियुक्ति तथा सरकार के डीएमएफटी फंड से यहां के स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार निर्माण कार्य होना संभव हो पाया. उक्त आशय का उद्गार ग्रामीण सर्वश्री बेनीमाधव मुखर्जी, शंकर बर्नजी बापी बर्नजी, बासुदेव दे, प्रदीप चटर्जी, तपन बैद्यकर, बापी आचार्य, सौरभ, झुमा आदि ने व्यक्त किया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं धनबाद लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य सुधांशु ने कहा कि सालुकचपड़ा का अपना एक पुरातन अतीत रहा है.

आजादी से पूर्व सन 1924 मे यहां स्वास्थ्य केंद्र का स्थापना हुई थी. परंतु भाजपा शासनकाल में मुख्यमंत्री रघुवर दास ने यहां के आवाम की जरूरत को नजरअंदाज कर सालुकचपड़ा स्वास्थ्य केंद्र के अस्तित्व को ही समाप्त करने की नीयत से इस प्राचीन स्वास्थ्य केंद्र को उप स्वास्थ्य केंद्र मे पहले अवनति कर दिया था. कहा कि सालुकचपड़ा पंचायत के अगल बगल 10 गांव के लोगों ने जब सालुकचपड़ा स्वास्थ्य केंद्र में बैठक कर उनका ध्यान इस ओर आकृष्ट किया.



### खदान में छाई भराई का यूनियन ने किया विरोध

**निरसा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडे से बैजना कोलियरी स्थित कार्यालय में मंगलवार को मुलाकात कर पांच सूत्री समस्याओं को लेकर वार्ता की. यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मधुरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि खुशरी एवं चापापुर आउटसोर्सिंग में स्थानीय लोगों को नियोजन, संवेदनशील पदों पर जमे कर्मियों का स्थानांतरण, रोटेशन के आधार पर कर्मियों की प्रति नियुक्ति एवं निरसा केएसजीएम कॉलेज स्थित भूटानी खदान की छाई भराई पर यूनियन प्रतिनिधियों ने विरोध दर्ज कराया. अभिकर्ता आरपी पांडे के द्वारा सभी विषयों पर नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया गया. मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नाडु गोपाल चक्रवर्ती, अमर लोहार, रामपति शर्मा, अख्तर आजाद खान, छत्रवली भुईया, शांति धारा, धना भुईया मौजूद थे.

# आबकारी विभाग ने 25 पेटी नकली शराब की गई जब्त



संवाददाता। महुदा (धनबाद)

आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को महुदा मोड़ स्थित राजू साव के घर में छापामारी कर 25 पेटी नकली अंग्रेजी शराब जब्त की है. टीम के आने की भनक मिलते ही कारोबारी राजू साव सहित घर के सभी पुरुष सदस्य भाग निकले. आबाकारी विभाग के अधिकारी नकली शराब की पेटियों को अपने साथ धनबाद ले गए. टीम में शामिल जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि राजू साव नकली अंग्रेजी शराब का कारोबार करता है. वह शराब को आसपास के होटलों व ढाबों में सप्लाई करता है. सूचना के आधार छापामारी कर शराब बरामद की गई. उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. ज्ञात हो कि इन दिनों महुदा मोड़ सहित तेलमच्चो, महुदा बाजार, लोहपिट्टी, छत्रुटांड़, मुरलीडीह व आसपास के इलाकों में नकली शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है.

# एनसीसी कैडेट ने निकाली फाइलेरिया जागरूकता रैली




संवाददाता। धनबाद

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मंगलवार को एनसीसी कैडेटों के द्वारा शहर में जागरुकता रैली निकाली गई. जो धनबाद के सिटी सेंटर से प्रारम्भ होकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सदर अस्पताल कैंपस में समाप्त हुई. इस दौरान एनसीसी कैडेटों ने लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी दी. रैली में मुख्य रूप से शामिल हुए वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाइलाज तथा दूसरी सबसे बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है. यह मादा क्युलेक्स मच्छर के द्वारा काटने से फैलती है.

# कोई हक नहीं छीन सकता : अपर्णा

संवाददाता। मैथन

एग्यारकुण्ड प्रखंड के पंसस का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता से मिला. अबुआ आवास लाभुकों की सूची में गड़बड़ी के खिलाफ लड़ाई में मदद की गुहार लगायी. प्रखण्ड समन्वयक जमाल अख्तर की करतूतों से भी अवगत कराया. कहा कि योग्य लाभुकों का सूची से नाम हटा अयोग्य का नाम डाल दिया गया है. गड़बड़ी किसने की ये भी सार्वजनिक नहीं हो रहा है. गड़बड़ी की जांच किये बिना जिओ टैग का काम भी शुरू कर दिया गया है.

योग्य लाभुक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को ठेंगा दिखाया जा रहा है. इस मामले में सभी चुप्पी साधे हुए हैं. लेकिन वे लोग चुप नहीं रहेंगे. 23 फरवरी को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर इन सारे सवालों का जवाब मांगा जायेगा. योग्य लाभुकों को उनका हक व अधिकार दिलाया जायेगा. विधायक सेनगुप्ता ने गरीबों के हक अधिकार की लड़ाई में पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया. कहा कि उनके रहते गरीबों का हक व अधिकार कोई नहीं छीन सकता है. बता दें कि प्रमुख श्रीमती महतो के नेतृत्व में मैथन गोगना छठ घाट पर बैठक कर पंसस ने आंदोलन का बिगुल फूंका था. बैठक में केलियासोल और निरसा प्रखंड प्रमुख ने भी आंदोलन में शामिल होने की हूंकार भरी थी.



# 23 को रांची में उपवास करेंगे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता

संवाददाता। धनबाद

झामुमो जिला कार्यालय, कुर्मीडीह में झामुमो जिला समिति की एक अहम बैठक जिलाध्यक्ष लख़ी सोरेन की अध्यक्षता एवं जिला सचिव मन्नु आलम के संचालन में सम्पन्न हुई. बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे न्याय यात्रा एवं 23 को रांची में आयोजित होने वाली एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लख़ी सोरेन ने कहा कि केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से भाजपा वालों ने झारखंड के जनादेश को लूटने का प्रयास किया. साथ ही जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास किया है. इसी क्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत झूठे आरोप मढ़कर जेल भेजने का काम किया है. उनके खिलाफ एक भी साक्ष्य नहीं है. परंतु लगातार झूठ का प्रोपेगेंडा बनाकर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है.

**यात्रा** | जयराम की पदयात्रा के दौरान ढोल नगाड़ा के साथ अंगवस्त्र देकर स्वागत हुआ

# कोयला निकालकर आपको बेघर कर देगा: जयराम

संवाददाता। तेतुलमारी

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राष्ट्रीय पार्टियां कमर कस कर चुनावी मैदान में कार्य कर रही हैं. वहीं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से पंचायत स्तर पर लोगों को जागृत करने का कार्य कर रही है. मंगलवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो जयराम महतो बौआकला दक्षिण पंचायत, रंगुनी पंचायत, नगरी कला उत्तर पंचायत के विभिन्न गांवों में जन आशीर्वाद यात्रा के तहत पद यात्रा किया. जयराम महतो का पदयात्रा के दौरान कई स्थानों पर ढोल नगाड़ा के साथ पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया. छोटकीबौआ फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि आज आप हजार पांच सौ में अपना वोट जिसे देंगे वह आपकी जमीन को कोड़ी के भाव में अधिग्रहण करवा देगा. आपकी जमीन से कोयला खनिज निकालकर आपको बेघर कर देगा. आपकी जमीन की रक्षा, आपके जल जंगल की रक्षा, कोई मुखिया या विधायक नही कर सकता है. मुखिया या विधायक आपकी आवाज को नहीं उठा सकता है. इसके लिए दिल्ली के संसद में आवाज उठानी होगी. इसके लिए आपके बीच से कोई संसद जाना चाहिए. जब आपका भाई आपका बेटा संसद में जायेगा तभी आपके जल, जंगल, जमीन, शिक्षा व रोजगार से जुड़ा सवाल उठाएगा. जयराम महतो ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव है. गिरिडीह लोकसभा से तैयारी की जा रही है. इसके लिए जन आशीर्वाद यात्रा गिरिडीह के तहत सभी पंचायत में पदयात्रा किया जायेगा. लोग अब जाग रहे हैं. अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं. अपने बच्चों के शिक्षा और रोजगार को लेकर सजग हो रहे हैं. आनेवाले लोकसभा चुनाव में बदलाव होगा. मौके पर मो. रिजवान अंसारी, राजेंद्र रजक, छोटू रजक, सुनील रजक, हिमांशु रजक, मनोज रजवार, उत्तम रजक, गोपी रजक, रोहित रजक, सूरज हरि, विवेक रजक, सुमित रजक, रंजीत रजक, तुषार रजक मौजूद थे.



**रहें जागरूक**

- समिति लोगों को जागृत करने का काम कर रही है
- जयराम कई गांवों में जन आशीर्वाद यात्रा में पहुंचे

### अल-इकरा के एमएड का परिणाम घोषित

**गोविंदपुर।** बीबीएमकेयू द्वारा द्वारा एमएड सत्र 2021-23 के अन्तिम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में अल-इकरा टीचर्स ट्रेनिंग के परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया. 8 सीजीपीए के साथ सजीला परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं 7.9 सीजीपीए के साथ फरी आफरीन, महिमा कुमारी एवं ईला शर्मा ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा 7.8 सीजीपीए के साथ सलाहुद्दीन अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य डॉ. शमीम अहमद ने इसका श्रेय छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत एवं कुशल अध्यापकों की टीम को दिया. उन्होंने घोषणा की कि महाविद्यालय के इस वर्ष आयोजित रजत जयन्ती समारोह के मौके पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सजीला परवीन को स्वर्ण पदक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.


THE NOTARY, PUBLIC RANCHI

**AFFIDAVIT**

I, SATYA PAL, S/O SRI KALLU PRASAD, resident of HARIDWAR NAGAR, KEDAL, PO-NEORI, VIKAS, PS - MESRA, DISTRICT -RANCHI, JHARKHAND - 835217, bearing aadhar no.728986922360 do hereby solemnly affirm on oath that the statement made below are true to the best of my knowledge information and belief.

1. That I am an Indian National by birth
2. That I have allotted adhaar no. 728986922360 and pan no. BBJPS9469Q.
3. That my adhaar card bears my name as SUDAMA
4. That SATYA PAL and SUDAMA is same person.
5. That my name SATYA PAL is mentioned all documents including PAN and SUDAMA is.my nick name.

Aff. No. 09/26.12.2023



सिविल जज सीनियर डीविजन द्वितीय, लातेहार

**कोर्ट नोटिस**

मूल वाद संख्या- 62/2015

अर्जुन गंझू ............. वादी

बनाम

धनेश्वर गंझू वगैरह ............ प्रतिवादी

**नोटिस बनाम :**

1. धनेश्वर गंझू, 2. दिनेश गंझू दोनों पिता- स्व0 नेमा गंझू, 3. नन्दलाल गंझू पिता- स्व0 उगन गंझू, 4. नन्हकू गंझू, 5. नारायण गंझू दोनों पिता- स्व0 महादेव गंझू, 6. कुलदीप गंझू, 7. बालेश्वर गंझू दोनो पिता- स्व0 रामदेव गंझू, 8. साईनाथ गंझू, 9. लोकन गंझू, दोनों पिता- स्व0 लालजी गंझू, 10. बासुदेव गंझू पिता- स्व0 जीतन गंझू, 11. हुलास गंझू पिता- स्व0 दशई गंझू, 12. अशोक गंझू पिता- स्व0 जगनाथ गंझू, 13. अरूण गंझू पिता- स्व0 नेपाल गंझू, सभी ग्राम अमरवाडीह उर्फ फुलवसिया, पो.- गणेशपुर, थाना-बारियातु, जिला- लातेहार (झारखण्ड)

चूँ वजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध यह वाद मेरे न्यायालय में दायर किया है, जिसमें अग्रिम तिथि - 16.03.24 मुकर्रर है तथा इस वाद में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.03.24 को समय 10.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कारवाई की जाएगी। इसे ताकिद सख्त जानें।

आज दिनांक 29.11.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय, लातेहार

www.lagatar.in बुधवार, 21 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ✗ ● वर्ष : 1, अंक : 304
आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





**रेडिसन ब्लू होटल में ठहरी हैं दोनों टीमें :** रांची में हो रहे चौथे टेस्ट के लिए भारत और इंग्लैंड की टीमें होटल रेडिसन ब्लू में ठहरी हैं. इसके लिए रेडिसन ब्लू होटल के पहले तल्ले से लेकर सातवें तक के 115 कमरे बुक किए गए हैं. खाने के मेन्यू से लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी कर ली गई है. बुधवार व गुरुवार को दोनों टीम जेएससीए में प्रैक्टिस करेंगी. सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है.

## स्टार खिलाड़ी पहुंचे, राजधानी क्रिकेटमय

### पहुंची भारत-इंग्लैंड की टीमें, झलक पाने को बेकरार दिखे फैंस

शुभम किशोर। रांची

23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट जेएससीए स्टेडियम में खेला जाना है. मंगलवार को भारत और इंग्लैंड की टीमें रांची पहुंच गयीं. रांची एयरपोर्ट पर दोनों टीमों का स्वागत जेएससीए के अधिकारियों ने किया. इस दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे. फैंस खिलाड़ियों की झलक पाने को बेकरार दिखे. सभी इस पल को अपने कैमरे में कैद करना चाहते थे. एयरपोर्ट से सबसे पहले रोहित शर्मा बाहर निकले. जडेजा, शुभमन और सिराज ने हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया.







**स्वागतम :** रांची एयरपोर्ट पर बारी-बारी बाहर निकले खिलाड़ी.

### विद्यार्थियों को पहले सेमेस्टर की फीस जमा करने के बाद भी परीक्षा देने से किया वंचित

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में चलती है प्रबंधन की गुंडागर्दी, मनमानी

1 छात्रों को परीक्षा में बैठने से रोक रहा प्रबंधन

2 प्रबंधन मीडिया से बात करने से कर रहा है इंकार

परीक्षा से वंचित छात्र गेट पर प्रदर्शन करते हुए



संवाददाता। आदित्यपुर

आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में प्रबंधन छात्रों के साथ मनमानी कर रहा है. यह क्षेत्र राज्य के मुख्यमंत्री का गृह जिला है. यहां छात्रों पर जबरन दूसरे सेमेस्टर की फीस देने का दबाव डाल कर पहले सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने से रोका जा रहा है. यूनिवर्सिटी प्रबंधन विद्यार्थियों पर दूसरे सेमेस्टर की फीस जमा नहीं करने पर तानाशाह तरीके से 15 से 20 विद्यार्थियों को परीक्षा देने से रोक दिया है. जिसका विद्यार्थी जमकर विरोध कर रहे हैं. श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के इस रवैये से विद्यार्थियों में काफी आक्रोश है. विद्यार्थियों ने मीडिया को बताया कि उनका सेकेंड सेमेस्टर का फीस जमा नहीं है इसलिए उन्हें परीक्षा देने से रोका गया है. जबकि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का पूरा शुल्क जमा है. ऐसे में बगैर परीक्षा के ही सेकेंड सेमेस्टर का शुल्क जमा करने की बात एडमिशन के दौरान या पहले उनसे नहीं कही गई थी. परीक्षा से वंचित किए गए ऐसे कई विद्यार्थी जो सेकेंड सेमेस्टर का फीस तो भर दिए हैं, लेकिन उनका बस भाड़ा (ट्रांसपोर्ट किराया) बकाया है उन्हें भी एडमिट कार्ड नहीं दिया गया है.

एक विद्यार्थी के पास शुल्क का 34 हजार रुपए था, महज छह सौ रुपए कम पड़ने पर एडमिट कार्ड नहीं दिया गया. इससे वे परीक्षा में नहीं बैठ पाए. इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रबंधन ने मीडिया से इस संबंध में कोई बात करने से इंकार किया है. आज यूनिवर्सिटी के गेट पर परीक्षा से वंचित प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि वे कॉलेज के डीन से बात करना चाह रहे हैं, लेकिन उनको बात नहीं कराई जा रही है. विद्यार्थियों ने जब यह कहा कि उन्हें एक दो दिन की मोहलत दी जाए उस पर भी कॉलेज प्रबंधन विद्यार्थियों की नहीं सुन रहा है.

## धनबाद में हुई सवा दो लाख की लूट

### शहर के लुबी सर्कुलर रोड में भरी दोपहर में हुई वारदात, सनसनी

संवाददाता। धनबाद





बाइक सवार 4 युवकों का कारनामा, दो युवकों ने बातों में फंसाया, दो बैग छीन हुए फरार

धनबाद शहर में मंगलवार को दिनदहाड़े स्कूटी सवार युवती से दो लाख तीस हजार की लूट हो गई. वारदात को दो बाइक पर सवार चार युवकों ने शातिर तरीके से अंजाम दिया है. वारदात में शिकार बनी युवती के घर सोमवार को शादी हुई थी, वो शादी से जुड़े कामों में रकम अदायगी को लेकर बैंक से रकम निकालने गई थी और वापस लौटने के क्रम में हादसा हो गया.

खबर पाकर धनबाद थानेदार राजेश कुमार ने मौका-ए-वारदात पर पहुंचकर मामले की छानबीन की, साथ ही बैंक के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है.

वारदात के बारे आफिसर्स कालोनी निवासी अर्जुन पासवान की पुत्री प्रीति कुमारी ने बताया कि वो मंगलवार को हीरापुर एसबीआई ब्रांच पैसे निकालने के लिए गई थी. घर में उनके भाई की शादी हुई थी, विवाह के बाद खर्चे के लिए रकम निकालने गई थी. ढाई लाख रुपये निकालने के बाद उसने दो लाख तीस हजार रुपये अलगकर बैग में रख दिया. इसके बाद अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर आने लगी. तभी लुबी सर्कुलर रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने उसे कहा कि आपका दुपट्टा पहिया में फंस सकता है. ये कहकर बाइक सवार आगे निकल गया. लेकिन प्रीति को लगा कि शायद सही में उसका दुपट्टा पहिया में फंस रहा है, इसे देखने के लिए उसने अपनी स्कूटी साइड की और देखने लगी. तभी पीछे से दूसरी बाइक पर दो युवक और पहुंचे और प्रीति के कंधे में लटका रकम भरा बैग छीन कर फरार हो गए. इस बैग में प्रीति का मोबाइल और दो एटीएम कार्ड में रखा हुआ था. वारदात के बाद प्रीति अपने घर गई और मामले की जानकारी परिजनों को दी. फिर परिजन थाने पहुंचे और शिकायत की गई. वारदात के बाद पुलिस तक शिकायत पहुंचने में लगभग दो घंटे का वक्त गुजर गया. खबर पाते ही थानेदार राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए. हीरापुर एसबीआइ ब्रांच में भी पुलिस की टीम गई है, वहां के सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है, क्योंकि पुलिस को भी यकीन है कि बाइक सवार अपराधियों ने बैंक से ही प्रीति का पीछा किया है. यहां मिले संदिग्ध चेहरों को पुलिस अपने फाइल में रखकर उनकी तफ्तीश करेगी.

### पूर्व में भी दो वारदातों को अंजाम दे चुका है गिरोह

धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर में ही महिला को पुलिस बन कर ठगा गया था. शातिरों ने उसके हार व कंगन को बैग में रखने की बात कही. फिर महिला ने कंगन और हार खोल कर उन लोगों को दिए. उन्होंने एक कागज में लपेट कर जेवर को रखने का नाटक किया, जबकि कागज में जेवर नहीं रखे थे, महिला को संदेह होने पर जब बैग देखा तो जेवर गायब मिले. इसी तरह रांची के एक कारोबारी को कार से मोबिल गिरने की बात कहकर उनका लैपटॉप और एक लाख रुपया उड़ा लिया था.

## भाजपा विधायक भानु शाही एससी/एसटी मामले में बरी

संवाददाता। मेदिनीनगर



व्यवहार न्यायालय ने भवनाथपुर से भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को बरी कर दिया है. वर्ष 2006 में भवनाथपुर में विजय सिंह नाम के शख्स ने एससी/एसटी जाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत विधायक भानु प्रताप शाही समेत अन्य लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था. जिसको लेकर प्रथिमिकी संख्या 53/2006 दर्ज था. कोर्ट से बरी होने के बाद मामले में विधायक भानु प्रताप शाही ने मीडिया से बात करते हुए कहा की राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाने की कोशिश की गई थी, लेकिन न्यायालय ने उन्हे इंसाफ दिया है.

वहीं अधिवक्ता एसएसपी देव ने बताया की सबूतों और गवाहों को सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में विधायक को बरी किया गया है. वहीं 4 अन्य मनोज, उपेंद्र दुबे, मनोज दुबे और भगत दयाल को 6 महीने से 18 महीने तक की सजा मिली है.

## ईंट भट्ठे में गोलीबारी से दहशत, खोखा बरामद

### हथियारबंद अपराधियों की फायरिंग में कोई हताहत नहीं, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता। चंदवा (लातेहार)।




चंदवा थाना क्षेत्र के चीरो गांव स्थित ए-वन मार्का ईंट भट्ठा में सोमवार की देर रात अपराधियों ने गोलीबारी की. जानकारी के अनुसार भट्ठा के मजदूर अपने काम को निपटा कर अपनी-अपनी झोपड़ियों में आराम कर रहे थे. कुछ मजदूर भठ्ठा मे कोयला डालने का काम कर रहे थे.

इसी दौरान दे हथियारबंद अपराधी वहां आये और फायरिंग करने लगे. हालांकि इस गोलीबारी में किसी मजदूर को नुकसान नहीं पहुंचा. मजदूर विराम बारला ने कहा कि दो लोग ईंट भट्ठा के पूर्व दिशा की ओर से आये और तकरीबन 20-25 राउंड गोलियां चलायी. उन्होंने एक मजदूर के साथ धक्का-मुक्की भी की. फिर दोनों हथियार बंद अपराधी वहां से चले गये. घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है. पुलिस घटना स्थल से दो खोखा भी बरामद किया है. भट्ठा मालिक अवधेश साव ने बताया कि राहुल सिंह के द्वारा दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी की गयी है.

उन्होंने बताया कि राहुल सिंह वाट्सएप्प कॉल कर धमकी दे रहा था कि जब तक उन लोगों से बात नहीं करेगें, ईंट भट्ठा चालू नहीं होगा. इस बाबत चंदवा थाना प्रभारी से जानकारी लेने की कोशिश की गयी लेकिन मोबाइल पर संपर्क नहीं हो पाया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## गल्फरबाड़ी में कैश सहित 10 लाख के जेवर की चोरी

संवाददाता। मैथन

गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया. चोरों ने गलफरबाड़ी ओपी से कुछ ही दूरी पर जीटी रोड किनारे स्थित धर्मदेव भारती के घर को निशाना बनाया और ताला तोड़कर 80 हजार नगद सहित 10 लाख रुपये के जेवरात उड़ा लिये. घटना रविवार रात की है. घटना के समय घर पर कोई नहीं था. घर का मालिक धर्मदेव भारती की बेटी की शादी है. वह सपरिवार तिलक चढ़ाने छपरा, बिहार गये हुए हैं. वे घर की चाबी पास के कचड़ा गोदाम संचालक उमेश चौधरी को दे गये थे. घटना सोमवार को तब हुई, जब एक चोर उमेश चौधरी के पास ही चुराये गये मोटर व अन्य सामान बेचने आया था. चौधरी ने संदेह पर उसे पकड़ लिया और एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया. इसके बाद वे तुरंत भारती के घर पहुंचे, जहां उनका संदेह यकीन में बदल गया. वे वापस घर आये, लेकिन चोर ने इस बीच मौके का फायदा उठाकर वहां से ताला तोड़ भाग गया.

**अच्छी खबर** गढ़वा में पीएम नरेंद्र मोदी ने किया बहुद्देशीय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास

## संघर्ष की बदौलत ही जीवन में मिलती है सफलता: सांसद

संवाददाता। गढ़वा



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद बीडी राम व अन्य.

गढ़वा के अन्नराज नावाडीह स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 3.5 करोड़ की लागत से बनने वाले बहुद्देशीय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम से मंगलवार को किया. जबकि नवोदय विद्यालय में शिलान्यास सह भूमि पूजन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने फीता काट कर किया.

मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्टभूमि के मेघावी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय की स्थापना की गई है. जिसमें गढ़वा नवोदय विद्यालय ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया है. आज प्रधानमंत्री 13 हजार करोड़ की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं को देश को समर्पित कर रहे हैं. इस पुनीत कार्य मे उनके प्रतिनिधि के रूप में शामिल होकर कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं. उन्होंने छात्र - छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी छात्र जीवन मे खूब मेहनत करें. मेहनत करने से आप कभी भागे नहीं. मेहनत और संघर्ष के बदौलत ही सफलता मिलती है और यह काम बच्चें अपने रूम के अपेक्षा स्टडी रूप का अधिक से अधिक उपयोग कर हासिल कर सकते हैं. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा की नई शिक्षा नीति लागू हो जाने से बहुद्देशीय भवन की प्रासंगिकता और बढ़ गई है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा. उन्होंने छात्रों से फिजिकल फिटनेश पर भी ध्यान देने की बात कही. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी ने स्कूल की उपलब्धि पर प्रकाश डाला वही नवोदय विद्यालय में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्यालय को शहरी फीडर से जुड़ने और विधालय परिसर के बीच से बने रास्ता को बंद कर स्कूल के चारदीवारी के बाहर से रास्ता चालू करने की मांग की. मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे स्कूल के छात्रों ने नागपुरी, बांग्ला गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया. मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी, प्रवीण जायसवाल, प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, चंदन जयसवाल, कमलेश नंदन सिन्हा, शिक्षक आरके प्रजापति, अजीत कुमार, जेई मैथ्यूज, गणेश पांडेय, सपना नीना, राहुल चौधरी, रिंकी कुमारी, साजिद हुसैन, एसबी राय, मनोज कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता, शालिनी सिंह, पीयूष वास्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### मंदबुद्धि युवती हुई गर्भवती दुष्कर्मी के खिलाफ केस दर्ज

गुमला। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में 19 वर्षीय एक मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म और गर्भधारण का मामला प्रकाश में आया है. पीड़िता के पिता ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी 45 वर्षीय राज किशोर महतो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़िता के पिता ने कहा है कि उसकी बेटी मंदबुद्धि है. वह गर्भवती हो गई है. गर्भवती होने के संबंध में जानकारी मिलने पर उसकी बेटी ने गांव के ही बालगोविंद महतो के पुत्र राज किशोर महतो पर लंबे दिनों से मिठाई और पैसा का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की बात कही है. इस संबंध में मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि और ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में ग्रामीणों ने थाना को सूचित करने और मेडिकल जांच कराते हुए कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया.

## घर में घुस कर युवक ने पति व पत्नी की हत्या की, हिरासत में

संवाददाता। देवघर

एक घर में घुस कर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गयी. यह घटना सोमवार देर रात जिले के सिंघवा मोहल्ले में घटी,जहां दो लोगों की ईंट से कूच कर हत्या दी गयी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सिंघवा मोहल्ला निवासी अनुज बरनवाल के घर में चोरी करने के उद्देश्य से एक युवक ने प्रवेश किया. उसने घर में मौजूद अनुज बरनवाल और उनकी पत्नी बासमती देवी की हत्या कर दी.

घटना को अंजाम देने के बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिल गयी. जिसके बाद आरोपी युवक अपने आप को बचाने के लिए घर के बने बॉक्स में छुप गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घर से बाहर लगे शटर को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और युवक को अपने हिरासत में लिया.

**हत्या क्यों की गयी, स्पष्ट नहीं :** अनुज बरनवाल देवघर के बड़ी मस्जिद के पास पान की गुमटी चलाते थे. वहीं, उनकी पत्नी मृतिका बासमती देवी घर पर ही छोटी मनिहारी की दुकान चलाती थी हालांकि, घटना किस वजह से घटी और हत्या की क्यों गयी, इसे लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है.

मौके पर देवघर नगर थाना की पुलिस, जसीडीह थाना की पुलिस, मोहनपुर थाना की पुलिस पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है.

कोर्रा थाना पुलिस ने धर्मांतरण के आरोपितों को थाने से छोड़ा, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल करेगा आंदोलन

# धर्मांतरण के 8 आरोपितों को छोड़ने का चहुंओर हो रहा है विरोध

**संवाददाता। हजारीबाग**



कोर्रा थाना पुलिस ने धर्मांतरण के आरोप में पकड़े गए आठ लोगों को थाने से मुक्त कर दिया. इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई. पुलिस द्वारा आरोपितों को रिहा करने के बाद विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित भाजपा व अन्य संगठनों ने इसका विरोध किया है. आरोपितों को छोड़े जाने का मामला बीती रविवार रात का है और मंगलवार को लोगों इसकी जानकारी मिली.

पूरे मामले में कोर्रा थाना प्रभारी पर पैसा लेकर आरोपितों को छोड़ने का आरोप लग रहा है. इस मामले में बजरंग दल के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है. बकायदा एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंच कर इसकी शिकायत करने पहुंचा था, पर उनकी मुलाकात एसपी से नहीं हो सकी. पूरे मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने कहा है कि संगठन स्तर पर इस मुद्दे को उठाया जाएगा और थाना प्रभारी के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. ज्ञात हो कि रविवार को ग्रामीणों ने कोर्रा थाना क्षेत्र के महेंद्र कॉलोनी सिंदूर में आठ लोगों को धर्मांतरण कराने के आरोप में पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था. इनमें चार लोग बाहर से आए थे. जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उक्त स्थल से बाइबल और नगदी के साथ दस्तावेज सहित अन्य सामान जब्त किए थे.

इस मामले में रंजीत सोनी नामक युवक ने कोर्रा थाना में आवेदन देकर धर्मांतरण करने का आरोप लगाया था. आवेदन में कहा था कि उसके द्वारा मना करने पर उसकी पिटाई की गई. जानकारी दी थी कि महेंद्र कालोनी निवासी उर्मिला देवी पति विजय मेहता के घर में 50 से अधिक लोगों को बुला कर धर्मांतरण कराया जा रहा था.

### गंभीर मामला

- कोर्रा थाना प्रभारी पर लगा पैसे लेकर छोड़ने का आरोप
- सिंदूर के महेंद्र कालोनी में रविवार को पकड़े गए थे आरोपी

### सबूतों के बाद भी आरोपियों को छोड़ा : अरविंद मेहता

विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री अरविंद मेहता ने कहा कि कोर्रा थाना पुलिस ने जानबूझ कर पैसे के प्रभाव में आरोपितों को छोड़ दिया. धर्मांतरण के इतने सारे सबूत मिलने के बाद भी कहा जाता है एफआईआर करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज नहीं है. विश्व हिंदू परिषद इस मामले को लेकर आंदोलन करेगा.

### दिनदहाड़े धर्मांतरण चिंता का विषय : लड्डू

सामाजिक कार्यकर्ता लड्डू यादव ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि दिनदहाड़े हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है. पैसे का प्रलोभन देकर दूसरे धर्म को अपनाने का दबाव बनाया जा रहा है. कोर्रा थाना की पुलिस ने धर्मांतरण करने वालों को जानबूझ कर छोड़ दिया. यह घटना क्षेत्र में धर्मांतरण को बढ़ावा देने जैसा है.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### स्कूली बच्चों को पोशाक व शैक्षणिक किट बांटे

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में स्कूली बच्चों के बीच झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय यादव, सचिव कैलाश पासवान, भीम आर्मी अध्यक्ष प्रमोद रविदास ने संयुक्त रूप से पोशाक बांटे. पहली और दूसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं को 2 सेट पोशाक, एक स्वेटर, जूता-मौजा और शैक्षणिक किट का वितरण किया गया. इसके अलावे तीसरी से आठवीं वर्ग के सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को एक-एक शैक्षणिक कीट बांटे गए. इस शैक्षणिक कीट में एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, पांच सेट कलम और पैंसिल, रबड़, कटर दिये गये. स्कूली कीट वितरण में प्रबंधन समिति के सदस्य अनिल दास, विजय दास, जीतू मांझी, शिक्षक स्वामी तीर्थनाथ सिंह, राजेश्वर प्रसाद, पंकज सिन्हा, कुंती देवी, संकुल साधनसेवी आनंद पांडेय, एफएल के फील्ड को-ऑर्डिनेटर विकास राजन, अभिभावक संजू देवी, सविता देवी और सोनिया देवी उपस्थित थीं.

### पीएम जनमन योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

**रामगढ़।** पीएम जनमन योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने योजना के उद्देश्यों, चिन्हित विभिन्न सूचकांकों एवं रामगढ़ जिले में पीवीटीजी से संबंधित ग्रामवार बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट की जानकारी दी. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के तहत चिह्नित सूचकांकों के अंतर्गत पीवीटीजी समूह के परिवारों को पीएम आवास योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा अभियान, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभान्वित करने को लेकर निर्देश दिए. साथ ही पीवीटीजी समूह के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु शिविर आयोजित करने को भी कहा. बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीएसडब्ल्यूओ, डीईओ उपस्थित थे.

### डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा

**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक की. इस दौरान उपायुक्त ने जिले में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य समृद्धि वाहन संचालित करने का निर्देश दिया. जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाबत सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. वहीं, रामगढ़ सदर अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी का कार्य 60 दिनों के अंदर पूरा करने को कहा. सदर अस्पताल सहित जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाइयों से संबंधित विवरणी दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रकाशित करने का निर्देश दिया. साथ ही सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक लाख रुपए की लागत के ऊपर के स्वास्थ्य उपकरणों के इस्तेमाल से संबंधित लॉग बुक व पंजी संधारित करने को कहा.

### जिप क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता : सुधा

**रामगढ़।** चितरपुर पूर्वी पंचायत स्थित मदरसा मिफ्ताहुल उलूम परिसर में मंगलवार को 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद योजना से लगभग 14 लाख की लागत से शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि चितरपुर दक्षिणी पार्षद सालेहा परवीन, मुखिया भानुप्रकाश महतो, पूर्व मुखिया यूसुफ मजहर द्वारा संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने कहा कि जिला परिषद क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. इसके लिए वे हमेशा ततपर हैं. वहीं सालेहा परवीन ने संवेदक को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया. मौके पर मदरसा के प्रधानाचार्य निशात अहमद, अध्यक्ष मो. मुस्ताक, शिक्षक मो. अयाज उल्लाह, अशफाक उल्लाह, नायला नवाजिश, वार्ड सदस्य कुर्बान अंसारी, कौलेश्वर महतो, मो. मुस्ताक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे.

### अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिन्यूअल पर हुई विस्तृत चर्चा

**कोडरमा।** पीसी एंड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई. इस दौरान पवन श्री अल्ट्रासाउंड, सहारा अल्ट्रासाउंड, तिलैया हार्ट क्लीनिक, मैक्स डाग्नोस्टिक एंड शीला रानी हॉस्पिटल, अपोलो अल्ट्रासाउंड, होली फैमिली हॉस्पिटल, प्लस डाग्नोस्टिक सेंटर, हेल्थ मेप डाग्नोस्टिक पर चर्चा की गयी. वहीं श्री अल्ट्रासाउंड सेंटर, तथागत हॉस्पिटल अल्ट्रासाउंड सेंटर के नये रजिस्ट्रेशन और एडवांस अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन रिन्यूअल करने से संबंधित चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए. इसके साथ ही क्लीनिक इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत जिला निबंधन प्राधिकार की बैठक हुई. बैठक में द्विवेदी मेडिकल हॉल, आर्या पैथोलेब, संजीवनी क्लीनिक और शीला रानी हॉस्पिटल पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार व अन्य मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### कई विद्यालयों के वित्तीय मामलों का अंकेक्षण

**टाटीझरिया।** प्रखंड के होलंग में अवस्थित बीआरसी में मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों के रोकड़ पंजी, बैठक पंजी, पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन योजना की पंजी का अंकेक्षण किया गया. दो अंकेक्षक इस कार्य के लिए बीआरसी में आए थे. अंकेक्षकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस ऑडिट की रिपोर्ट अपने कार्यालय को सौंपेंगे. वहीं, कई शिक्षकों ने बताया कि ऑडिटर महोदय रजिस्टर में केवल टिक लगाते गए, कहीं हस्ताक्षर और मुहर का उपयोग नहीं किया है. इस प्रकार के अंकेक्षण का क्या मतलब है? इस बाबत बीईईओ राकेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि अंकेक्षण की कार्य पद्धति पर कुछ नहीं कह सकते हैं.

### अपराधियों ने कार पर चलाई गोलियां

**रामगढ़।** बासल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बार फिर गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का प्रयास किया है. मंगलवार अपराह्न 3 बजे अपराधियों ने एक कार पर गोलीबारी कर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी. जानकारी के अनुसार बलकुदरा खुली खदान के समीप इंडिका कार पर बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलीबारी की और फरार हो गए. अपराधियों ने कार पर दो गोलियां चलाई. घटना की सूचना पर भुरकुंडा पुलिस और खदान के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है. बताया जा रहा है कि जिस कार पर गोली चली है, वह कार टाटा मोटर्स के मैनेजर की है.

### 30 लाभुकों को गैस सिलेंडर व चूल्हा बांटे

**रामगढ़।** बड़कीपोना पंचायत के रहमत नगर में मंगलवार को ग्राहक सेवा केंद्र भारत किचन स्टोर चितरपुर द्वारा लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण किया गया. इस दौरान बड़कीपोना के उप मुखिया परवेज अहमद ने 30 लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर व चूल्हा का वितरण किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया. इससे खाना बनाने में सुविधा के साथ महिलाओं को धुंए से मुक्ति भी मिलेगी. मौके पर देवंती देवी, अनीशा खातून, रूही परवीन, अंजुम आरा, नजराना खातून, सुशीला देवी, शबाना परवीन, नाजिया परवीन, नसरीन परवीन, गजाला परवीन, तलत जहां, नासरीन फातिमा, अफसाना परवीन सहित कई मौजूद थे.

महिला शिक्षिका को स्पष्टीकरण तक नहीं, सीधे कर दिया निलंबित


# दबाव से शिक्षक परेशान

**संवाददाता। हजारीबाग**

पोशाक वितरण में अनियमितता मामले में पिछले चार माह से विवादों के घेरे में चल रहे जिला शिक्षा अधीक्षक और उनके कार्यालय की ओर ये हर दिन मनमानी की बात सामने रही है. शिक्षा विभाग में हालात कुछ इस प्रकार बन गए हैं कि जिला शिक्षा अधीक्षक, शिक्षकों को स्पष्टीकरण पूछना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं और निलंबन की चिट्ठी धड़ाधड़ निकल जा रहे हैं. 25 दिनों में 8 से अधिक शिक्षकों को निलंबित किया गया है.

बरकट्ठा से ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक महिला शिक्षिका को जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बिना कारण पूछे सीधे निलंबित कर दिया गया. पिछले तीन माह से शिक्षा विभाग में अजब गजब खेल जारी है. नियमों को ताक पर रख कर शिक्षकों के सेवा के साथ मजाक किया जा रहा है. दरअसल, मध्य विद्यालय बरकट्ठा की सहायक शिक्षिका साइना चक्रवर्ती पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने लापरवाही और मनमानी का आरोप लगा कर जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रतिवेदन दिया था. इस विषय पर ना तो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और न ही जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगना उचित समझा और सीधे निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया.

निलंबन के बाद शिक्षिका को ना ही निलंबन की जानकारी दी गई और ना ही व्हाट्सएप पर कोई सूचना दी गई. जिस तरह नियमों-परिनियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, यह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है. जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षकों को निलंबित करना मानो चुटकी का खेल बन चुका है. इधर लगातार निलंबन से विद्यालयों में भी पठन-पाठन व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है. विद्यालयों में शिक्षकों की कमी होने के कारण कार्यरत शिक्षक को आकस्मिक अवकाश भी लेने में परेशानी हो रही है. वहीं वर्ग व्यवस्था, गुरु गोष्ठी और विभागीय बैठकों में भी उपस्थित होने में समस्या आ रही है. रोज-रोज के निलंबन और अनावश्यक दबाव से शिक्षक परेशान हैं.



जिला शिक्षा अधीक्षक

> निलंबन के कारण की चिट्ठी डाक के माध्यम से भेजी गई है, जो कि शिक्षिका साइना चक्रवर्ती लेना ही नहीं चाहती हैं. वह अपनी ड्यूटी को लेकर लापरवाह रही हैं इसी के आधार पर उन्हें निलंबित किया गया है.
>
> – किशोर सिन्हा, बीईईओ, बरकट्ठा

### विभाग मौन

- 25 दिनों में 8 से अधिक शिक्षकों को किया निलंबित
- डीएसई व उनके कार्यालय पर मनमानी का आरोप

### कौन दे रहा सलाह मौन साधे हैं अधिकारी

जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता की मनमानी जगजाहिर है. इनके कारण कई बार उपायुक्त को भी बीच-बचाव करना पड़ा है. बावजूद इसके जिले के शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौन हैं. शिक्षकों की समस्यायों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं. बाध्य होकर शिक्षक संगठन अब विभाग के उच्च पदाधिकारियों तक गुहार लगाने का मन बना रहे हैं. कई शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि शिक्षकों के साथ हो रही ज्यादती को जमकर सामना करने के लिए संघर्ष भी कर रहे हैं. उनका मानना है कि अति का अंत अवश्य होता है. शिक्षकों की गरिमा को धूमिल करने वाले पदाधिकारी के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा और पीड़ित शिक्षकों को न्याय दिलाया जाएगा.

### एक साल में सात बार किया गया डेपुटेशन

पीड़ित शिक्षिका साइना चक्रवर्ती ने बताया कि उन्हें विभिन्न माध्यमों से प्रताड़ित किया जा रहा है. इसका उदाहरण कि एक साल में सात बार विभिन्न विद्यालयों में उनकी प्रतिनियुक्ति की गई है. जब इतने से भी इनका मन नहीं भरा, तो उनकी रामनवमी ड्यूटी गोरहर थाना के नक्सली क्षेत्र में लगा दी गई, जबकि महिला शिक्षकों को ऐसी ड्यूटी नहीं मिलती है. उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रखंड की एकमात्र महिला शिक्षिका हैं, जिसे रामनवमी ड्यूटी के लिए बाध्य किया गया. आगे कहा कि निलंबन को लेकर मुझे किसी प्रकार का कोई शो-कॉज नहीं किया गया और ना ही मुझे किसी प्रकार का कोई चिट्ठी दी गई है. ऐसे में मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुकी हूं और सदमे में हूं.

### रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में चोरी

**रामगढ़।** चैंबर ऑफ कॉमर्स, रामगढ़ कार्यालय में बीती रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, रामगढ़-पतरातू बस्ती रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय का दरवाजा तोड़ कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया. चोरों ने चेंबर भवन का अलमीरा, दराज आदि तोड़ दिया और लाखों रुपये मूल्य की कीमती सामग्रियों की चोरी कर ली. बताया जाता है कि चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी व रामगढ़ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं.

### विद्यालय में मनी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**रामगढ़।** प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में मंगलवार को शैक्षणिक जागृति के अग्रदूत महात्मा जोतिबा फुले की 197 वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया. मौके पर मुख्य रूप से मौजूद सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा कि महात्मा जोतिबा फुले ने घोर अन्याय और अत्याचार को सहते हुए भी भारतीय समाज में शिक्षा की ज्योति जलाई. दलित समाज और लड़कियों को शिक्षित करने के लिए 1948 में पहला स्कूल खोला. लोगों में सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के उद्देश्य से अनेक पुस्तकें भी लिखी. हमें उनके आदर्श जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए. मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, कृपाल महतो, मोगिश अहमद सहित समस्त बच्चे मौजूद थे.

# हत्या के अभियुक्त को उम्रकैद

### कोर्ट फैसला

- एडीजे द्वितीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने सुनाई सजा
- 20,000 जुर्माना भी लगाया, जमीन विवाद में हुई थी हत्या

**संवाददाता। कोडरमा**

जमीन विवाद में हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को सजा सुनाई. आरोपी कोडरमा जिला निवासी विपिन कुमार को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. साथ ही 20,000 रुपये जुर्माना लगाया गया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी.

वहीं अदालत ने आईपीसी की धारा 323, 324, 341 व 504/34 के तहत दोषी पाते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया. सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी. अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया. इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया. लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया था. वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश की. अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया. बताते चलें कि न्यायालय ने 19 फरवरी को आरोपी को दोषी ठहराया था.

### क्या है पूरा मामला

मामला वर्ष 2016 का है. मृतक रूप लाल प्रसाद यादव की पत्नी शकुंतला देवी ने सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया था. दिए आवेदन में बताया था कि 5 अगस्त 2016 को दिन के करीब 10 बजे उसके पति अपने खेत पर काम करने गए थे. इस बीच गोतिया विशुंधरी प्रसाद यादव, विपिन कुमार, सवीन कुमार और शुमा देवी भाला-टांगी, लाठी लेकर उसके पति के साथ मारपीट करने लगे. इसी दौरान विशुंधरी प्रसाद ने भाले से सिर पर वार किया. वहीं विपिन कुमार, सवीन कुमार एवं शुमा देवी टागी और लाठी से वार किया. सिर में ज्यादा चोट लगने से उनकी मौत हो गई. थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी.

### वृद्धा पेंशन के लिए 32 लोगों ने दिया आवेदन

**टाटीझरिया।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत 50 से 59 साल तक के लोगों को पेंशन देने के लिए मंगलवार को धरमपुर पंचायत भवन में मंगलवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया. अध्यक्षता मुखिया कांति देवी ने की. मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पंचायत क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को देने के लिए प्रयासरत हैं. शिविर में 50 से 59 साल तक के कुल 32 लोगों ने आवेदन दिया है. मौके पर पंचायत सचिव संजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रकाश प्रजापति, लोकनाथ गोप, मनोज रविदास, गणेश यादव, राजू रविदास, विमला देवी, आशा देवी, अख्तरी खातून, प्रकाश साव, प्रद्युम्न साव, बैजनाथ प्रजापति, सुरेश प्रजापति, रेशमी देवी, शांति देवी, मालती देवी, रीता देवी समेत अन्य उपस्थित थे.

अन्नपूर्णा देवी से मिला स्नातकोत्तर शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल, कहा

# उच्च शिक्षा के लिए स्थिति प्रतिकूल

**संवाददाता। हजारीबाग**



विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, अन्नपूर्णा देवी से स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिल कर ज्ञापन सौंपा. सदर विधायक मनीष जायसवाल की उपस्थिति में संघ के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता एवं सचिव डॉ विनोद रंजन ने कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति एवं वित्तीय लाभ से झारखंड सरकार द्वारा शिक्षकों को वंचित रखे जाने के मामले से मंत्री को अवगत कराया.

प्रतिनिधिमंडल द्वारा कहा गया कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों को झारखंड सरकार समय पर अधिसूचित करती ही नहीं है. विलंब से किए गए अधिसूचना में मनमाने तरीके से अतिरिक्त बंदिशों का प्रावधान जोड़ कर प्रक्रिया एवं अर्हता को काफी जटिल बना देती है. फलतः लंबे समय से शिक्षक प्रोन्नति एवं अन्य वित्तीय लाभों से वंचित रहने को विवश हैं. यह केवल शिक्षकों के लिए नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा के लिए भी प्रतिकूल स्थिति है.

**केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने दिया कार्रवाई का भरोसा :** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्नातकोत्तर शिक्षक संघ को इस बाबत विस्तृत बातचीत के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने इस मुद्दे पर कार्रवाई का भरोसा दिया. वहीं विधायक मनीष जायसवाल ने विश्वविद्यालय परिसर में जिला प्रशासन द्वारा लगातार किए जाने वाले राजनीतिक-सरकारी आयोजनों को अनुचित बताते हुए अविलंब ऐसे आयोजनों से विश्वविद्यालय परिसर को मुक्त रखने की मांग की.

### रखी बात

- वित्तीय लाभों से शिक्षकों को वंचित रखने का मुद्दा रखा
- प्रक्रिया व अर्हता को जटिल बना रही झारखंड सरकार

प्रखंड कार्यालय से ग्रामीण इलाकों के लिए बहने वाली विकास की गंगा में फैल चुका है भ्रष्टाचार का कीचड़

# दो अधिकारियों के गंठजोड़ से मची लूट की चर्चा आम

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

प्रखंड में पदस्थापित दो अधिकारियों की युगल जोड़ी के मुद्रा मोचन की चर्चा इन दिनों लोगबाग कर रहे हैं. रोजगार सृजन के साथ-साथ विकास की गंगा बहाने की जिम्मेदारी इन्हीं अधिकारियों के कंधों पर है. मामला प्रखंड कार्यालय से जुड़ा हुआ है. यहीं से प्रखंड के ग्रामीण इलाकों के लिए विकास की गंगा बहती है, मगर गंगोत्री ही भ्रष्टाचार के कीचड़ से सनी प्रतीत होती है.

नतीजतन, विकास की बाट जोह रहे वंचितों तक पहुंचते-पहुंचते यह धारा लगभग सूख सी जाती है. यही विकास योजनाओं की चरम अधोगति है. सूत्र बताते हैं कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की यहां बोलियां लगती हैं. इससे इसके असली हकदार वंचित रह जाते हैं. अबुआ आवास योजना में बरती जा रही अनियमितताएं सुर्खियां बटोर चुकी हैं. इसकी शिकायत उपायुक्त तक की गई है. अबुआ आवास के योग्य लाभुकों के चयन के बाद भी उनकी हकमारी हो रही है. चेडरा पंचायत के मो. अफजल ने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया था. उसके जीर्णशीर्ण आवास का भौतिक सत्यापन भी हुआ, पर उसे आवास नहीं मिला. वहीं पक्के घर वालों को अबुआ आवास दिए जा रहे हैं. आखिर इसके पीछे कोई तो वजह होगी. अफजल एक बानगी भर है. अगर जांच हो तो चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं.

मनरेगा का हाल भी अलग नहीं है. यहां भी घोर अनियमितता बरती जा रही है. मनरेगा का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार देना है. ताकि उनका पलायन रोका जा सके. लेकिन, इसकी जमीनी हकीकत कुछ और है. इसमें ठीकेदारी प्रथा स्थापित हो चुकी है. इस प्रथा में कुछ कथित कलमकार भी शामिल बताए जाते हैं. सच तो यह है कि मनरेगा में काम करने के लिए मजदूर नहीं मिलते हैं.

### हकदार वंचित

- वंचितों तक पहुंचते-पहुंचते सूख जाती विकास की धारा
- अबुआ आवास योजना व मनरेगा में भारी अनियमितता

### मजदूरों के नाम पर अवैध निकासी का आरोप

**विष्णुगढ़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई. अध्यक्षता 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा और संचालन बीडीओ अखिलेश कुमार ने किया. इस दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत, आपूर्ति, पशुपालन विभाग समेत जेएसपीएल, सिंचाई योजना, बिरसा हरितक्रांति योजना और राजस्व विभाग पर बिंदुवार चर्चा की गई. बैठक में मनरेगा को लेकर आरोप लगाया गया कि फर्जी मजदूरों के नाम पर फर्जी भुगतान किया जा रहा है. इसको लेकर कार्रवाई की मांग की गई. बैठक में वन विभाग के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर रोष जताया गया. बैठक में अंचलाधिकारी विकास कुमार टुड्डू, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, बीपीओ राज मोहन वर्मा, मनरेगा जेई नीरज हजारी, संजय प्रजापति, लक्ष्मी देवी, कपिलदेव चौधरी, अब्बास अंसारी, राणा इकबाल खान, विशेश्वर स्वर्णकार, ममता सिंह, रामचंद्र दांगी, डॉ. चंद्रवेश्वर प्रसाद, अभय कुमार, कुणाल कुमार, पीयूष कुमार, शीतल कंडेर, लक्ष्मी कुमारी, राज कुमार, अविनाश कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

### अबुवा आवास के लिए पैसे मांगने का ऑडियो वायरल

**केरेडारी।** प्रखंड में अबुवा आवास योजना के लाभुक के खाते में राशि डलवाने के नाम पर फोन कर कमीशन मांगे जाने का ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है. आरोप लग रहा है कि केरेडारी के बरियातू पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी के पति विकास साव द्वारा एक लाभुक से फोन पर बोला जा रहा है कि आपका जियो टैग सब हो गया है. जियो टैग का पैसा भी मिल गया है. अब आवास मिलने की बारी है, जिसमें कम से कम 10 हजार रुपया लग रहा है. वहीं लाभुक द्वारा अपना मजबूरी बताते हुए पैसे नहीं होने की बात कही जा रही है. इस संबंध में मुखिया पति से पूछे पूछे जाने पर कहा कि वह लाभुक से मजाक कर रहे थे. इस मामले में बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है. उन्होंने जांच टीम गठित कर कार्रवाई करने की बात कही है.

# सीके नायडू ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा झारखंड

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**

बीसीसीआई द्वारा आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्राफी में झारखंड अंडर-23 क्रिकेट टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है. जेएससीए ने कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह को टीम का मैनेजर नियुक्त किया है. दिनेश सिंह ने बताया कि झारखंड टीम में प्रतिभावान खिलाड़ी हैं. झारखंड टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है. देश के अलग-अलग राज्यों में झारखंड की टीम जीत दर्ज कर ग्रुप में चैंपियन रही.

झारखंड की टीम ने असम, उड़ीसा, पंजाब, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, सौराष्ट्र और त्रिपुरा पर जबरदस्त तरीके से जीत हासिल कर अंक अर्जित किया. क्वार्टर फाइनल मैच 25 फरवरी से खेले जाएंगे. दिनेश सिंह ने आगे बताया कि टीम में कोच के रूप में रतन कुमार, बाल शंकर झा, ट्रेनर महादेव सिंह, फिजियो अमित पाल जैसे झारखंड क्रिकेट के नामचीन लोग जुड़े हुए हैं. उन्होंने कहा कि बीसीसीआई द्वारा आयोजित इस बड़े टूर्नामेंट में झारखंड टीम के मैनेजर के रूप में काम करना उनके लिए गर्व की बात है.

### क्रिकेट टूर्नामेंट

- शानदार प्रदर्शन कर रही है झारखंड टीम : दिनेश सिंह
- 25 फरवरी से खेले जाएंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

**ब्रीफ खबरें**

### घर के बाहर ट्रैक्टर चोरी प्रशासन से लगाई गुहार

**सरिया (गिरिडीह)।** फरवरी सरिया थाना क्षेत्र के चंद्रमारनी निवासी सुखदेव प्रसाद के घर के सामने रखा महिंद्रा ट्रैक्टर को गत रात चोरी हो गईं. महेंद्र ने बताया कि हर दिन की तरह ट्रैक्टर को अपने घर के समीप रखा था, लेकिन, सुबह बाहर निकला तो देखा ट्रैक्टर गायब हैं. आस-पास के लोगों से बात किया, पर ट्रैक्टर के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं थी. सुखदेव का कहना है कि ट्रैक्टर से ही उसका रोजगार चलता था. यदि ट्रैक्टर नहीं मिला तो हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो जाएगी. उन्होंने ट्रैक्टर को लेकर सरिया थाना में आवेदन दिया है और प्रसाशन से गुहार लगाई है.

### हाईवा और स्कॉर्पियो में टक्कर, कई घायल

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो ओवरब्रिज के समीप हाईवे संख्या जेएच 09एबी 5973 ने स्कॉर्पियो जेएच 10 बीएफ 3265 को जोरदार टक्कर मार दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो गिरिडीह से रांची की ओर जा रही थी. वहीं विपरीत दिशा से आ रही है हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे की स्कॉर्पियो में बैठे लोग पूरी तरह से घायल हो गए. स्कोर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से केंद्रीय अस्पताल ढोरी में भर्ती कराया गया है.

### छात्र-छात्राओं को दी गई ईवीएम की जानकारी

**डुमरी।** डुमरी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त एसडीएम के आदेशानुसार ईवीएम जागरुकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्लस टू एसएसकेबी हाई स्कूल डुमरी के कक्षा 9,10,11 एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रणाली के बारे में बताया गया. साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा उपलबध कराए गए डमी ईवीएम के माध्यम से पहले ईवीएम के बारे में समझाया गया. इसके बाद उन्हें ईवीएम मशीन पर कैसे मतदान किया जाता है और ईवीएम मशीन कैसे कार्य करता है, इस संदर्भ में बताया गया.

### अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, जख्मी

**गावां।** मंगलवार की शाम गावां थाना क्षेत्र के गदर पावर ग्रिड मोड़ के समीप एक मोटर साइकिल सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को इलाज के लिए गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया. घायल युवक का पहचान पिहरा निवासी मो टीपू सुल्तान पिता मो दिलदार आलम के रूप में किया गया. जानकारी के अनुसार युवक बाइक से बादीडीह किसी काम से आया था. वापस लौटकर घर जा रहा था, तभी पावर ग्रिड मोड़ के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया. जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया.

### कसमार में बीमा सेवा केंद्र का उद्घाटन हुआ

**कसमार।** कसमार बाजार टांड़ में एलआईसी के बीमा सेवा केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया. इस अवसर पर एलआईसी के सहायक शाखा प्रबंधक (सेल्स) आशीष कुमार एवं एलआईसी कार्यालय बेरमो के विकास अधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य प्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के द्वारा शाखा का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि कसमार में बीमा सेवा केंद्र के खुलने से क्षेत्र के पॉलिसी धारकों को अपनी क़िस्त जमा करने, मैच्युरिटी समेत अन्य सेवाओं में काफी सुविधा होगी.

भक्ति में ही शक्ति है और जो शक्ति भगवान में है, शक्ति आपके अंदर भी आ सकती है : कथावाचिका

# धार्मिक प्रवचन सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संवाददाता। कसमार**

कसमार प्रखंड के बगदा (अजैया टोला) स्थित नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में पांच दिवसीय बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक प्रवचन कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी.

इस दौरान कथावाचिका अंजनी गोस्वामी एवं नंदिनी गोस्वामी ने अपने धार्मिक प्रवचन से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस दौरान झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद एवं कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे भी मुख्य रूप से उपस्थित थे. कथावाचिका अंजनी गोस्वामी ने कहा कि धार्मिक प्रवचन से मन को शांति एवं मनुष्य का विवेक जागृत होता है. भक्ति में ही शक्ति है और जो शक्ति भगवान में है, शक्ति आपके अंदर भी आ सकती है. हमारे जीवन में सत्संग एवं प्रवचन का लाभ तुरंत नहीं मिलता है, इसलिए इसके लिए मनुष्य को पूरे भक्ति भाव से ईश्वर के प्रति समर्पित होना पड़ता है. इस दौरान पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रवचन में बताए गए बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, इससे प्रगति का रास्ता खुलेगा और जीवन में खुशहाली आएगी. इससे पूर्व सुबह से ही यज्ञ वेदी की परिक्रमा के बाद दिनभर पूजन एवं हवन कार्यक्रम का दौर चलता रहा. मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रजापति, संरक्षक अशोक कुमार प्रजापति, गिरधारी महतो व ठाकुर प्रजापति, संरक्षक तपन कुमार झा, उपाध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव प्रह्लाद प्रजापति, उप सचिव प्रेम कुमार प्रजापति के अलावा अनिल कुमार, महावीर प्रजापति, केदारनाथ प्रजापति, गौतम प्रजापति, विक्की प्रजापति, अमरजीत प्रजापति, कानन प्रजापति, मुकेश प्रजापति, लखीराम, राजीव प्रजापति, विक्रम सिंह के अलावा मुख्य यजमान अजित कुमार झा, मधुसूदन झा आदि मौजूद थे.



कसमार के अजैया में धार्मिक प्रवचन करती अंजनी गोस्वामी.

**खास बातें**

- पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र पहुंचे यज्ञ स्थल
- प्रवचन में बताए गए बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें
- प्रवचन से प्रगति का रास्ता खुलेगा व खुशहाली आएगी

'ये जनता है, सब जानती है'

# हेमंत को भाजपा ने साजिश के तहत फंसाया है : सोलेमन

**संवाददाता। पाकुड़**



लिटीपाड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), प्रखंड कमिटी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड अध्यक्ष चरण मुर्मू के नेतृत्व में सोनाधोनी पंचायत के पटवारा, मंझलाडीह, सोनाधोंनी, घड़द्वारा आदि गांवों में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में न्याय मार्च निकाला गया. इस दौरान ग्रामीणों के बीच जाकर जानकारी दी गई की कि किस तरह हेमंत सोरेन को भाजपा के द्वारा षड्यंत्र कर फंसाया गया. इसे सुन कर ग्रामीण काफी गुस्से में दिखे. अफसोस व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि दुःख के इस घड़ी में हमसब अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं. जब तक हेमंत सोरेन को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा, हम लोग हर तरह के आंदोलन के लिए कदम से कदम मिलाकर झामुमों के साथ खड़े रहेंगे.

वहीं, पदयात्रा में शामिल जिला के सचिव सोलेमान बासकी ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन को भाजपा के द्वारा साजिश में फंसा कर जेल में डाल दिया गया है, जिसका झामुमो कार्यकर्ता विरोध करते हैं. उन्होंने कहा कि 'ये जनता है, सब जानती है'... आने वाले समय में जनता ही इनको (भाजपा) सबक सिखाएगी.

अबुआ आवास स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में गरजे सीएम, कहा-

# देश को खनिज संपदा देने वाले राज्य से ही भेदभाव किया गया

**संवाददाता। गिरिडीह**

- 3 माह बाद एक साथ दी जाएगी 9 लाख आवास
- केंद्र सरकार के राज में किसान सड़कों पर है
- केंद्र में मोदी सरकार चैन की बंसी बजा रही है

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि देश को सर्वाधिक खनिज संपदा देने वाली राज्य झारखंड के साथ केंद्र सरकार भेदभाव कर रही है. केंद्रीय एजेंसी से डरा धमकाकर केंद्र सरकार विपक्षी पार्टियों के मुखिया को साथ लाना चाहती है. यदि उनकी बात नहीं मानी, तो मोदी सरकार की एजेंसी जेल में डालने की हर तरकीब अपनाती है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र सरकार के षड्यंत्र के शिकार बने हैं. मुख्यमंत्री मंगलवार को गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित अबुआ आवास स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि कोयलांचल की धरती में स्टील प्लांट के बावजूद क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक स्थिति कमजोर होना दुखद है. झारखंड की धरती से कोयला, लोहा, यूरेनियम, तांबा सहित कई खनिज संपदा देश के काम आ रही है, पर केंद्र की सरकार राज्य से भेदभावपूर्ण नीति अपना रही है. कहा कि पीएम आवास का खूब ढिंढोरा पीटा गया, भाजपा ने 2022 तक गरीबों को पक्का मकान देने का वादा किया था, पर आवास की अपनी हिस्सेदारी भी राज्य को नहीं दी गई. केंद्र से निराशा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना शुरू कर केंद्र के मुंह पर तमाचा जड़ा है. मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत बोकारो के मोती देवी को ऑनलाइन चेक देकर की.



### 29 लाख आवेदन में 20 लाख की स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजना आपकी सरकार आपके द्वार के दौरान राज्य भर से अबुआ आवास के लिए 29 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 20 लाख लाभुकों को स्वीकृति दी गई है. आगामी तीन माह में 9 लाख अबुआ आवास की स्वीकृति एक साथ दी जाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद सालों तक राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार रही, बावजूद ग्रामीण इलाकों की रहन-सहन और शिक्षा व्यवस्था दयनीय रही.

### गरीबों को दिया रोटी, कपड़ा और मकान

सीएम ने कहा कि गठबंधन की सरकार राज्य के गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान दिया. उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में एक गई और 2024 में दूसरी की बारी है. विकास का ढिंढोरा पीट रही केंद्र सरकार के कार्यकाल में देश का किसान सड़क पर है और मोदी सरकार चैन की बंसी बजा रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड को ऐसा राज्य का रूप दिया जाएगा जहां कोई भेदभाव नहीं होगा.

### आंखों में उम्मीद की चमक

सीएम के अलावा समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि राज्य में केंद्र ने लोकतंत्र की हत्या की है. चार उपचुनाव में पराजित हुई भाजपा चुनी सरकार को गिराने की हर संभव कोशिश की. श्रम मंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान झारखंड ऐसा इकलौता राज्य था जिसने प्रवासी मजदूरों को हवाई मार्ग से वापस लाया. गिरिडीह विधायक सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से लोगों के आंखों में उम्मीद की चमक देखी जा रही है. केंद्र का सौतेला व्यवहार लगातार जारी है पर मुख्यमंत्री इसका माकूल जवाब देंगे. विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पीएम आवास में केंद्र सरकार द्वारा राज्य के साथ धोखा की गई है.

### शिक्षा का अलख जगाने के लिए की गई अपील

**पाकुड़।** हिरणपुर अंतर्गत बागशिशा गांव मे केंद्रीय सरकार द्वारा निर्मित जवाहर नवोदय विद्यालय का मंगलवार को आयोजित लोकार्पण समारोह में लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस विद्यालय का प्रधानमंत्री के द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे. कार्यक्रम में आगमन पर विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. वही विधायक को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा आदिवासी नृत्य की भी प्रस्तुति की गई. विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय से क्षेत्र के बच्चो को काफी लाभ मिल पायेगा. इस विद्यालय की नींव रखने में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अहम भूमिका रही थी. जमीन की उपलब्धता को लेकर हमने काफी प्रयास किया था. क्षेत्र में शिक्षा की विकास को लेकर हम काफी प्रयासरत है.

### दहेज दानव ने फिर ले ली एक विवाहिता की जान

**जमुआ।** दहेज दानवों ने एक बार फिर एक विवाहिता की जान ले ली. घटना हीरोडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत शिबूडीह की है. यह घटना सोमवार की है. मंगलवार को पीड़िता के पिता विरंचि यादव ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी. जिसके बाद थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल ने कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गिरिडीह भेज दिया. मृतका के पिता विरंचि यादव के आवेदन के आलोक में हीरोडीह पुलिस ने मृतका के पति प्रवीण यादव, ससुर हरि यादव,सास उर्मिला देवी, देवर श्रवण यादव, ननद नीतू देवी, ननदोई आशीष यादव को नामजद अभियुक्त बनाया है. समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है.

**न्यूज अपडेट**

### बरईकला पंचायत प्रभारी बने प्रकाश कुमार महतो



**कसमार।** कसमार प्रखण्ड के बरईकला पंचायत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक मंगलवार को चांदनी चौक मैदान में की गई. बैठक में आगामी गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव पर विशेष रूप से चर्चा की गई. इस दौरान पंचायत कमिटी का गठन किया गया, जिसमें बरईकला पंचायत प्रभारी के रूप में प्रकाश कुमार महतो एवं बलदेव महतो को सह प्रभारी बनाया गया. साथ हीं संजोती देवी को महिला प्रभारी बनाया गया. इसके अलावा चंदन वर्मा, मुकेश महतो, अरविंद करमाली,अजीत कुमार महतो को मिडिया प्रभारी, विशेश्वर महतो को संयोजक एवं संरक्षक के रूप में भुनेश्वर महतो का चयन किया गया. बैठक में गोमिया विधानसभा के पर्यवेक्षक अमरेश कुमार महतो, जोनल प्रभारी भुवनेश्वर महतो आदि लोग उपस्थित थे.

### जल नल योजना में गड़बड़ी के खिलाफ दिया धरना




**गांडेय।** गांडेय प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास मंगलवार को गांडेय पंचायत समिति सदस्य मधुबाला देवी ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया. इस दौरान उन्होंने पंचायत में जल नल योजना में भारी अनियमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना जल नल योजना में गड़बड़ी सामने आई है. आरसीसी टंकी में आठ माह से जल का रिसाव हो रहा है. इस विषय में कई बार पंचायत समिति की बैठक के माध्यम से पीएचईडी पदाधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन, अभी तक कुछ करवाई नहीं हुई. धरना की सूचना मिलने पर एसडीओ मनीष रंजन ने धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्य मधुबाला देवी से मिले और उनकी समस्याओं को जाना. इसके बाद मधुबाला ने एसडीओ को मांग पत्र सौंपा.

### 13 दिवसीय ज्वेलरी प्रशिक्षण का आयोजन



**पाकुड़।** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पाकुड़ की ओर से आयोजित तेरह दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया. प्रशिक्षण प्राप्त 25 महिलाओं को निदेशक आरसेटी कृष्णा दास, जिला प्रबंधक जेएसएलपीएस शुभम कुमार, इस्माइल शेख और संस्थान के वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र दिए. कृष्णा दास ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. शुभम कुमार ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यवसाय शुरु करने की अपील की. अमित कुमार बर्धन ने कहा कि जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि जरूरी है.

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई



**साहिबगंज।** मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आईएचआईपी पोर्टल का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ सत्तीबाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार एवं मो तौसीफ़ अहमद डीडीएम द्वारा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के एलटी फार्मासिस्ट, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं एमटीएस, केटीएस, को आईएचआईपी पोर्टल में मरीजों का निगरानी, जांच, ईलाज आदि से संबंधित डाटा संधारण करने की जानकारी दी. फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 10 फरवरी से चल रहे एमडीए कार्यक्रम के प्रगति से संबंधित समीक्षा भी कि गई. सिविल सर्जन के द्वारा एमडीए कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए.

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने दिए निर्देश



**साहिबगंज।** मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साहिबगंज में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम हेतु आगमन से पूर्व तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने आयोजन स्थल का जायजा लिया. उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने आयोजन स्थल पुलिस लाइन मैदान का निरीक्षण किया. जहां उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था टेंट पंडाल की व्यवस्था, आमजनों के लिए अन्य व्यवस्थाएं तथा सुविधा,वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता अमर प्रसाद एवं अन्य उपस्थित थे.

पंचायत सचिवालय में 20-22 से लगेगा शिविर

# वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए विशेष शिविर का होगा आयोजन

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष समेत सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने 50 से 60 आयुवर्ग के सभी महिलाओं, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत जोड़ने का निर्णय लिया है. इसके लिए यह विशेष शिविर का आयोजन सभी पंचायत सचिवालय में 20 से 22 फरवरी को आयोजित हो रहा है.

बोकारो जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

# डिस्ट्रिक्ट आइकन आशा किरण व गोल्डी मिश्रा को किया सम्मानित

**संवाददाता। बोकारो**





बोकारो समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आशा किरण बरला एवं तीरंदाज गोल्डी मिश्रा को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने किया. मौके पर स्वीप के वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सीएसआर नोडल शक्ति कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, स्वीप नोडल सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे. मौके पर डिस्ट्रिक्ट आइकन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आशा किरण बरला एवं गोल्डी मिश्रा ने भी मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की. द्वय खिलाड़ियों ने जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में हर संभव सहयोग प्रशासन को करने की बात कहीं. दोनों ने बोकारोवासियों से चुनाव महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की.

**जल-संरक्षण** प्रकृति के प्रति संवेदनशील और भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया

# नुक्कड़ नाटक कर वर्षाजल संग्रह का संदेश दिया गया

**संवाददाता। गिरिडीह**

एमेच्योर आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ गिरिडीह (आग) के कलाकारों ने मंगलवार को 'कैच द रैन' विषयक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को वर्षा के जल संग्रह का संदेश दिया. नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रायोजित इस दो दिवसीय नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संस्था के कलाकारों, रंगकर्मियों ने जिले के बेंगाबाद, गांडेय एवं सदर प्रखंड गिरिडीह के मोतीलेदा, शहरपुरा, पाण्डेयडीह, दूधपनिया, फुलजोरी आदि ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को जल के महत्व को समझाया और उसे बचाने के लिए प्रेरित किया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने खासकर वर्षा के जल को कैसे रोका जा सकता हैं, इसे प्रदर्शित कर लोगों को दिखाया. जिसे देखकर गावं के ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गये. इसके बाद कलाकारों ने अपने-अपने अभिनय क्षमता के माध्यम से लोगों में मची जल के लिए हाहाकार और उससे बचाव के उपाय बताए. उन्होंने बताया कि वर्षा के जल को कैसे संरक्षित कर कुआं और चापाकल में जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है. कलाकारों ने नाटक के माध्यम से गांव के लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने तथा भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया. जिसके बाद गावं के लोगों ने वर्षा के जल का संचय करने का संकल्प लिया. नाटक में कलाकारों में मदन मंजरवे, उत्तम चक्रवर्ती, विकास कुमार, संतोष कुमार, संदीप कुमार, सगीर, सोनू पांडे और देवेश वर्मा ने पात्रगत भूमिका का निर्वहन किया.



**खास बातें**

- कलाकारों ने जल के महत्व को समझाया
- नुक्कड़ नाटक का विषय 'कैच द रैन' है
- लोगों को पानी के हाहाकार से बचाव के उपाय बताए

# सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करें अधिकारी : डीसी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक की. समीक्षा क्रम में विस्तार से विभिन्न बिंदुओं पर द्वय पदाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी समन्वय बनाकर निर्वाचन दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे. निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करना है. उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, सीओ को मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण का निर्देश दिया. कहा कि जिन मतदान केंद्रों में छोटी मोटी मरम्मत कार्य की आवश्यकता है, उसका आंकलन कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करें. सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराना है. वहीं, वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों की अद्यतन सूची, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, सैडो बूथ का सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अंतिम प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया.

## एमएसपी पर किसान अडिग

किसानों के दोनों संगठनों ने पुराने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का, कपास और तीन प्रकार की दालों की खरीद के लिए पांच साल के अनुबंध के सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. केंद्र के तीन मंत्रियों ने तीन दौरों की वार्ता के बाद किसानों के समक्ष एमएसपी को ले कर एक नया प्रस्ताव रखा था, जिसे आउट ऑफ द बाक्स बताया गया था. कृषि विषेशज्ञों के अनुसार केंद्र ने नए प्रस्ताव के रूप में कांट्रैक्ट फार्मिंग और फसलों को बदले जाने का प्रस्ताव दिया था. दो सालों पहले जिन तीन कृषि कानूनों को लाया गया था, उसके ही कुछ सूत्रों को नए प्रस्ताव के रूप में किसानों के बीच रखा गया था. किसान नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मांग 23 फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी की है और इससे कम पर वे मानने को तैयार नहीं है. केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार पंजाब में जलस्तर कम हो रहा है, इसलिए जरूरी है कि फसलों के उत्पादन की प्रकृति को बदला जाए. किसान लंबे समय से कृषि स्वयत्तता और किसानों के विवेकानुसार फसलों की आजादी के लिए संघर्षरत हैं. सरकार की पेशकश फसल विविधीकरण पर उसके जोर से जुड़ी थी. सरकार पांच साल के लिए नेफेड, एनसीसीएफ और कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जैसी केंद्रीय सहकारी समितियों के माध्यम से एमएसपी पर कपास और मक्का के अलावा तीन दालें-तुअर, उड़द और मसूर खरीदने को तैयार है. किसानों की मांग 23 फसलों को ले कर है. दिल्ली के तीन बोर्डरों पर एक साल तक चले आंदोलन के पीछे कृषि में कांट्रैक्ट फार्मिंग के नाम पर कार्पोरेट घरानों को प्रवेश दिलाने की कोशिशों का विरोध था. दरअसल खेती, किसानी और किसानों की पूरी संस्कृति को बदलने का दबाव विश्व व्यापार संगठन की ओर से है. भारत सरकार पर इस दबाव का असर तीन कृषि कानूनों में भी दिखा था. किसानों ने अपनी दिल्ली कूच को जारी रखने का एलान भी कर दिया है. यानी ठीक चुनाव के पहले किसानों के इस आंदोलन का महत्व बढ़ गया है. केंद्र के तमाम मंत्री मोदी सरकार को किसानों का समर्थक बता रहे हैं, लेकिन आंदोलन कर रहे किसानों का तर्क ठीक इसके विपरीत है. अगले चुनाव पर इस आंदोलन का असर होगा या नहीं अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन इतना तय है कि संयुक्त किसान मोर्चा ने औद्योगिक मजदूरों को भी इस आंदोलन में शामिल करने की पहल की है. 16 फरवरी को ग्रामीण बंद के माध्यम से किसानों ने यह साफ कर दिया है कि उनका संघर्ष एकांगी नहीं है. संयुक्त किसान मोर्चा ने पॉलिटकल इकोनॉमी के जरूरी संदर्भ को संबोधित किया है और उसके खतरों के प्रति देश को आगाह भी किया हैं. ऐसा लगता है कि दोनों किसान संगठनों के बीच की दीवार भी धीरे धीरे दरक रही है और देश में तीन साल पहले जिस तरह का समर्थन किसान आंदोलन को मिला था, वैसा ही महौल बनता नजर आ रहा है.

> भारत सरकार पर इस दबाव का असर तीन कृषि कानूनों में भी दिखा था. किसानों ने अपनी दिल्ली कूच को जारी रखने का एलान भी कर दिया है. यानी ठीक चुनाव के पहले किसानों के इस आंदोलन का महत्व बढ़ गया है.

### सुभाषित

**यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।**
**यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग्भवति पुरुषः ॥**

मनुष्य, जिस प्रकार के लोगोंके साथ रहता है, जिस प्रकार के लोगों की सेवा करता है, जिनके जैसा बनने की इच्छा करता है, वह वैसा ही हो जाता है. अभिप्राय यह कि संगति से ही किसी व्यक्ति में गुण या दोष का प्रवेश करता है और वैसा उसका व्यक्तित्व हो जाता है.

# इलेक्टोरल बॉन्ड : सुप्रीम फैसले के बाद

**लोकतंत्र में जनशक्ति ही महत्वपूर्ण है और इलेक्टोरल बांड योजना जनशक्ति पर धन शक्ति की बढ़ती ताकत का द्योतक है. चुनावी बांड एक तरह से कॉर्पोरेट घरानों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का हथियार दे रहे थे. स्वस्थ लोकतंत्र में सरकारी नीतियां राष्ट्रहित और जनहित में बनाई जाती है, लेकिन चुनावी बांड के जरिए बड़े कॉर्पोरेट दान दाता अपनी धन शक्ति से उन नीतियों को प्रभावित करने में सक्षम हो सकते थे.**



• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अपने ऐतिहासिक फैसले में इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताकर लोकतंत्र की गरिमा के हक में एक बड़ा कदम उठाया है. 2018 में लाई गई चुनावी बांड की यह योजना एक लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद को कमजोर करने वाली नीति थी. इस लिहाज से इसको असंवैधानिक करार देकर रद्द करना चुनावी प्रक्रिया की अखंडता एवं सरकार के लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाए रखने के लिए आवश्यक था. इस फैसले से मतदाता के अधिकार की भी रक्षा होती है और सचना के अधिकार के संवैधानिक पक्ष को मजबूती प्रदान करती है. लोकतंत्र में जनशक्ति ही महत्वपूर्ण है और इलेक्टोरल बांड योजना जनशक्ति पर धन शक्ति की बढ़ती ताकत का द्योतक है. चुनावी बांड एक तरह से कॉर्पोरेट घरानों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का हथियार दे रहे थे. स्वस्थ लोकतंत्र में सरकारी नीतियां राष्ट्रहित और जनहित में बनाई जाती है, लेकिन चुनावी बांड के जरिए बड़े कॉर्पोरेट दान दाता अपनी धन शक्ति से उन नीतियों को प्रभावित करने में सक्षम हो सकते थे. चुनावी बांड योजना कॉर्पोरेट घरानों को असीमित धन दान करने की छूट दे रहे थे. स्वाभाविक है कि कॉर्पोरेट घराने उस धन के एवज में कुछ लाभ की अपेक्षा तो रखते होंगे. यह लोकतंत्र के लिए एक कमजोर कड़ी थी. व्यक्तिगत दान और कॉर्पोरेट दान में एक बड़ा फर्क है.


व्यापारिक घरानों की शक्ति से दुनिया के बड़े-बड़े लोकतांत्रिक देश प्रभावित होते हैं और इस विषय पर वैश्विक स्तर पर प्रश्न उठते रहे हैं. एक प्रकार से यह पूंजीवादी लोकतंत्र का पोषक माना जाता है. लोकतांत्रिक व्यवस्था नैतिकता पर आधारित एक शासन तंत्र है और यदि इस पर धन तंत्र का प्रभाव बढ़े तो यह आम जन के हित में नहीं हो सकता. मगर कुछ ऐसे सवाल हैं, जो अब भी हल करने होंगे.

सबसे पहला सवाल है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जनमत का क्या रुख रहता है. एक चीज तो तय है कि एक बड़े तबके की नजर में यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फसलों में से एक है जिसे लैंडमार्क जजमेंट माना जाता है. यह फैसला केंद्र सरकार की नीतिगत हार के रूप में देखा जा रहा है और विपक्ष के लोग इसे केंद्र सरकार को झटका मानते हैं. लेकिन मुद्दा यह नहीं है. मुद्दा तो यह है कि क्या इस फैसले से लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पूंजी का प्रभाव कम हो पाएगा? क्या पूंजीवादी ताकतें सरकारी नीतियों को प्रभावित करने में उतनी सक्षम नहीं हो पाएंगे? दरअसल असली प्रश्न यही है.

सुप्रीम कोर्ट ने तो अपना काम कर दिया. जो बाकी संस्थाएं हैं, वह क्या करती है या कर पाती हैं यह देखना जरूरी है. इसे केंद्र सरकार की हार जीत से ज्यादा इस नजरिए से देखना होगा कि इस फैसले ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को ताकत दी है और लोगों का विश्वास लोकतंत्र पर बढ़ा है, लेकिन अभी कुछ प्रक्रियात्मक मामले उठाए जा सकते हैं जो इस फैसले का असर कम करने का काम करेंगे. यह तो सामने आ ही रहा है कि कॉर्पोरेट फंडिंग का सबसे बड़ा लाभ सत्ताधारी पार्टी को मिला है. और इसमें कोई आश्चर्य भी नहीं है. लोकतंत्र पर पूंजीवाद की पकड़ कोई नई बात नहीं है और इस तरह की नीतियों के जरिए पूंजीवादी ताकतें सरकार पर अपना प्रभाव कायम करने में सफल होती है. अमेरिका जैसे देशों में तो बाकायदा पूंजीवाद के पैरवी कारों की एक लॉबी होती है, जो नीतियों को प्रभावित करती है. भारत में अभी यह चलन थोड़ा कम है, लेकिन इसकी पैठ बन रही है. इसलिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण है. उसने स्पष्ट रूप से कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड से मिलने वाले चंदे की जानकारी को गुप्त रखने का कोई औचित्य नहीं है और यह सूचना के मौलिक अधिकार का उल्लंघन भी है.

इससे स्वतंत्र चुनावों की निष्पक्षता खतरे में पड़ जाती है. लोकतंत्र सिर्फ चुनाव तक सीमित नहीं होता. मतदाता के जानने का अधिकार दानदाता की गोपनीयता से अधिक महत्वपूर्ण है. इस मामले में कोर्ट का एक सुझाव बहुत बढ़िया है कि यदि संभव हो तो कॉर्पोरेट फंड बने, जिसमें आई राशि को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों में बांटा जा सके. एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव सुधार और चुनाव में पैसे का दुरुपयोग रोकने की दिशा में एक कारगर मार्ग सुझाया है. कोई भी राजनीतिक फंडिंग से जुड़ा नीतिगत फैसला दो बुनियादी सिद्धांतों पर परखा जाना चाहिए. पहला तो यह कि लोकतंत्र में मतदाता का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण होता है. और दूसरा यह की यदि जनहित और राजनीतिक दल की प्राथमिकताओं में कोई विवाद हो तो जनहित सर्वोपरि है. इस फैसले ने एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रकाश डाला है. सूचना का अधिकार राजनीतिक दलों पर भी लागू होना चाहिए. पैसे और सत्ता का गठजोड़ लोकतंत्र को कमजोर करता है और इस फैसले ने इस बात पर बल दिया है. मजबूत लोकतंत्र के लिए सबसे बेहतर कदम यह होगा की कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे कि चुनाव की फंडिंग के लिए एक निष्पक्ष प्राधिकरण बनाया जा सके. चुनाव के लिए स्टेट फंडिंग पर पहले से भी बहस चलती आई है. यह लोकतंत्र के हित में होगा, लेकिन इस फैसले के क्रियान्वयन में अभी कई मसले हल करने होंगे और चुनाव आयोग से लेकर कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका तथा आम मतदाता की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण होगी.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जीवन का लक्ष्य

जो मनुष्य, 'जीव' (आत्मा) के अस्तित्व को मानता है, उसी के लिए जीवन के लक्ष्य को खोजने की बात पैदा होती है. जो मनुष्य जीव के अस्तित्व को नहीं मानता या मात्र इस भव (मनुष्य जीवन) जितना ही इस जीवन को मानता है तो उसके लिए कमाना, खाना और मज़े करना यह बाह्य बातें ही जीवन लक्ष्य होती है. अगर चिंतक नास्तिक हुआ तो कला, साहित्य, संगीत, सिनेमा आदि को भी अपने जीवन का लक्ष्य मान सकता है. किन्तु यह उच्च श्रेणी के नैतिकता सम्पन्न नास्तिक के विषय में ही समझना चाहिए. इसी प्रकार जिन जीवों को कुछ भी तत्व जिज्ञासा नहीं है, वे जीव भी बाहर के लक्ष्य में ही खो जाते है. ऐसे जीव बहिरात्मा है. वे स्थूल लक्ष्यों को ही अपने जीवन का लक्ष्य समझते है. परन्तु जिसे जीव के त्रैकालिक अस्तित्व में विश्वास है, वह तो चिंतन के माध्यम से ही अपने जीवन लक्ष्य का निर्धारण करता है. वह सोचता है कि सामान्य मनुष्य जैसे- खाने,पीने और मज़े करने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं, क्या मुझे भी वैसे ही जीवन व्यतीत कर देना है? – ऐसा जीवन तो मात्र मृत्यु के लक्ष्य से ही जीया जाता है. 'जन्म लेना और भोग-भाग कर मर जाना' तो मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता. अथवा मात्र मरने के बाद नाम अमर रखने की इच्छा तो जीवन- लक्ष्य नहीं हो सकता, क्योंकि उस नाम-अमरता का मरने के बाद आत्मा को कोई फर्क पड़ना नहीं है. कोई लाभ मिलना नहीं है. सोचना पडेगा कि जन्म और मृत्यु के मध्य की अवधि, किसी विशिष्ठ पुरूषार्थ के प्रयोजनार्थ है. इसलिए मेरे जीवन का कोई ऐसा उत्तम लक्ष्य अवश्य होना चाहिए, जिससे मेरा जीवन सार्थक हो. इस चिंतन के साथ, जब वह ज्ञानियों के वचनों के बल से, अपने जीवन लक्ष्य को खोजता है, तो वह निर्णय करता है कि 'मेरी आत्मा की शक्तियों का चरम और परम विकास ही मेरे जीवन का लक्ष्य है'. हमारे इस विकास में मुख्य बाधक है- हमारे विकार. अतः हमें दो उपचार साधनो को अपनाना होगा. पहला साधन है- विकारों का विराम. और दूसरा साधन है- आत्मगुणों के समरूप भावों का आराधन. विकारों पर विराम हेतु 'व्रत-नियम-संयम' है और आत्मा के सद्गुणों में उत्थान हेतु 'ज्ञान-दर्शन-चरित्र' का आराधन है. इसी से मोक्ष रूप लक्ष्य की सिद्धि होती है. वही सत्-चित-आनंद अवस्था होगी. यही परम लक्ष्य है.

## बेहतर लोकतंत्र की पहचान संसदीय गरिमा का पालन

• लोकतंत्र

सुरेश सेठ

भारतीय इस बात पर गर्वित होते हैं कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है. अभी हाल ही में 17वीं लोकसभा का सत्रावसान भी हो गया. इसके बाद देश में आम चुनाव होंगे और 18वीं लोकसभा अपना पदभार संभालेगी. बेशक पहली फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का अंतरिम बजट पेश कर दिया, लेकिन वहीं चौंकाने वाली घोषणाओं से परहेज किया गया. अब देश के जनमानस को जुलाई मास का इंतजार शिद्दत से रहेगा कि नई सरकार नया बजट क्या पेश करती है और इसके द्वारा भारत की विकास यात्रा कितनी द्रुत गति से हो पाती है. वहीं देशभर में चुनावी समर तो शुरू हो ही गया है. विपक्षी कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है. वहां मोदी जी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं. वे अपने कार्यों व उपलब्धियों का लेखा-जोखा जनता के सामने रख रहे हैं. अभी संसद के बीते सत्र में मोदी सरकार के श्वेत पत्र को विपक्ष के स्याह पत्र के साथ पंजा लड़ाते हुए भी देखा गया. जहां राजग सरकार द्वारा प्रस्तुत श्वेत पत्र का यह कहा गया था कि पिछली कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीतियों ने जहां देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया था, साथ ही यह भी दावा किया गया कि देश में जो तरक्की हुई वह मोदी सरकार की दो पारियों में हुई. जबकि स्याह पत्र में विपक्षी यह कहते रहे कि जो बीत गया, उसके तुलनात्मक अध्ययन में अपने पूर्वाग्रही निष्कर्षों को छोड़कर अगर सरकार देश को दरपेश महंगाई, बेकारी और बेरोजगारी की समस्या से जूझने का पत्र पेश करती तो शायद यह अधिक समीचीन होता. विपक्ष वास्तविकता को सामने लाने की बात करता रहा है. इस बात को छोड़कर अगर हम लोकसभा के इस सत्र का आकलन करें तो लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला का कहना अतिशयोक्ति न माना जाएगा कि लोकसभा ने 97 फीसदी उत्पादकता के साथ काम किया है. लेकिन लोकसभा के लगभग सभी सत्र कोलाहल भरे और हंगामाखेज भी रहे. चिंतन, मनन और सार्थक विचारों का आदान-प्रदान तो नहीं हुआ, लेकिन हर सत्र में सरकार ने अपनी बहुसंख्या के बल पर दरपेश विधेयक पास करवा लिए. संसद के आखिरी सत्र के आखिरी दिन मोदी जी ने बहुत कुछ साफ-साफ बातें कहीं. लोकसभा के कुल कामकाज को देखते हैं तो 221 विधेयक इसमें पास हुए नजर आए हैं. निस्संदेह, ये लोकसभा नौजवान और शिक्षित लोकसभा थी. इसकी औसत आयु 54 वर्ष थी और इसके 400 सदस्य स्नातक थे. 207 सदस्य पहली बार चुनकर आए. संसद को नया संसद भवन मिला और मिलते ही संसद की सुरक्षा में चूक हो गई. आतंकी हमले की बरसी वाले दिन ही दो लोग लोकसभा में घुस आए. इस पर खूब हंगामा हुआ. वहीं 100 से ज्यादा सांसदों का निलंबन एक ऐतिहासिक घटना थी. अब 18वीं लोकसभा गठित होगी. भारतीय लोकतंत्र के लिये शुभ इसी में है कि इसके माहौल, कामकाज और चुनकर आने वाले सदस्यों के दायित्व में बदलाव देखा जाए. अभी तक परंपरा रही है कि संसद का सत्र शुरू होने से पहले सभी पार्टियों की बैठक होती थी, जिसमें यह फैसला किया जाता कि फालतू का कोलाहल नहीं होगा. गंभीर विचार-विमर्श होगा और देश को विकास मार्ग पर चलने के लिए सही दिशा पकड़ने का सुभीता भी लोकसभा का सत्र देगा, लेकिन किसी भी सत्र में ऐसा न हो सका. कभी अडानी पर जांच की बात, कभी चीनी घुसपैठ का झंझट और कभी जातीय जनगणना को लेकर उठापटक होती रही. राम की महिमा के बारे में जो आखिरी दिन संसद के सत्र का विस्तार हुआ, वहां भी राजनीतिक उठापटक नजर आई. आजकल संसद की कार्यवाही का लाइव प्रसारण होता है. सांसदों का यह व्यवहार और लोकसभा या राज्यसभा के स्पीकर द्वारा डांट-फटकार आम जनता को बहुत शोभनीय नहीं लगती. आखिरी दिन भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को भारत रत्न की घोषणाओं पर विपक्षी दलों की चीखो-पुकार के बारे में सख्त रुख अपनाना पड़ा. इसीलिए अब जब अगले आम चुनावों के बाद 18वीं लोकसभा का गठन होगा तो कुछ बातों के बारे में सत्तापक्षी और विपक्षी सांसदों को सचेत होना पड़ेगा. पहली बात तो यह है कि देश के सामने खड़ी गंभीर समस्याओं पर गंभीर चर्चा कब होगी? नारेबाजी, विरोध, आंकड़ेबाजी और उनके मिथ्या होने के आरोप संसद की गरिमा को नहीं बढ़ाएंगे. राष्ट्रहित ही सर्वोपरि होना चाहिए. सांसद अपने-अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए जनसमस्याओं पर चर्चा करेंगे. इसके अतिरिक्त आने वाले वर्षों के लिए भी मोदी जी ने नये सुधारों का संकल्प लिया. लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों के व्यवहार में भी सुधार होने चाहिए. देश महत्वपूर्ण है व्यक्ति नहीं.

> लोकसभा के कुल कामकाज को देखते हैं तो 221 विधेयक इसमें पास हुए नजर आए हैं. निस्संदेह, ये लोकसभा नौजवान और शिक्षित लोकसभा थी. इसकी औसत आयु 54 वर्ष थी और इसके 400 सदस्य स्नातक थे. 207 सदस्य पहली बार चुनकर आए. संसद को नया संसद भवन मिला और मिलते ही संसद की सुरक्षा में चूक हो गई.

## तमिल किसानों का एक आंदोलन बंदरगाह के विरोध में

• आंदोलन

उपेंद्र शंकर

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में हजारों ग्रामीण गौतम अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाह के विस्तार के प्रस्ताव के खिलाफ लड़ रहे हैं. ग्रामीण, जिनमें से अधिकांश मछली पकड़ने से अपनी आजीविका चलाते हैं, कहते हैं कि तिरुवल्लूर जिले के कट्टुपल्ली गांव में बंदरगाह के विस्तार से उनकी भूमि जलमग्न हो जाएगी और उनकी आजीविका पर कहर बरपेगा. 133.50 हेक्टेयर का यह बहुउद्देश्यीय बंदरगाह मूल रूप से 'लार्सन एंड टुब्रो' (एलएंडटी) द्वारा निर्मित किया गया था, जिसे जून 2018 में 'अदानी पोर्ट्स' द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया. कंपनी ने बाद में किनारे की भूमि के कुछ हिस्सों पर दावा करके इसे 18 गुना से अधिक क्षेत्र में विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा. संशोधित मास्टर प्लान में 2,472.85 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 133.50 हेक्टेयर का मौजूदा क्षेत्र और 761.8 हेक्टेयर की अतिरिक्त सरकारी भूमि, 781.4 हेक्टेयर की निजी भूमि और 796.15 हेक्टेयर जमीन समुद्र से ली जाएगी. प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं. तट पर बसे करीब 100 कस्बों और गांवों के मछुआरों का कहना है कि इससे उनके काम पर गंभीर असर पड़ेगा. क्षेत्र की एक मछुआरिन राजलक्ष्मी का कहना है कि 'यहां पाई जाने वाली मछली की किस्मों की संख्या पहले ही काफी कम हो गई है. किसी भी प्रकार के विस्तार से इसकी आबादी और कम हो जाएगी.' प्रस्तावित परियोजना से 'पुलिकट झील' के आसपास की 45 बस्तियों के मछुआरों की आजीविका भी प्रभावित होगी. कट्टुपल्ली कुप्पम गांव, जो तब विस्थापित हो गया था जब 'एल एंड टी' समूह ने पहली बार बंदरगाह का निर्माण किया था, पर फिर से बेदखल होने का खतरा है क्योंकि नई परियोजना वर्तमान गांव के पास है. यदि परियोजना पूरी हो जाती है तो कुछ अन्य गांवों को भी संभावित समुद्री कटाव के कारण विस्थापन का खतरा है, जबकि कंपनी के मास्टर प्लान के अनुसार, विस्तार से बंदरगाह की कार्गो क्षमता 24.6 मीट्रिक टन से बढ़कर 320 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी और नए रेल और सड़क नेटवर्क विकसित होंगे जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा देंगे. इस परियोजना को पर्यावरणविदों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है, जो दावा करते हैं कि इससे बड़े पैमाने पर तटीय क्षरण होगा और जैव-विविधता का नुकसान होगा, विशेष रूप से स्थानीय मछली की प्रजातियों और क्षेत्र में पाए जाने वाले केकड़ों, झींगों और छोटे कछुओं का. पर्यावरणविद् मीरा शाह के मुताबिक 'यह क्षेत्र हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषण और तटीय कटाव का सामना कर रहा है. यह विस्तार, देश की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील 'पुलिकट' को भी नष्ट कर सकता है.' बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था. 'पर्यावरण और वन मंत्रालय' ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक 'ईएसी' (पर्यावरण मूल्यांकन समिति) का गठन किया था. इस समिति को अपनी यात्रा के दौरान इलाके के निवासियों, मछुआरों और कई कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा. उन्होंने प्रस्तावित विस्तार पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए साइट का दौरा करने वाली 'ईएसी' को एक ज्ञापन भी सौंपा था.जब राज्य सरकार ने परियोजना को पर्यावरण मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू की तो सितंबर 2023 में आंदोलन फिर से तेज हो गया. उसी महीने, राज्य के 'प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' को भारी विरोध के बीच परियोजना के लिए एक अनिवार्य सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा. हालांकि, 'अदानी पोर्ट्स' के एक प्रवक्ता ने आन्दोलनकारियों के आरोपों को खारिज कर दिया और उन्हें 'गलत' बताया. उन्होंने कहा कि विस्तार का विरोध करने वाले व्यक्ति अपने दावों को किसी प्राथमिक डेटा के आधार पर सत्यापित नहीं करते.विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं. 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' (आईआईटी) मद्रास में हाइड्रोजियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. इलंगो लक्ष्मणन का दावा है कि भारत के पूर्वी तट - और विशेष रूप से तमिलनाडु तट - में बंदरगाह निर्माण के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थिति नहीं है, विस्तार की तो बात ही छोड़ दें. उन्होंने कहा, 'इससे तटीय क्षेत्र प्रभावित होंगे और समुद्री कटाव होगा.

> संशोधित मास्टर प्लान में 2,472.85 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 133.50 हेक्टेयर का मौजूदा क्षेत्र और 761.8 हेक्टेयर की अतिरिक्त सरकारी भूमि, 781.4 हेक्टेयर की निजी भूमि और 796.15 हेक्टेयर जमीन समुद्र से ली जाएगी. प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं.

### मीडिया में अन्यत्र

## अर्थव्यवस्था में मंदी और वैश्विक खतरे

**गत** सप्ताह दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और यूनाइटेड किंगडम ने कहा कि लगातार दो तिमाहियों से उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि ऋणात्मक है. आमतौर पर अर्थशास्त्री इसे अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत मानते हैं. इसकी वजह से जापान शायद सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में नीचे फिसल जाए. जर्मनी की जीडीपी जापान से अधिक हो सकती है. ऐसे में जापान अब शायद दुनिया की तीसरी के बजाय चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा. ऐसा भी नहीं है कि जर्मनी बहुत अच्छी स्थिति में है.एक समय यूरो क्षेत्र के विकास का इंजन रहा जर्मनी अब उसकी सबसे कमजोर कड़ी है. दो दशकों तक जर्मनी की निर्यातोन्मुखी, विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहा, क्योंकि उसे चीन की उत्पादकता और मांग की मदद हासिल थी और रूस से सस्ती प्राकृतिक गैस आसानी से मिल रही थी. अब भूराजनीतिक कारणों से वृद्धि के ये दोनों कारक सीमित हो गए हैं. वर्ष 2024 में जर्मनी के सालाना आधार पर 0.2 फीसदी वृद्धि हासिल करने का अनुमान है, जबकि इसके 1.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया था. इससे पिछले वर्ष 0.3 फीसदी की गिरावट आई थी. यूनाइटेड किंगडम की मंदी में राजनीति की भी भूमिका रही है. 2016 में यूरोपीय संघ से अलग होने के निर्णय के असर अब नजर आने शुरू हुए हैं. इसके अलावा दिक्कतदेह घरेलू राजनीति का एक अर्थ यह भी है कि देश नए आवास और अधोसंरचना तैयार करने में नाकाम रहा है. इससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत गरीब महसूस कर रहे हैं. कमजोर उपभोक्ता मांग ने अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल दिया. आज दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि के समक्ष राजनीति एक जोखिम के रूप में उभरी है. वैश्विक अर्थव्यवस्था में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल अमेरिका भी इस खतरे से मुक्त नहीं है. अमेरिकी बाजार जहां रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं लेकिन कंपनियों ने आय के इस सत्र में लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन पर मतभेद के कारण घरेलू बहिष्कार का असर अपने मुनाफे पर पड़ने के खतरे का जिक्र शुरू कर दिया है. फास्ट फूड चेन मैकडॉनल्ड के इजरायल में कारोबार के असंगठित बहिष्कार ने पिछली तिमाही में उसके प्रदर्शन पर बुरा असर डाला है.इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है. रविवार को पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने ब्याज दरों में कटौती नहीं करने का निर्णय लिया.



(बिजनेस सटैंर्ड)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आंकलन/आकलन

**मेरे** एक विद्वान पत्रकार मित्र ने एक वाक्य में आंकलन शब्द का प्रयोग किया. मैंने विनम्रता पूर्वक उनका ध्यान आकृष्ट कराया कि यह शब्द सही नहीं है, लेकिन उन्होंने दृढ़तापूर्वक आंकलन शब्द को ही सही बताया. दरअसल मैं बचपन से आकलन शब्द से ही परिचित रहा हूं, इसलिए उनसे मेरी सहमति नहीं बन पायी. तब से मैं बेचैनी से इन दोनों शब्दों को तौलने में लग गया. विभिन्न शब्दकोशों के पन्ने उलट दिये. सांत्वना की बात यह रही कि हिंदी शब्द सागर, वर्धा हिंदी शब्दकोश आप्टे कोश आदि में आकलन शब्द को ही मान्यता दी गयी है. शब्दकोशों में आकलन शब्द का अर्थ बताया गया है अनुमान, ग्रहण, लेना, संग्रह, बटोरना, संचय, इकट्ठा करना, गिनती करना, अनुष्ठान, संपादन, अनुसंधान, जांच, इच्छा, कामना, वर्णन करना. तत्सम रूप में एक शब्द है अंकन, जिसका तद्भव रूप है आंकना. अंकन या आंकना शब्द के आलोक में ही लोग आंकलन को सही समझते हैं. ऐसा इसलिए भी कि आकलन का अर्थ भी वही है, जो आंकना का है. अंकन शब्द का अर्थ है चिह्न करना, निशान करना, लेखन, लिखना. 'आकलन' और 'आंकना' का भले ही मिलता-जुलता अर्थ हो, लेकिन वे संस्कृत के दो अलग-अलग शब्दों से बने हैं. 'अंकनम्' का संस्कृत में जो अर्थ है चिह्न, प्रतीक, चिह्नित करने की क्रिया, उसका अनुमान वाले अर्थ से कोई सीधा रिश्ता नहीं है. जब हम अनुमान लगाते हैं तो अपनी समझ-बूझ के आधार पर ही कोई जोड़-घटाव करते हैं कि क्या हो सकता है, क्या नहीं हो सकता. संस्कृत के 'अंकन' में हमें वह अर्थ नहीं मिलता जो हिंदी के 'आंकना' में है, लेकिन 'आकलन' का अनुमान वाला अर्थ संस्कृत के मूल शब्दार्थ से काफ़ी मिलता जुलता है. 'आंकना' और 'आकलन' दोनों मोटा-मोटी एक जैसा अर्थ देते हैं, लेकिन दोनों के बीच एक महीन लेकिन महत्वपूर्ण अंतर यह नज़र आता है कि 'आकलन' में कुछ ज़्यादा गहराई दिखती है.

## अजब के हैं बाबा, गजब का कमाल!

• तीर-तुक्का

डा. सुरेन्द्र वर्मा

चलिए, आपको एक बाबा के डेरे पर ले चलते हैं. कहने को तो बाबा रमता राम होता है. धार्मिक मेलों में तमाम बाबा लोग आते हैं. और अपने पड़ाव डाल लेते हैं. इन पड़ावों को डेरा कहते हैं. डेरा बाबाओं का अल्प कालीन निवास होता है. लेकिन किसी भी बाबा का यह अल्पकालीन टिकने भर का स्थान कब स्थाई निवास बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता. ऐसे में यह डेरा 'डेरे' को मुंह चिढाता है. यह कोई ऐसा-वैसा डेरा नहीं रहता. पूरी एक बसाहट हो जाती है. कई सौ एकड़ की ज़मीन यह घेर लेता है. बाबा अपने को तो अलौकिक शक्ति से तो संपन्न बताता ही है, वह अपने भक्तों को भी कम से कम भौतिक बल से संपन्न देखना चाहता है. उन्हें आत्मरक्षा की शिक्षा दिलवाई जाती है. राइफल और बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है. बाबा की खातिर भक्तों को दूसरों के प्राणों की परवाह न कर बाबा की खिलाफत करने वालों को मारने-मिटाने के लिए तैयार किया जाता है. बाबा स्वयं अपने डेरे में स्थित किसी आलीशान गोह / खोह में रहते हैं. उनतक पहुंचना आसान नहीं होता. लेकिन जिस किसी भक्तिन को चाहते हैं, वे अपनी सेवा में ले लेते हैं. अपना धन और मन तो वे पहले ही अर्पित कर चुकी होती हैं, बाबा को वे अपना तन भी अर्पित करके धन्य हो जाती हैं. बाबा के तो बस ऐश ही ऐश हैं. बाबा जो ठहरे ! बाबा का शरीर वज्र सा कठोर है. वे बजरंगी हैं. तरह तरह के करतब दिखाते हैं. किसी से डरते नहीं. बड़े बड़े राजनीतिज्ञ उनकी जेब में रहते हैं. अपने हज़ारों लाखों भक्तों से वो वोट दिलवाते हैं. बाबा की सवारी को भला कौन रोक सकता है ? उसके एश्वर्य के सामने ईश्वर तक ठहर नहीं सकता. ईश्वर का स्वरूप क्या है कोई नहीं जानता, पर जो भी हो वह अपरिवर्तनीय है. बाबा गायक है. बाबा एक्टर है. बाबा की संवाद अदायगी लाजवाब है. बाबा के ह्रदय में प्यार हिलोरें लेता है. अनेकानेक भक्तिनों ने उसका आस्वादन किया है. बाबा लीला दिखाता है. उसकी अदाएं मायावी हैं. बाबा का मारा पानी नहीं मांगता. वह बस गायब हो जाता है, हमेशा के लिए डिलीट कर दिया जाता है. हमारे बजरंगी बाबा का यह रेखा-चित्र परम्परागत बाबा से बिलकुल अलग है. हम पिता को बाबा कहते हैं, पिता के पिता को परबाबा कहते हैं. बुजुर्गों को बाबा कहते हैं. भिखारियों को बाबा कहते हैं. बच्चों को बेबी तो कहते ही हैं, पर बेबी क्योंकि हिन्दी में स्त्रीलिंग माना गया है, लड़का-बेबी को बाबा कहते हैं. हमारे बजरंगी-बाबा न तो पिता सरीखे हैं न सफ़ेद बालों वाले बूढ़े हैं. न साधु हैं न सन्यासी हैं. भिखारी भी नहीं हैं बच्चा भी नहीं हैं. वे तो अपनी तरह के अकेले हैं.





## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से माता या किसी महिला से विवाद होगा, पर पराक्रम में वृद्धि करेगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बताएं. घर का बना भोजन गरीब को दान करें.

**वृषभ** समय सामान्य है. धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करना होगा. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

**मिथुन** समय बहुत ही अच्छा है. धन का आगमन होगा, थोड़ा प्रयास करें. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. व्यापार ठीक चलेगा.

**कर्क** कोई धार्मिक अनुष्ठान या यात्रा का योग है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**सिंह** बेवजह का खर्च बढ़ेगा. विदेश से जुड़े लोगों को लाभ का अवसर मिलेगा. पर खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

**कन्या** आय के लिए दिन उत्तम है. बस सही मेहनत करनी चाहिए. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. मंदिर में झाड़ू दान करें.

**तुला** पिता से लाभ मिलेगा. सरकार से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**वृश्चिक** किसी से विवाद होने की प्रबल संभावना है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा.

**धनु** मानसिक तनाव हो सकता है. व्यापार में लाभ का योग बनेगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. अन्न दान करें.

**मकर** कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. आपके कार्य और प्रभाव से नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. आपके कार्य और प्रभाव से भाग्य का साथ रहेगा. हनुमानजी का पूजन ध्यान करना चाहिए.

**कुंभ** परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. काला वस्तु का दान करे.

**मीन** संतान सुख में वृद्धि होगी. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

### झारखंड में पार्ट टाइम पीएचडी नहीं होने से नौकरी पेशा लोगों को काफी परेशानी होती थी

# जेयूटी कराएगा पार्ट टाइम पीएचडी डिग्री कोर्स

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) पार्ट टाइम पीएचडी करवाने जा रहा है. यह झारखंड का पहला विश्वविद्यालय होगा, जो पार्ट टाइम पीएचडी करवाएगा. झारखंड में पार्ट टाइम पीएचडी नहीं होने से नौकरी पेशा लोगों को पीएचडी करने में काफी दिक्कत होती थी.

पार्ट टाइम पीएचडी के आने से वे भी पीएचडी कर सकते हैं. इसके लिए जेयूटी ने आवेदन मांगा है. आवेदन 3 जनवरी तक ही कर सकते हैं. जेयूटी द्वारा जारी नोटिस के अनुसार इंजीनियरिंग, टेक्निकल और मैनेजमेंट के टॉपिक पर पीएचडी कर सकते हैं. बता दें कि फुल टाइम पीएचडी डिग्री की जितनी मान्यता है, पार्ट टाइम पीएचडी की भी वही मान्यता होगी.




**एक साल का अनुभव होना अनिवार्य**

जेयूटी में पार्ट टाइम अप्लाई करने के लिए सीएसआईआर, डीआरडीओ, आईएसआरओ, बीएआरसी, पीएसयू या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान का एक साल का अनुभव होना अनिवार्य है. जेयूटी में आवेदन करने के लिए जेयूटी के आधिकारिक वेबसाइट www.jutranchi.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.

**पार्ट टाइम पीएचडी के लिए यूजीसी का नियम**

पार्ट टाइम पीएचडी के लिए स्नातकोत्तर में कम से कम 55 प्रतिशत अंक होना चाहिए. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्ष का स्नातक व एक वर्ष का स्नातकोत्तर होना चाहिए, वहीं जो पहले से तीन वर्ष का स्नातक व स्नातकोत्तर है, वे भी आवेदन कर सकते हैं. पीएचडी में प्रवेश के लिए एंट्रेस परीक्षा को पास करना होगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम के तहत रिसर्च या ऑनर्स प्रोग्राम के छात्र सीधे पीएचडी में प्रवेश ले सकेंगे. 60 प्रतिशत सीट नेट या जेआरएफ के लिए रिजर्व है. वहीं 40 प्रतिशत सीट विवि के प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित किया गया है.

# सीयूजे दीक्षांत समारोह 28 को राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

संवाददाता। रांची

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) का तीसरा दीक्षांत समारोह 28 फरवरी को होगा. दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी. इस दीक्षांत समारोह में सेशन 2016-21 (इंटीग्रेटेड कोर्स) और सेशनल 2019-21 और 2020-22 के 64 विद्यार्थियों को गोल्ड दिया जाएगा. 25 को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी और 778 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी. 64 गोल्ड में 35 लड़कियां शामिल हैं. छात्राओं को सफेद सलवार-सूट और छात्रों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा निर्धारित किया गया है. एकेडमिक काउंसिल और एग्जीक्यूटिव काउंसिल के पुरुष सदस्यों के लिए क्रीम रंग का कुर्ता और सफेद रंग का पायजामा व महिला सदस्यों के लिए क्रीम रंग की साड़ी पहनकर आना अनिवार्य है. समारोह में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों, एकेडमिक कौंसिल व एग्जीक्यूटिव कौंसिल को खादी का पट्टा विश्वविद्यालय की ओर से दिया जाएगा.



**खास बातें**

- 64 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा
- 25 छात्रों को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी
- 778 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी

### उग्रवादियों के पास से 2 देसी पिस्टल, 9 जिंदा गोली, 4 मोबाइल समेत कई सामान बरामद

# अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड का मुख्य आरोपी इरफान समेत तीन गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

कोयलांचल क्षेत्र टंडवा, पिपरवार, खलारी,मैक्लूस्कीगंज, बुढमू और रातू में आतंक पर्याय बने, और कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल टीपीसी कमांडर इरफान अंसारी समेत तीन उग्रवादी को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए टीपीसी उग्रवादी संगठन केसब-जोनल कमाण्डर अभिषेक, एरिया कमाण्डर इरफान अंसारी और बलवंत को गिरफ्तार किया है. इन उग्रवादियों के पास से पुलिस ने दो देशी पिस्टल, नौ जिंदा गोली, चार मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किया है.

**अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड समेत कई अन्य घटनाओं में शामिल था इरफान :** उग्रवादी इरफान अंसारी ने एक के बाद एक कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था. जिनमें पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाईवा में आगजनी. पिपरवार और खलारी थाना क्षेत्र के कोल-व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव को गोली मारकर निर्मम हत्या करने, और पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित राजधर रेलवे साईडिंग में लोडिंग-कार्य और टण्डवा थाना क्षेत्र के उतराठी में निर्माणाधीन सड़क कार्य को बाधित कर स्थल पर गोलीबारी करवाने में शामिल था.



**गिरफ्तार उग्रवादियों का रहा है आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार हुए उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है, इरफान अंसारी के खिलाफ रांची, चतरा और लातेहार जिले के अलग-अलग थाना में कुल 17 मामले दर्ज हैं. वहीं अभिषेक के खिलाफ चतरा और रांची में 6 मामले दर्ज हैं.

**व्यवसायियों के मन में भय व्याप्त था**

एसपी राकेश रंजन ने अपने ऑफिस में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से चतरा जिला के पिपरवार और टण्डवा थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसायी और विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सब-जोनल कमाण्डर अभिषेक, एरिया कमाण्डर इरफान अंसारी उर्फ तुफान और सक्रिय सदस्य बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी. जिस कारण कोयलांचल क्षेत्र में कार्य से जुड़े व्यवसायियों के मन में भय व्याप्त था. इसी दौरान चार जनवरी को पिपरवार थाना क्षेत्र में कोल व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव को रातू थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था. इस घटना के बाद उग्रवादी संगठन के सदस्यों की शीघ्र गिरफ्तारी और कोल कार्यों से जुड़े व्यवसायियों के मन में व्याप्त भय से मुक्त करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था इसके बाद पुलिस की टीम ने तीनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया.

### अमन श्रीवास्तव गैंग के एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई




**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मंगलवार की सुनवाई के दौरान एश्ले लकड़ा के अधिवक्ता द्वारा बहस के लिए समय की मांग की गयी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन के कोर्ट में एश्ले लकड़ा की याचिका पर सुनवाई हुई. एश्ले ने अपनी जमानत याचिका खारिज होने के बाद क्रिमिनल रिट दाखिल कर अपने ऊपर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है.

**एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है :** दरअसल एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. एटीएस द्वारा दर्ज की गयी कांड संख्या 1/2022 में श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमज़द खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ़ नेपाली, असलम, फ़िरोज़ खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपी बनाया गया है. सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 386, 387, 109, 43, 201 और 120(बी) एवं यूएपीए (अनलॉफूल एक्टिविटी प्रीवेन्शन एक्ट) की धारा 20 और 21 के तहत चार्जशीट दाखिल हुई है, जिसके बाद आरोपी एश्ले ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

## रास सांसद दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. अदालत ने उनके खिलाफ रांची एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है. यह मामला कांके के सुकुरहुट्टू इलाके में किसान आंदोलन से जुड़ा हुआ है, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी. उक्त लोगों के खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 141/2021 दर्ज की गई थी. सांसद दीपक प्रकाश और विधायक समरी लाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 188, 269, 270 और एपेडेमिक एक्ट के तहत आरोप गठित किया गया है.

## डीपी के आश्वासन के बाद समिति का आंदोलन स्थगित

**कतरास।** सिजुआ में व्याप्त पानी बिजली पुनर्वास सहित मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को सिजुआ नागरिक समिति के तत्वावधान में मोदीडीह कोलियरी कार्यालय के समीप सत्यग्राह आंदोलन शुरू किया. इस दौरान आक्रोशित लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. सत्यग्राह को संबोधित करते हुऐ मुख्य आतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन जान बूझकर समस्याओं को दुर करने के बजाए उलझाये रखना चाहती है. कहा कि कंपनी के कुछ भ्रष्ट अधिकारी साजिश के तहत लोगों को बेघर करने का प्रयास कर रही है, ताकि सिजुआ इलाके के अस्तित्व को समाप्त किया जा सके. उन्होंने चेतावनी भरी लहजे में कहा कि क्षेत्रीय व कोलियरी प्रबंधक अपनी कार्यशैली में बदलाव लाये नहीं तो कंपनी का उत्पादन अनिशचितकालीन के लिए बाधित कर दिया जायेगा.

## लापरवाही के कारण 'झिरकी' झरिया बनने की राह पर : डॉ लंबोदर महतो

**कथारा।** सीसीएल कथारा कोलियरी से सटे झिरकी बस्ती से लगभग 50 मीटर की दूरी पर कुछ दिनों पूर्व हैवी विस्फोट के बाद गोफ बन गया है. इस मामले में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है. उन्होंने दूरभाष पर राज्य सरकार के मुख्य सचिव एल खियांगते को घटना की जानकारी दी. मुख्य सचिव ने विधायक को आश्वस्त कराया कि इस दिशा में सकारात्मक एवं ठोस पहल की जाएगी. मुख्य सचिव से बात करने के कुछ ही समय बाद बोकारो डीसी ने दूरभाष पर विधायक डॉ लंबोदर महतो से बातचीत कर मामले से अवगत हुई. डीसी ने विधायक को भरोसा दिया कि इस मामले को लेकर एक टीम गठित की जाएगी. कहा कि घनी आबादी वाले गांव के लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर है. कहा कि झिरकी गांव की तरह बढ़ रही माइंस में लगी आग के मामले को विधानसभा के पटल पर रखा था. लेकिन तब से लेकर आज तक राज्य सरकार कान में तेल डालकर सोई हुई है.

## मैकेनिकल डिप्लोमा के 10 विद्यार्थी तीन लाख रुपये के पैकेज पर लॉक

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेटमेंट ईकाई की ओर से विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेटमेंट सत्र का आयोजन किया गया. प्लेटमेंट सत्र में मैकेनिकल डिप्लोमा विभाग के 10 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ. पुणे स्थित महिन्द्रा श्रीकृष्ण हरि नामक कंपनी ने विभाग के 2021-24 सत्र के रोहित कुमार, सौरभ कुमार, बिट्टू पात्रो, रोहन कुमार, जगन्नाथ साहू, मोहनलाल गोप, रोहित कुमार, सत्यम महतो, सरण कुमार गोप, विशाल धीर और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा विभाग के यश कुमार का चयन अंतिम रूप से किया. इन सभी विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्तर की चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद किया गया. इन सभी विद्यार्थियों की नियुक्ति प्रशिक्षु डिप्लोमा इंजीनियर के पद पर 2.30- 3 लाख वार्षिक वेतन पर किया गया है. गौरतलब है कि उक्त कम्पनी के मानव संसाधान विभाग के अधिकारी स्वयं विश्वविद्यालय आए थे और छात्रों का कौशल जांचने के बाद चयन किया.

## रेलवे स्टेशनों पर टिकट जांच 5 लाख 94 हजार वसूले गये

**पलामू।** धनबाद रेल मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों पर गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान कुल 1452 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे. उनसे 5 लाख 94 हज़ार 960 रुपये जुर्माने के रूप में राशि वसूली गयी. साथ ही कड़ी हिदायत दी गई. चेकिंग अभियान में 139 टीसी को लगाया गया था. चेकिंग टीमों ने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया. धनबाद डीआरएम के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया.

## एसआईटी शमीम व उनके बेटों को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ

संवाददाता। रांची

जेएसएससी पेपर लीक मामले में एसआईटी की टीम झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उनके दोनों बेटों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी. एसआईटी की जांच में पता चला है कि पेपर लीक का कनेक्शन पटना से जुड़ा हुआ है. इसके अलावा कुछ कनेक्शन चेन्नई से भी जुड़े हुए हैं. पुलिस ने इस मामले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया था. लेकिन जांच की दिशा आगे नहीं बढ़ पा रही है. ऐसे में अब एसआईटी गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उनके दोनों बेटों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने वाली है.

**मोबाइल की जांच में कई नंबर भी मिले हैं**

एसआईटी अवर सचिव मो. शमीम और उनके दोनों बेटों के जब्त मोबाइल की जांच कर चुकी है. मोबाइल की जांच में एसआईटी को यह जानकारी मिली कि अवर सचिव ने रांची की एक युवती समेत कई अभ्यर्थियों से संपर्क किया था. अवर सचिव की व्हाट्सएप चैट के माध्यम से युवती से बातचीत हुई थी. जिसमें यह कहा गया था कि प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए उसे पटना जाना पड़ेगा. इसके अलावा अवर सचिव ने अपने दोनों पुत्रों से भी व्हाट्सएप चैट के माध्यम से प्रश्न पत्र से संबंधित बातचीत की थी. मोबाइल की जांच में कई नंबर भी एसआईटी को मिले हैं.

## बीबीएमकेयू के कर्मियों के वेतन पर बनी सहमति

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के संविदा कर्मियों को जनवरी माह के वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा. वहीं गत वर्ष अक्तूबर से दिसंबर तक बकाया तीन माह के वेतन का भुगतान मार्च माह में किया जायेगा. मंगलवार को विवि के कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार और विवि के संविदा कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता में यह सहमति बनी. इसके बाद सभी संविदा कर्मी काम पर लौट गये. इससे पहले संविदा कर्मियों के एक गुट मंगलवार की सुबह काम पर नहीं लौटा था. वह वेतन भुगतान के मुद्दे पर निर्णय की मांग कर रहे थे. इस दौरान कुलपति ने संविदा कर्मियों को स्पष्ट कर कहा कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी से अधिक राशि का भुगतान नहीं किया जा सकता है.

# विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है : राज्यपाल

संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राज भवन में अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है. यहां पर अलग-अलग प्रान्तों की संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज, परंपरा, खानपान, वेशभूषा इत्यादि में विविधता है लेकिन हम सब एक हैं. अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विविधता भी अनूठी है. प्रधानमंत्री के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम से एक-दूसरे की संस्कृति से अवगत होने का अवसर मिलता है और राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होती है.

**सभी को मिलकर करना होगा काम**

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत <bha> @</ bha >2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा. इसी का परिणाम है कि विगत दिनों कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी नॉर्थ-ईस्ट में कई महती परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है. वस्तुत: भारत का विकास तभी संभव है, जब यहां के सभी प्रदेशों का सम्यक विकास हो और हम सब एकता व भाईचारा के साथ सतत प्रयत्नशील हैं. उक्त अवसर पर अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम के लोगों द्वारा लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई.

**मिशन लोस चुनाव**

### आगामी लोकसभा चुनाव हमारे लिए जीने और मरने का विषय है : राजेश ठाकुर

# कांग्रेस ने वॉर रूम बनाया, मानस सिन्हा बने चेयरमैन

विशेष संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस वार रूम बनाया है. इसके लिए चेयरमैन और संयोजकों की घोषणा कर दी गयी है. वार रूम के लिए मानस सिन्हा को चेयरमैन, नेली नाथन व अमृत सिंह को को-चेयरमैन और दीपक ओझा, अजय सिंह, पूर्णिमा सिंह, अजय जैन, जफर इमाम, राजीव नारायण प्रसाद, पिया बर्मन, गुलजार अहमद को सदस्य बनाया गया है. इसके अतिरिक्त मदन मोहन शर्मा व सूर्यकांत शुक्ला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ को-ऑर्डिनेशन करने के लिए सह संयोजक बनाया गया है.




**चुनाव में वार रूम की अहम भूमिका : ठाकुर**

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वार रूम के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि जीने और मरने का विषय है. लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के साथ-साथ वार रूम की भूमिका भी सूचनाओं के आदान-प्रदान संगठन के दिशा निर्देशों का पालन कराने में, चुनाव के दौरान संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कायम रखने में मे अहम कड़ी होती है. उन्होंने कहा कि विपक्ष की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए हमारे ऊपर किए जाने वाले हर आक्षेप और आरोपों का जवाब देने के लिए एक सुदृढ़ और कारगर रणनीति बनाकर उसे पर अमल करने की पूरी जवाब दे ही वार रूम के सदस्य और संयोजकों की होगी. ताकि हम चुनाव के दौरान जनता के बीच विपक्ष द्वारा अनावश्यक रूप से फैलाये जाने वाले भ्रम का मुकाबला पूरी तरह से कर सके और जनता को झूठी अफवाहों से दूर रखा जा सके.

बैठक के पश्चात शिवराज ठाकुर ने जिला अध्यक्षों के साथ हुई जूम मीटिंग के दौरान जिला अध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर बनाए गए वार रूम के चेयरमैन, सह-चेयरमैन, सदस्यों द्वारा मांगी गई किसी भी तरह की वांछित सूचना को तत्काल उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने कहा कि इसे प्राथमिकता सूची में रखा जाए, ताकि संगठन एक धारदार तरीके से चुनाव लड़ सके. वार रूम का गठन न सिर्फ चुनाव के लिए रणनीति बनाने और उसे लागू करने के लिए किया गया है, बल्कि गठबंधन के साथी दलों से आपसी समन्वय को भी लगातार बनाए रखने में भी वार रूम की अहम भूमिका होगी.

# आजसू पार्टी का संकल्प सभा सह मिलन समारोह 24 को



संवाददाता। लातेहार

प्रखंड के जालिम गांव में आगामी 24 फरवरी को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के संकल्प सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को आजसू प्रखंड कमिटि के द्वारा जालिम खुर्द जगतारणपुर में बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता अमित कुमार पांडेय और अमित कुमार ने की. बैठक में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय मुद्दे को जनता के बीच उठाना है. कुमार ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो झारखंड के एकमात्र ऐसे नेता है, जो झारखंड को संवार सकते हैं. कुमार ने कहा कि उन्होंने लातेहार की जनता से इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाकर वर्षो से चली आ रही क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु अपना योगदान देने की अपील की है. मौके पर अजय प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, प्रत्युष प्रशांत, राहुल बाला, रजत तमेरा, संदीप कुमार, राजन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.



ला लीगा : एथलेटिक्स बिलबाओ ने अंक तालिका पर दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को हराया

# गिरोना ने शीर्ष स्थान की बढ़त कम करने का मौका गंवाया

**62** अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है रीयाल मैड्रिड

**56** अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है गिरोना

भाषा । मैड्रिड

दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने यहां एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 3-2 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया. गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था, लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की. गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए. गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है. रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं.

- मैच से कुछ ही घंटों पहले क्रिस्टल पैलेस में ग्लासनर को नियुक्त किया
- स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण पूर्व कोच रॉय हॉजसन ने इस्तीफा दिया
- मैच के 84वें मिनट में अमादोउ ने गोल कर एवर्टन को बराबरी करायी

## एवर्टन ने क्रिस्टल पैलेस को 1-1 की बराबरी पर रोका

ईपीएल

**लीवरपूल ।** नए कोच ओलिवर ग्लासनर के मार्गदर्शन में खेल रहे क्रिस्टल पैलेस को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां एवर्टन ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर 1-1 से बराबरी पर रोक दिया. रॉय हॉजसन के सोमवार को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण इस्तीफा देने के बाद ग्लासनर को इस मुकाबले से कुछ ही घंटों पहले कोच नियुक्त किया गया. जोर्डन आयेव ने 66वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस को बढ़त दिलाई थी लेकिन अमादोउ ओनाना ने 84वें मिनट में एवर्टन को बराबरी दिला दी. एवर्टन की टीम पिछले आठ मैच में जीत दर्ज करने के नाकाम रही है लेकिन ड्रॉ के साथ बेहतर गोल अंतर के कारण 'रेलीगेशन जोन' (निचली लीग में खिसने वाले टीमें) से बाहर आ गई हैं. क्रिस्टल पैलेस ने अपने पिछले 14 मुकाबलों में सिर्फ दो जीत दर्ज की हैं.



एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड पर दबदबा बनाए रखने पर होंगी भारत की नजरें

# नीदरलैंड-भारत के बीच मुकाबला आज

भाषा । राउरकेला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी. प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है. ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए. टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है, लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी. भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है. नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है. अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं. दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा है. आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया. भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे.

**एफआईए प्रो लीग हॉकी**
- पांच मैच में 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर है भारत
- नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है नीदरलैंड



### आत्मविश्वास से भरपूर है भारतीय टीम

पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है. भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी. मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा. हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं. प्रो लीग में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ 4-1 की जीत के साथ की. टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की जिसमें हार्दिक ने पहला गोल दागा. भारत को इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन उसे भुवनेश्वर चरण का अंत आयरलैंड के खिलाफ जीत के साथ किया.

## आठ साल के अश्वथ ने ग्रैंडमास्टर को हराकर बनाया रिकॉर्ड


**सिंगापुर ।** भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने. चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया. पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था. इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है.फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे. उन्होंने कहा कि मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा. सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा कि उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है.

## दूसरी बार पिता बने विराट अनुष्का ने बेटे को दिया जन्म

- 15 फरवरी को ही विराट कोहली दूसरी बार पिता बने
- विराट ने इंस्टाग्राम पोस्ट कर बेटे का नाम आकाय बताया

ऐजेंसी । नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लंबे समय से टीम इंडिया से दूर हैं. उन्होंने मंगलवार को लंबे समय से चली आ रही अटकलों पर विराम लगा दिया है. उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा 15 फरवरी को अपने दूसरे बच्चे के माता-पिता बने.



उन्होंने बताया कि वमिका के भाई का दुनिया में स्वागत है और उन्होंने अपने बेटे का नाम भी बताया. विराट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पोस्ट पर जानकारी दी और अपने बेटे का नाम आकाय बताया .

## दो फेज में जारी किया जाएगा आईपीएल कार्यक्रम : धूमल

भाषा । नयी दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन पूरी तरह से देश में ही होगा. आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी. आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है. धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी. बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी. लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है. धूमल ने कहा कि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं.

## थड़पखना प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

- विजेता टीम को मिलेगा 12 हजार रुपये का पुरस्कार
- उर्दू स्कूल मैदान में खेले जाएंगे टूर्नामेंट के सभी मुकाबले

संवाददाता । रांची

थारपखना ऑर्फियस क्लब एवं फाइट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में थड़पखना प्रीमियर लीग का आगाज गुरुवार को होगा.

थड़पखना प्रीमियर लीग 2024 का पहला मैच गुरुवार को खेला जाएगा, वहीं लीग का फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को खेला जाएगा. थड़पखना प्रीमियर लीग 2024 के सभी मैच एचबी रोड थड़पखना उर्दू स्कूल मैदान में खेले जाएंगे.




प्रतियोगिता की विजेता टीम को 12 हजार का नगद पुरस्कार व अप विजेता टीम 6 हजार रुपये पुरस्कार के रुप में दिया जाएगा. टूर्नामेंट की इंट्री फीस 2100 रुपए रखी गई है.

एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप आज से

## झारखंड के तीन खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल

संवाददाता । रांची

नयी दिल्ली इंदिरा गांधी साइकिलिंग वेलोड्रम स्टेडियम में साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 43वीं सीनियर एवं 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन होना है. इसमें 18 देशों के 600 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेंगे. 21-26 फरवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय साइकिलिंग टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी भी शामिल किए गये हैं. झारखंड साइकिलिंग संघ महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक के मुताबिक झारखंड की सरिता कुमारी, सबीना कुमारी और नारायण महतो को भारतीय टीम में शामिल किया गया है. भारतीय साइकिलिंग टीम में कुल 42 साइकिलिस्ट राइडर शामिल हैं. एशियाई ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता



में भाग लेने वाले तीनों खिलाड़ियों ने पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी की है और पदक जीते हैं. राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड भी बना चुके हैं. झारखंड के लिए यह बहुत ही गर्व का विषय है कि यहां की दो बालिका



एवं एक बालक खिलाड़ी एशियाई खेलों में भाग ले रहे हैं. साइकलिंग खेल का यह ओलंपिक कालीफायर का आखिरी इवेंट है जिससे आने वाले समय में झारखंड के साइकिलिंग खेल को एक नई ऊंचाई मिलेगी. एशियाई




खेलों में भाग लेने वाले तीनों खिलाड़ियों को राजमहल सांसद विजय हांसदा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, संघ के वरीय उपाध्यक्ष संदीप खन्ना, समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी.

## 'लेन उल्लंघन' के कारण गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण

भाषा । तेहरान

भारत के गुलवीर सिंह ने यहां संपन्न हुई एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था. गुलवीर ने 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07.48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया था. यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है. इस भारतीय एथलीट को हालांकि बाद में 'लेन उल्लंघन' के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया. भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इस फैसले के खिलाफ अपील भी दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया. टीम के साथ गए एक कोच ने कहा कि हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर



ने लेन का उल्लंघन किया था. एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया. उन्होंने कहा कि जूरी ने बताया कि उनके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था. नियम 17.2 और 17.3 में बताया गया है कि कोई एथलीट कैसे लेन का उल्लंघन कर सकता है और किन परिस्थितियों में उसे अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है.

**राय** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने इंग्लैंड के बल्लेबाज रूट को दी सलाह, कहा-

# रूट को बैजबॉल छोड़ स्वाभाविक तरीके से खेलना चाहिए

भाषा । मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी. सीनियर बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है. वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए. ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के




- भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में संघर्ष कर रहे हैं रूट
- पिछली छह पारियों में रूट का सर्वोच्च स्कोर 29 रन है

बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है. चैपल ने 'वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स' से 'बैजबॉल' को 'बेहद खराब रणनीति' करार देते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल से रूट का रिकॉर्ड कमाल का है. वह अपने नैसर्गिक खेल से भी अपेक्षाकृत तेजी से रन बना सकते हैं. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह अपने खेल में इतना बदलाव क्यों कर रहा है. मैं कभी पहले से तय कर के शॉट खेलने की वकालत नहीं करूंगा. टेस्ट में 11,000 से ज्यादा रन बनाने वाले रूट को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर आलोचना का सामना करना पड़ा था. रूट इस प्रयास में स्लिप में कैच दे बैठे. उनके आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गयी. इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 224 रन था और टीम ने 95 रन के अंदर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिये.

### अंतिम दो टेस्ट में गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स

**राजकोट ।** भारत के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में जल्द वापसी पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत ,है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे . अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है . मैकुलम के हवाले से सोमवार को 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने कहा कि



यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है . उन्होंने कहा कि लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है . वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है . समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पैल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा . इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है .

## गत चैंपियन नोरी दूसरे दौर में

भाषा । रियो डि जिनेरियो

कैमरन नोरी ने रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को यहां पहले दौर में बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को हराकर की. दूसरे वरीय नोरी ने डेलियन को 6-3, 6-2 से हराया. नोरी ने 2023 के फाइनल में कार्लोस अल्कारेज को हराकर उलटफेर करते हुए खिताब जीता था और इस बाद भी दोनों खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने हो सकते हैं. नोरी दूसरे दौर में चिली के टॉम्स बारियोस वेरा से भिड़ेंगे. अल्कारेज स्थानीय दावेदार थियागो मोंटेइरो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका की भिड़ंत अर्जेन्टीना के फाकुंडो डैज एकोस्टा से होगी.



**रियो ओपन**
- नोरी ने डेलियन को 6-3, 6-2 से हराया
- 2023 में अल्कारेज को हराकर नोरी ने जीता था खिताब

### ब्रीफ खबरें

## मोतिहारी के 5 तस्कर अयोध्या में गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पांच तस्कर को 6 किलो चरस के साथ उत्तरप्रदेश के अयोध्या जिले के भदरसा में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने सभी तस्करों को भदरसा शहर के प्रभात नगर तिराहे से पूराकलन्दर थाना पुलिस ने जांच करते हुए उनके पास से 6 किलो चरस बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख आंकी गई है. पूराकलंदर थाना अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बातचीत के दौरान बताया कि मंगलवार की सुबह गश्त के दौरान प्रभात नगर तिराहे के पास पांच संदिग्ध दिखाई दिए, जिनकी तलाशी के दौरान चरस बरामद किया गया.

## राजद-कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ : शाहनवाज

**भागलपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को भागलपुर में कहा कि तेजस्वी यादव अभी तक घर में ही यात्रा करते थे. अब बाहर निकले हैं. अच्छी बात है मंत्री रहते वह बिहार के कई जिलों में जा नहीं पाए थे. अब मंत्री से हट गए हैं तो कम से कम दौरा करेंगे तो उनकी सेहत भी अच्छी रहेगी. चुनाव में भी उनको फायदा मिल सकता है. लेकिन एनडीए के साथियों के साथ हम लोग 400 सीट से जीतेंगे. जिसमें 10 फीसदी बिहार का हिस्सा रहेगा उन्होंने कहा कि पिछली बार राजद शून्य पर आउट हो गई थी और कांग्रेस को किसी तरह एक सीट मिली थी. लेकिन इस बार दोनों का सुपड़ा साफ है.

## पूर्व सांसद पप्पू यादव को मिली जमानत

**समस्तीपुर।** 2020 के एक मामले में पूर्व सांसद पप्पू यादव को जमानत मिल गयी. रेलवे पुल के गलत इस्तेमाल को लेकर आरपीएफ ने उनके खिलाफ केस किया था. जमानत मिलने के बाद समस्तीपुर जिला अदालत से निकले पप्पू यादव ने सरकार पर उन्हें तंग करने का आरोप लगाया. जमानत लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने बताया कि 2020 में बाढ़ पीड़ितों को मदद करने को लेकर वे थलबारा गए थे यातायात का साधन नहीं होने के कारण थलबारा रेलवे पुल पर मोटरसाइकिल से ही उस पार जाकर बाढ़ पीड़ितों को मदद की थी.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी-आईआईएम के भवन का किया वर्चुअल उद्घाटन

# 466 करोड़ से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों का होगा निर्माण

**संवाददाता ।पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया. कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े. 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य



सुविधाएं छात्रों को मिलने लगीं. मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में केंद्र सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी. राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी. मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थायी परिसर में हस्तांतरित हो गया.

मंगलवार को नवनिर्मित भवनों का प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किए जाने से अब यहां पठन-पाठन का कार्य और बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगा. आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं. 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी हैं. कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े.

## जदयू के संजय झा रास के लिए हुए निर्वाचित



**पटना।** जदयू के संजय झा राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं. निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की. सीएम नीतीश ने उन्हें जीत की बधाई दी. राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद संजय झा ने कहा कि वो मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं. उन्होंने मौका देने के लिए सीएम नीतीश कुमार का धन्यवाद किया. झा ने कहा कि बिहार में अब डबल इंजन की सरकार है. बिहार का बेस तैयार है.

### तेजस्वी ने मुजफ्फरपुर से जन विश्वास यात्रा की शुरुआत की, कहा-

# राजद केवल माई की ही नहीं, बाप की भी पार्टी है



**संवाददाता ।पटना**

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को जन विश्वास यात्रा के पहले पड़ाव पर मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी पहुंचे. यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं राजद माई (माई) की पार्टी है लेकिन आज उन लोगों को बताना है कि हमारी पार्टी राजद न सिर्फ माई (माई) की पार्टी है बल्कि ये बाप की पार्टी है. अब आपको इसका मतलब समझना होगा. यहां बी का मतलब है-बहुजन, ए का मतलब-अगड़ा, ए का मतलब-आधी आबादी, पी का मतलब-पुअर या गरीब की पार्टी है. यादव ने कहा कि हमलोग ए टू जेड वाले लोग हैं. सभी बहुजन आ गए, सभी अगड़ा लोग आ गए, आधी आबादी सभी महिलाएं आ गईं, सभी पूअर हमारे गरीब आ गए. तो ये माय के साथ ही साथ बाप की भी पार्टी है. हमलोग जोड़ने वाले लोग हैं तोड़ने वाले लोग नहीं हैं. हमलोग प्यार की बात करते हैं और एकता की बात करते हैं लेकिन भाजपा वाला लोग छोड़ना चाहता है.

**आप लोगों की ताकत चाहिए :** तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें आप लोगों की ताकत चाहिए. अगर आप ताकत देंगे तो आपके लिए जान भी दे देंगे. हमने वादा किया था की सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी देंगे. 2020 में हमें षड्यंत्र से हरवाया गया. जब 2020 में हमने कहा कि 10 लाख नौकरी देंगे तो नीतीश ने कहा कि कहां से नौकरी देंगे.अपने बाप के घर से नौकरी देंगे. आपने 17 महीने जो ताकत दिया उसमें हमने अपना वादा पूरा किया. हमने अबतक 5 लाख नौकरियां दिलवाने का काम किया और हमने देश भर में रिकॉर्ड कायम किया.

इस दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी वाला कहता है मोदी की गारंटी है. बीजेपी बताए कि नीतीश जी की गारंटी लेंगे. नीतीश जी फिर नही बदलेंगे इसकी गारंटी लेगी भाजपा. नीतीश एक साल में तीन-तीन बार पलटी मारे. हमने बिहार में बड़ी लकीर की खींच दी है. अब जो भी बात करेगा वो नौकरी की बात करेगा. हमें कोई जल्दीबाजी नहीं है. सत्ता में रहेंगे तो आपके लिए काम करेंगे. विपक्ष मे रहेंगे तो आपकी आवाज उठाएंगे.

### तेजस्वी के पहुंचने से पहले टूटा मंच



पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम के लिए बनाया गया मंच अचानक टूट गया. मंच टूटते ही अफरा-तफरी मच गई. मंच पर मौजूद कुछ राजद कार्यकर्ता चोटिल हो गए. तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में पहुंचने से थोड़ी देर पहले ही हादसा हुआ

# सनकी आशिक ने स्कूल जा रही लड़की को मारी गोली, घायल

**संवाददाता ।लखीसराय**

लखीसराय में मंगलवार को स्कूल जा रही एक लड़की को बीच रास्ते में प्रेमी ने रोक लिया और गोली मार दी. गोली लगने से लड़की घायल हो गई. इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा गया. उधर, गिरफ्तार हुए आशिक का कहना है कि उसके (प्रेमिका) बिना मेरा कुछ होना नहीं था. पूरी घटना बीरूपुर थाना क्षेत्र की पाली पंचायत के कमरपुर की है. बताया जाता है कि घायल हुई छात्रा 11वीं में पढ़ती है. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है.

### आरोपी प्रेमी के पास से कट्टा बरामद

घायल छात्रा की पहचान कमरपुर निवासी मुकेश महतो की पुत्री नीलम कुमारी के रूप में हुई है. उसके प्रेमी की पहचान कमरपुर निवासी राम इकबाल महतो के पुत्र रहिश कुमार उर्फ बंगाली कुमार के रूप में हुई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से पुलिस ने कट्टा बरामद किया है.

## लोन के नाम पर देते थे धोखा, 6 ठग गिरफ्तार

**नवादा।** मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. साइबर डीएसपी कल्याण आनंद ने कहा कि बजाज फाइनेंस और धनी फाइनेंस के नाम पर लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देते थे. लोन के बहाने उनसे ठगी कर लेते थे. साइबर डीएसपी कल्याण आनंद ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह वारिसलीगंज थाना क्षेत्र पार्वती गांव और मसूदा गांव में सक्रिय था. गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने छापेमारी की और छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों के पास से एटीएम, मोबाइल और कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं. इस मामले में इम्तियाज, सत्यम, रोशन, रामाशीष, प्रदीप और मिथिलेश को गिरफ्तार किया गया है.

# 2024 के लोस चुनाव में कांग्रेस का सफाया हो जाएगा : चिराग

**संवाददाता /जमुई।**



जमुई सांसद चिराग पासवान एनडीए के साथ बने रहेंगे. जमुई जिले के झाझा में 19 करोड़ की लागत से नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे चिराग ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का नामोनिशान नहीं रहेगा और एनडीए बिहार के साथ-साथ पूरे देश में बंपर जीत दर्ज करेगी.

नीतीश की एनडीए वापसी पर चिराग ने कहा कि नीतीश एनडीए गठबंधन में आए हैं लेकिन मैंने अपने नेता से सीखा है गठबंधन धर्म की मर्यादा को निभाना. गठबंधन धर्म की मर्यादा कहती है कि तमाम फैसले गठबंधन के हित में ही लिए जाएं. चिराग ने कहा कि गठबंधन का निर्णय है कि इस समय सब एकजुट रहें ताकि बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत का परचम लहराया जा सके. एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर चिराग ने कहा कि बातचीत चल रही है, कोई भी जानकारी पहले ही सार्वजनिक करनी ठीक नहीं. हां, इतना बता सकता हूं की इसको लेकर बातचीत बहुत ही सकारात्मक तरीके से चल रही है.

## कारोबार

## नौ परियोजनाओं के लिए कर्ज देगा जापान

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि जापान सरकार ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित नौ परियोजनाओं के लिए 232.20 अरब येन (लगभग 12,800 करोड़ रुपये) का कर्ज देने की प्रतिबद्धता जतायी है. इन परियोजनाओं में पूर्वोत्तर में सड़क नेटवर्क संपर्क, तेलंगाना में स्टार्ट-अप और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए परियोजना, चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड के निर्माण, हरियाणा में पर्यावरण अनुकूल बागवानी को बढ़ावा देने और राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बेहतर बनाने से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं.

## एनबीसीसी को निर्माण का मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी को सिक्किम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के स्थायी परिसर के निर्माण के लिए 560 करोड़ रुपये का ठेका मिला है. एनबीसीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे सिक्किम के गंगटोक के डुंग डुंग खामडोंग में एनआईटी सिक्किम के स्थायी परिसर के निर्माण का ठेका मिला है. यह ठेका 560 करोड़ रुपये का है. एनबीसीसी का मुख्य कारोबार परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) और रियल एस्टेट से जुड़ा है.

## विपुल ऑर्गेनिक्स को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** विशेष रसायन विनिर्माता विपुल ऑर्गेनिक्स को महाराष्ट्र में अपनी अंबरनाथ संयंत्र के विस्तार के लिए मंजूरी मिल गई है. कंपनी ने बयान में कहा, अंबरनाथ सुविधा में सिंथेटिक ऑर्गेनिक पिगमेंट और डाईस्टफ के साथ-साथ पिगमेंट छिड़काव, नेफ्थोल, फास्ट साल्ट और वैट डाई के विस्तार के लिए हरित मंजूरी मिल गई है. इससे उत्पादन क्षमता मौजूदा 10 टन प्रति माह से बढ़कर 508 टन प्रति माह हो जाएगी. विपुल ऑर्गेनिक्स के प्रबंध निदेशक विपुल पी. शाह ने कहा, विस्तार के साथ यह संयंत्र देश का सबसे बड़ा पिगमेंट उत्पादक बन जाएगा.

### आर्सेलर मित्तल के लक्ष्मी मित्तल और निथिया कैपिटल के जय सराफ ने दिलचस्पी दिखाई है

# स्टील बिजनेस बेचने की तैयारी में वेदांता

**भाषा ।नयी दिल्ली**




वेदांता समूह लंबे समय से भारी कर्ज के बोझ से दबी हुई है. इसे लेकर पिछले साल अनिल अग्रवाल ने बताया था कि अगले साल तक वेदांता अपने स्टील कारोबार को पूरा बेच देगी. कहा था कि स्टील कारोबार से जुड़े एसेट्स चालू वित्त वर्ष (मार्च 2024 तक) बिक जाएंगे. इसके लिए वेदांता समूह ने अपने स्टील, लौह अयस्क और संबंधित बिजनेस वैल्यूएशन और रिव्यू पिछले साल जून से ही स्टार्ट कर दिया था. अब इसी दिशा में वेदांता समूह आगे बढ़ रही है. खबर है कि अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता अपना स्टील बिजनेस बेचने जा रही है. आर्सेलर मित्तल के लक्ष्मी मित्तल ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है. लेकिन उन्हें अपने एक पुराने साथी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है. आर्सेलर मित्तल के पूर्व एग्जीक्यूटिव जय सराफ वेदांता की स्टील कंपनी ईएसएल स्टील के लिए बोली लगाने पर विचार कर रहे हैं.

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए वह एक कंसोर्टियम बना रहे हैं. इसमें निथिया कैपिटल और कुछ फाइनेंशियल इन्वेस्टर्स शामिल हो सकते हैं. मित्तल स्टील बोर्ड के एग्जीक्यूटिव मेंबर रहे सराफ ने 2010 में निथिया कैपिटल की स्थापना की थी. वेदांता के मुताबिक ईएसएल स्टील का वैल्यूएशन 10,000 करोड़ है लेकिन उसे इससे कम पर समझौता करना पड़ सकता है. भारत में लिस्टेड वेदांता लिमिटेड के स्वामित्व वाली ईएसएल स्टील की वर्तमान क्षमता 1.5 मिलियन टन है और उसका लक्ष्य इसे दोगुना करना है. सराफ और निथिया कैपिटल का विभिन्न देशों में मुसीबत में फंसे स्टील संयंत्रों को सफलतापूर्वक चालू करने का ट्रैक रिकॉर्ड है. सराफ का कदम उन्हें अपने पूर्व एम्प्लॉयर के साथ प्रतिस्पर्धा में ला सकता है. आर्सेलर मित्तल भी ईएसएल के लिए बोली लगाने पर विचार कर रहा है. हालांकि, वैल्यूएशन में अंतर के कारण आर्सेलर मित्तल के साथ चर्चा को रोक दिया गया है. सराफ, निथिया कैपिटल और आर्सेलर मित्तल ने इस बारे में कुछ नहीं दिया कहा. कर्ज में डूबी वेदांता ने अपने नॉन-कोर एसेट्स को बेचने की घोषणा की है.

वेदांता कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसके स्टील बिजनेस में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने दिलचस्पी मिली है. अगले कुछ महीनों में डील होने की उम्मीद है. सराफ और निथिया के सह-संस्थापक जोहान्स सिटार्ड पहले मित्तल स्टील में एक साथ काम करते थे. इस दौरान उन्होंने कई देशों में मुसीबत में फंसे स्टील संयंत्रों को सफलतापूर्वक चालू किया था. 2021 में निथिया कैपिटल ने आईबीसी में उत्तम गैल्वा के स्टील बिजनस को खरीदने के लिए कारवाल के साथ भागीदारी की थी.

### बिकेगा ईएसएल

- लक्ष्मी मित्तल ने इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है
- इजय सराफ ने 2010 में निथिया कैपिटल स्थापित की थी
- ईएसएल स्टील का वैल्यूएशन ₹10,000 करोड़ है

वेदांता ने 2018 में 5,320 करोड़ में ईएसएल स्टील का अधिग्रहण किया और अब इसे बिक्री के लिए रखा है. वेदांता लिमिटेड ने विभिन्न व्यवसायों को अलग करने के लिए छह सूचीबद्ध इकाइयां बनाने की योजना की घोषणा की है. कंपनी पर 20,000 करोड़ का कर्ज है. वेदांता ने इससे पहले भी साल 2022 के अंत में ईएसएल स्टील को बिक्री के लिए रखा था लेकिन उसने इस योजना को छोड़ दिया था. तब यह कहा गया कि कंपनी के टर्नअराउंड का काम पूरा नहीं हुआ है और ज्यादा वैल्यूएशन नहीं मिलेगा. फिर पिछले साल वेदांता ने अपने स्टील बिजनेस को बिक्री के लिए रखा.

## जनवरी में 46.7 लाख निवेशकों ने खाते खोले



**नयी दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग का आकार जनवरी माह के दौरान 46.7 लाख निवेशकों के खाते जुड़ने से बढ़ गया. इसके पीछे म्यूचुअल फंड के बारे में बढ़ती जागरूकता और डिजिटलीकरण के माध्यम से लेनदेन सुगम होने की अहम भूमिका रही है.

जनवरी में खुल म्यूचुअल फंड के नए खातों की संख्या वर्ष 2023 के औसत मासिक आंकड़ों की तुलना में दोगुना से भी अधिक है. बीते साल प्रति माह औसतन 22.3 लाख खाते खुले थे. म्यूचुअल फंड उद्योग के निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खातों की संख्या बढ़ने से उद्योग के म्यूचुअल फंड खातों की कुल संख्या 16.96 करोड़ हो गई है. यह एक साल पहले पंजीकृत 14.28 करोड़ खातों की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है. दिसंबर, 2023 में दर्ज कुल 16.49 करोड़ खातों की तुलना में जनवरी, 2024 में लगभग तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है. म्यूचुअल फंड फोलियो व्यक्तिगत निवेशक खातों के लिए निर्दिष्ट संख्याएं हैं. एक निवेशक के पास कई फोलियो भी हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि नए निवेशकों में नई पीढ़ी के युवाओं की तादाद काफी ज्यादा है.

### यूआईडीएआई ने दी सफाई

## नहीं किया गया है कोई आधार नंबर रद्द

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

आधार नंबर जारी करने वाली नोडल एजेंसी यूआईडीएआई ने स्पष्ट किया है कि कोई भी आधार नंबर को रद्द नहीं किया गया है. यूआईडीएआई ने कहा कि आधार के डेटाबेस को अपडेट करने के लिए समय समय पर लोगों को सूचित किया जाता है लेकिन किसी भी आधार नंबर को कैंसल नहीं किया गया है.


यूआईडीएआई ने अपने वेबसाइट पर ग्रीवांस और फीडबैंक पेज पर लिखा कि, डिजिटल आइडेंटिटी के तौर पर आधार का इस्तेमाल किया जाता है जिसके जरिए सब्सिडी, बेनेफिट्स और सर्विसेज ली जाती है. ऐसे में आधार डेटाबेस को सही बनाये रखने के लिए यूआईडीएआई ने डॉक्यूमेंट्स और आधार की जानकारी अपडेट करने के लिए कई तरह के अभियान चलाये हैं. इसके लिए लोगों को समय समय पर आधार नंबर होल्डर्स को सूचित किया जाता है.

ऐसे में ये स्पष्ट किया जाता है कोई भी आधार नंबर को रद्द नहीं किया है. यूआईडीएआई ने कह कि आधार नंबर होल्डर को कोई शिकायत है तो वे अपना फीडबैक यहां सबमिट कर सकते हैं. उनके शिकायतों का निराकरण किया जाएगा.

### शेयर मार्केट बाजार में लगातार छठे दिन तेजी, सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में आई तेजी

# सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर नया रिकॉर्ड

**एजेंसी।मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. बैंक और चुनिंदा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई. उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे. पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया. प्रमुख सूचकांक नुकसान में खुले लेकिन निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से बाजार नुकसान से उबरा और लगातार छठे कारोबारी सत्र में लाभ में रहा.

**छह कारोबारी सत्रों में निफ्टी 580 अंक हुआ मजबूत :** पिछले छह कारोबारी सत्रों में निफ्टी 580 अंक जबकि सेंसेक्स 1,984 अंक मजबूत हुआ है. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर है. तेजी का कारण बैंक शेयरों में लिवाली है. निजी क्षेत्रों के बैंकों में हाल की गिरावट के बाद तेजी लौटी है.

सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड सबसे ज्यादा 4.16 प्रतिशत के लाभ में रही. कंपनी के निदेशक मंडल ने पारेषण परियोजनाओं में 656 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है. उसके बाद कंपनी का शेयर चढ़ा. निजी बैंकों में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे. इसके अलावा एनटीपीसी, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी तेजी रही. दूसरी तरफ आईटी शेयरों में टीसीएस सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत के नुकसान में रही. इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस और विप्रो में भी गिरावट रही.

बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.17 प्रतिशत नीचे आया जबकि स्मॉलकैप में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही. विश्लेषकों ने कहा कि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में गिरावट से पता चलता है निवेशक उच्च मूल्यांकन के कारण सतर्क रुख अपना रहे हैं. एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे.

## वित्त मंत्री अगले हफ्ते करेंगी मुलाकात



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नियामकीय मानकों के सख्त अनुपालन के मुद्दे पर अगले हफ्ते वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी. सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीतारमण की फिनटेक कंपनियों के प्रमुखों के साथ होने वाली यह बैठक अग्रणी वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी पेटीएम के मुश्किलों में फंसने के बीच होगी.

इस बैठक में आरबीआई, वित्त मंत्रालय और उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है. उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सख्त निर्देशों का सामना करना पड़ा है.

## ब्रीफ खबरें

### आप विधायक खान की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** आप के ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी उनके खिलाफ दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच र रही है. उनकी जमानत याचिका पर अदालत ने एजेंसी को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय भी दिया है. अब इस मामले की सुनवाई 24 फरवरी को रखी गई है. अदालत ने सोमवार को विधायक की जमानत याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक नोटिस जारी किया था.

### लोन दिलाने के नाम पर 65.73 लाख की ठगी

**ठाणे।** नवी मुंबई के पांच लोगों को महंगे फोन और कार पर छूट का झांसा देकर कथित तौर पर 65.73 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों ने खुद को एक नामी कंपनी का कर्मचारी बताया था. कामोठे पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पीड़ितों को 40 दिनों में कंपनी के कूपन के माध्यम से छूट पर फोन और कार दिलाने का झांसा देकर रकम निवेश करने का लालच दिया था.

### नौ दिन से था लापता फिर मृत मिला छात्र


**राजस्थान।** कोटा में एक तरफ प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है और दूसरी तरफ छात्रों के सुसाइड का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. इस साल की शुरुआत में ही पांच छात्र अपनी जान दे चुके हैं. नौ दिन पहले लापता हुआ छात्र रचित का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. नौ दिन बाद रचित का शव गड़रिया महादेव मंदिर के पास जंगल में मिला है. नौ दिन बाद जिस तरह जंगल में रचित का शव बरामद हुआ है, अब उसकी मौत एक पहेली बन गई है.

### बनभूलपुरा से कर्फ्यू पूरी तरह से हटा

**देहरादून।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में दंगा प्रभावित बनभूलपुरा क्षेत्र से मंगलवार तड़के कर्फ्यू पूरी तरह से हटा लिया गया. बनभूलपुरा में एक अवैध मदरसे को गिराने के बाद हुई हिंसा के कारण पिछले 12 दिनों से कर्फ्यू लगा हुआ था. आधिकारिक आदेश के अनुसार, कर्फ्यू तड़के पांच बजे हटा लिया गया. क्षेत्र में कर्फ्यू के दौरान प्रशासन ने अलग-अलग अवधि के लिए छूट दी थी. बनभूलपुरा में आठ फरवरी को मदरसे पर कार्रवाई के बाद हिंसा भड़क गई थी.

### बलिया में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

**बलिया (उप्र)।** बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के गोठाई तिलकारी गांव के समीप ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो मजदूर और दो बाइक सवारों सहित कुल चार लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी मंगलवार को दी है. अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के गोठाई तिलकारी गांव के समीप सोमवार रात लगभग साढ़े दस बजे ट्रैक्टर और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गयी.





मिस वर्ल्ड 2024 भारत में आयोजित हो रहा है. 18 फरवरी से लेकर 9 मार्च के बीच इसके सारे कंपीटिशंस भारत के अलग-अलग शहरों में आयोजित किए जाएंगे. दिल्ली में ओपनिंग सेरेमनी तो फिनाले मुंबई में होगा. मंगलवार को दिल्ली में इसके प्रारंभिक राउंड आयोजित किए गए, जिसमें सुंदरियों ने जलवा बिखेरा.

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत

**सुलतानपुर (उप्र) :** सुलतानपुर जिले की सांसद-विधायक अदालत ने केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से संबंधित मानहानि मामले में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को जमानत दे दी. राहुल अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त होने के कारण 18 जनवरी को सांसद-विधायक विशेष अदालत की पिछली सुनवाई में शामिल नहीं हो सके थे. गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि राहुल सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश योगेश यादव के समक्ष पेश हुए और 'बेल बॉण्ड' भरने के बाद 25-25 हजार रुपये के दो मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी गई. शुक्ला ने बताया कि मामले में अगली सुनवाई दो मार्च को होगी.

### मराठा आरक्षण बिल महाराष्ट्र विस से पास

# सरकारी नौकरियों में 10% रिजर्वेशन का प्रावधान

एजेंसी । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को मराठा आरक्षण पर मुहर लग गई है. विधानसभा से यह बिल सर्वसम्मति से पारित हो गया है. इस बिल में 10 फीसदी मराठा आरक्षण की सिफारिश की गई है. इससे मराठा समुदाय को शिक्षा और नौकरियों में रिजर्वेशन का लाभ मिलेगा. यह बिल अब विधान परिषद में रखा जाएगा. मराठा आरक्षण को लेकर मंगलवार को विधानमंडल का विशेष सत्र आयोजित किया गया है. इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण बिल को सर्वसम्मति और पूर्ण बहुमत से पारित करने की अपील



की. हालांकि, विपक्षी नेताओं के साथ-साथ सत्ता पक्ष से एकमात्र सदस्य, एनसीपी नेता और मंत्री छगन भुजबल बिल पर आपत्ति जताने के लिए खड़े हुए. वहीं, विपक्षी नेता विजय वडेट्टीवार ने बिल पर सहमति जताई है. बिल के ड्राफ्ट के मुताबिक, सरकार ने मराठा समुदाय को 10 फीसदी हिस्सेदारी दी है. विधेयक के मसौदे के अनुसार, आयोग ने 16 फरवरी 2024 को अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी थी.

### पीएम ने जम्मू में 32,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, बोले-

# भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी

जम्मू/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है. विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है. उन्होंने जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है. प्रधानमंत्री जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे. प्रधानमंत्री ने डोगरी में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए वादा किया कि कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चुकेगा. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी. जनसभा में मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा रखा. परिवारवाद की राजनीति को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक झूठ बोला है. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की.

> सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है



**जम्मू-कश्मीर परिवारवाद की राजनीति का शिकार रहा है :** प्रधानमंत्री ने पूर्व सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो सरकार अपने परिवारों के बारे में चिंतित है वह राज्य के युवाओं के बारे में नहीं सोचती. प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर दशकों तक परिवारवाद की राजनीति का शिकार रहा है. उन्होंने कहा कि परिवारवाद की राजनीति का सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं को हुआ है. ऐसी परिवारवादी सरकारें युवाओं के लिए योजनाएं बनाने पर भी प्राथमिकता नहीं देती. उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जम्मू-कश्मीर को इस परिवार राजनीति से मुक्ति मिल रही है. उन्होंने कहा कि आज हम एक नया जम्मू-कश्मीर बनते हुए देख रहे हैं. प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 की थी, इस दीवार को भाजपा सरकार ने हटा दिया है. अब जम्मू कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है.

**50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय स्थापित हुए अकेले जम्मू-कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए. मोदी ने कहा कि धारा 370 जम्मू-कश्मीर के विकास में मुख्य बाधा थी, भाजपा सरकार ने इसे हटा दिया. उन्होंने कहा कि जब मैं लखपति दीदी की बात करता हूं, तो दिल्ली के एसी कमरों में बैठकर जो दुनियाभर की गंध उछालते रहते हैं, उनके गले से उतरता ही नहीं हैं कि कोई गांव में लखपति दीदी बन सकता है. सायना जी आपने ये करके दिखाया है, अब उन्हें समझ आएगा कि ये हो सकता है.

### 'आपके सपने मोदी पूरा करेगा'

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है. उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम विकसित जम्मू-कश्मीर बनाकर रहेंगे. उन्होंने कहा, आपके सपने पिछले 70 साल से अधूरे हैं. हालांकि आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा. प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ बम, अपहरण और अलगाव की निराशाजनक खबरें ही आती थीं. उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है. आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने सभी को बता दिया है कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी. मोदी ने कहा कि मैंने इस जगह पर 2014 में जो वादा किया था उसे पूरा किया. आज हमारे पास जम्मू में आईआईटी और आईआईएम हैं. यही कारण है कि लोग कहते हैं कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरी करने की गारंटी है.

### भाजपा नेता शुभेंदु पहुंचे संदेशखाली, जाना हाल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा संकटग्रस्त क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति दिए जाने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी मंगलवार को राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली पहुंचे. पुलिस ने इससे पहले दिन में राज्य की विधानसभा में विपक्षी नेता अधिकारी को संकटग्रस्त क्षेत्र में जाने से रोक दिया था जहां निषेधाज्ञा लागू की गई है. अधिकारी ने कहा, न्यायालय की एक खंडपीठ के आदेश का पालन करते हुए पुलिस ने अब मुझे और मेरे साथी भाजपा विधायक को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है. उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा उन्हें धमखाली नौका घाट तक ले जाया गया जहां से उन्होंने संदेशखालि पहुंचने के लिए नाव से कालिंदी नदी को पार किया.

### ईडी ने एसएससी घोटाले में एक को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस व्यक्ति को पहले 2022 में इसी मामले में गिरफ्तार किया था और बाद में उसे रिहा कर दिया गया था. ईडी के अधिकारियों ने इस व्यक्ति से कम से कम 10 घंटे तक पूछताछ की और न्यू टाउन में उसके घर तथा कार्यालय पर तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया. ईडी के अधिकारी ने कहा, आरोपी को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया.

# मौर्य ने सपा और विप की सदस्यता से दिया इस्तीफा

एजेंसी । लखनऊ



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव पद से त्यागपत्र देने के एक सप्ताह बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. मौर्य ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर खुद यह जानकारी दी. उन्होंने 'एक्स' पर अखिलेश यादव और विप के सभापति के नाम संबोधित त्यागपत्र के अलग-अलग पन्नों को साझा किया है. मौर्य ने यादव को लिखे पत्र में कहा, आपके नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ किंतु 12 फरवरी को हुई वार्ता और 13 फरवरी को प्रेषित पत्र पर किसी भी प्रकार की वार्ता के लिए पहल नहीं करने के बाद मैं त्यागपत्र दे रहा हूं.

### नौका को रोके जाने पर ताइवान ने विरोध जताया

**ताइपे।** किनमेन द्वीपसमूह के पास चीन द्वारा एक पर्यटक नौका को रोके जाने पर ताइवान ने मंगलवार को विरोध जताया जिससे द्वीप में तनाव बढ़ गया है. किनमेन द्वीप चीन के तट से कुछ ही दूरी पर है, लेकिन इस पर ताइवान का नियंत्रण है. मीडिया की खबरों में बताया गया कि 11 चालक दल और 23 यात्रियों को ले जा रही नौका 'किंग जिया' को चीनी तट रक्षक ने सोमवार को लगभग 32 मिनट तक रोके रखा. बाद में ताइवान के तट रक्षक नौका को वापस किनमेन ले आये. ऑशन अफेयर काउंसिल मंत्री कुआन बी लिंग ने मंगलवार को कहा कि इस घटना ने हमारे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई, लोगों में दहशत पैदा हो गई. प्रधानमंत्री चेन चिएन-जेन ने कहा कि जनवरी में ताइवान में आयोजित हुये राष्ट्रपति के चुनाव के बाद चीन की सैन्य गतिविधियों के कारण क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है.

# ईडी एक मार्च तक वानखेड़े को नहीं करेगी गिरफ्तार

एजेंसी । मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह धनशोधन मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े को एक मार्च तक गिरफ्तार नहीं करेगी.

न्यायमूर्ति पीडी नायक और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की खंडपीठ ने ईडी का बयान स्वीकार कर लिया और इस मामले के खिलाफ वानखेड़े की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख एक मार्च तय की. खंडपीठ ने ईडी को उसी दिन ईसीआईआर (शिकायत) की प्रति पेश करने का निर्देश दिया. ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की



प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था. सीबीआई की यह प्राथमिकी मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान को छोड़ने के लिए सुपरस्टार (शाहरूख) के परिवार से कथित रूप से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने से संबंधित है. इस माह के प्रारंभ में वानखेड़े ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर ईडी का यह मामला खारिज करने का अनुरोध किया था.

### एंटी-सैटेलाइट अंतरिक्ष यान के लिए खतरा

एजेंसी । पोर्ट्समाउथ (यूके)

एक ऐसे हफ्ते में जब वाशिंगटन में राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्र में आ गई है, व्हाइट हाउस ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसके पास सबूत हैं कि रूस अंतरिक्ष-आधारित परमाणु उपग्रह विरोधी हथियार विकसित कर रहा है. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं को बताया कि व्हाइट हाउस का मानना है कि रूस का कार्यक्रम परेशान करने वाला है, बावजूद इसके कि किसी की सुरक्षा को कोई तत्काल खतरा नहीं है. समस्या यह है कि, यह किस प्रकार का हथियार है, इसके आधार पर, इसके उपयोग के परिणाम अंधाधुंध हो सकते हैं सभी के उपग्रहों को खतरा हो सकता है और अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे से आने वाली महत्वपूर्ण सेवाओं में रुकावट आ सकती है.

### सपा ने घोषित किये पांच और उम्मीदवारों के नाम

# धर्मेंद्र की जगह शिवपाल को बनाया बदायूं से प्रत्याशी

भाषा। लखनऊ


समाजवादी पार्टी (सपा) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की पांच और लोकसभा सीटों के अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. पार्टी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव को बदायूं सीट से उम्मीदवार बनाया है. सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि पार्टी ने पांच और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं. शिवपाल सिंह यादव को पूर्व में घोषित धर्मेंद्र यादव के स्थान पर बदायूं से टिकट दिया गया है.

शिवपाल इस वक्त जसवंतनगर सीट से सपा के विधायक हैं. उन्होंने बताया कि पार्टी ने कैराना सीट से विधायक नाहिद हसन की बहन इकरा हसन को कैराना लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है. इसके अलावा बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत और वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है.

चौधरी ने बताया कि पार्टी अब तक 31 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है. सपा ने इससे पहले 30 जनवरी को उत्तर प्रदेश की 16 लोस सीटों पर और 19 फरवरी को 11 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किये थे. पहली सूची में बदायूं सीट पर घोषित उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को बदलकर अब शिवपाल यादव को उम्मीदवार बनाया गया है. उन्होंने बताया कि पार्टी ने पूर्व में आजमगढ़ लोस उपचुनाव लड़ चुके धर्मेंद्र यादव को इसी सीट का प्रभारी बनाया है.

### जाने-माने अभिनेता ऋतुराज सिंह का निधन

**मुंबई।** टेलीविजन शो 'अनुपमा' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया'



सहित कई फिल्मों में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का उनके घर पर मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. यह जानकारी उनके करीबी दोस्त ने साझा की है. वह 59 वर्ष के थे. पेट की शिकायत के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी. उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि सोमवार रात 12:30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया. उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं. ऋतुराज सिंह टीवी सीरियल के साथ-साथ ओटीटी शो में भी जाना पहचाना चेहरा थे.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# डिप्लोमा इन प्रिंटिंग का कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद।

डिप्लोमा प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है. यह कोर्स आपको प्रिंटिंग प्रेस के संचालन, इसे किस प्रकार डिजाइन किया गया है और इंजीनियरिंग के माध्यम से डेवलपमेंट की प्रक्रिया के बारे में जानने में मदद करता है. इस कार्यक्रम की सहायता से आप प्री-प्रेस प्रक्रिया और पोस्ट प्रेस प्रक्रिया के साथ साथ प्रिंटिंग टेक्निक की सभी बुनियादी प्रक्रियाओं को सीखेंगे. इस कोर्स को करने के बाद आप उन सभी छोटी बड़ी जगहों पर कार्य कर सकते हैं जहां प्रिंटिंग से जुड़ा कार्य किया जाता है जैसे कि प्रिंटिंग प्रेस, कमर्शियल प्रिंटिंग प्रेस, पैकेज प्रिंटिंग प्रेस और सरकारी प्रिंटिंग प्रेस आदि.



### भारतीय यूनिवर्सिटी के लिए आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की.

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी
- सिंघानिया यूनिवर्सिटी, झुंझुनूं
- आरसी टेक्निकल इंस्टिट्यूट, अहमदाबाद
- महाराष्ट्र इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, पुणे
- गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, मुंबई
- नॉर्दन रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, प्रयागराज
- अरसन जेनसन पॉलिटेक्निक कॉलेज, मीनाचीपुरम
- महाराष्ट्र मुद्रण परिषद इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, नवी मुंबई
- मोतीचंद लेंगडे भारतेश पॉलिटेक्निक, बेलगाम
- सिवाकसी इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, अनैकुत्तम
- सिगा पॉलिटेक्निक कॉलेज

### कॅरियर विकल्प

- न्यूजपेपर प्रिंटिंग प्रेस
- कमर्शियल प्रिंटिंग प्रेस
- पैकेज प्रिंटिंग प्रेस
- गवर्नमेंट प्रिंटिंग प्रेस
- सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस
- पब्लिशिंग हाउस
- एडवरटाइजिंग एजेंसीज
- पैकेजिंग इंडस्ट्री
- डिजिटल प्रिंटिंग कंपनीज



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)